वर्ष- 12 अंक - 168
लखनऊ, गुरुवार 06 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विश्वस्तरीय सुविधाओं से जुड़ेंगे पॉलिटेक्निक कॉलेज 03
घुसपैठ पर अंकुश लगाकर आतंक के खिलाफ कार्रवाई करें सुरक्षा एजेंसी 12


## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ में भगदड़ की जांच शुरू, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** विगत 29 जनवरी को कुम्भ मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना के सम्बन्ध में भिन्न व्यक्तियों से जांच आयोग द्वारा जानकारी मांगी गई है। जानकार लोग अपना कथन, अधिमानतः शपथ पत्र 10 दिवस के भीतर कमरा नं-108, प्रथम तल, विकास भवन जनपथ हजरतगंज लखनऊ, यूपी 226001 व ई-मेल फोन न0-05222613568 पर दे सकेंगे। सचिव जांच आयोग ने आज जानकारी देते हुए बताया कि विगत 29 जनवरी को महाकुम्भ, प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दौरान मेला क्षेत्र में हुई भगदड़ की घटना में कतिपय श्रद्धालुओं के सम्बन्ध में घटित अप्रिय घटना की आयोग द्वारा जांच की जा रही है। विगत 29 जनवरी को कुम्भ मेला क्षेत्र में हुई आकस्मिक घटित अप्रिय घटना के सम्बन्ध में न्यायमूर्ति हर्ष कुमार पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अध्यक्षता मे 03 सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है जिसमे सदस्य वीके गुप्ता व दिनेश कुमार सिंह हैं।

### लाल निशान में बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली।** मंगलवार की जोरदार तेजी के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में दबाव के साथ कारोबार होता नजर आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन के साथ शुरू किए गए टैरिफ वॉर और आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के पहले घरेलू शेयर बाजार में आज निवेशक सतर्क मुद्रा में रहे। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में पहुंच गए। खरीदारों ने बीच-बीच में कई बार लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार रिकवरी करने में सफल नहीं हो सका।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर दस किलो सोने के साथ दो धरे गए

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने मिलान से नई दिल्ली लौटे दो लोगों को सोने की तस्करी के आरोप में पकड़ा है। इन लोगों ने कस्टम विभाग से बचने के लिए दो विशेष रूप से डिजाइन की गई कमर बेल्ट और प्लास्टिक के लिफाफे में सोने के सिक्कों को छिपाया हुआ था। कस्टम के अधिकारियों ने जब दोनों को खोला तो उसके अंदर से 10.092 किलो सोने के सिक्के बरामद हुए। बरामद सोने की कीमत लगभग 7.8 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### इस्माइली मुसलमानों के मसीहा आगा खान का निधन

**हैदराबाद।** दुनिया भर में फैले लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता पद्मविभूषण प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का मंगलवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अरबपति आध्यात्मिक नेता की चैरिटी संस्था 'आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क' ने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि श्री खान ने लिस्बन (पुर्तगाल) में अंतिम सांस ली। उनके उत्तराधिकारी के बारे में बाद में एलान किया जाएगा। वह 20 वर्ष की उम्र में इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बने थे। वह बहुत लोकप्रिय शख्सियत थे। इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अस्पतालों और स्कूलों के लिए अपनी पूरी संपत्ति दान कर दी थी।

# मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में 65 प्रतिशत मतदान

## छिटपुट घटनाओं के साथ उपचुनाव सम्पन्न, विरासत पर हावी हुई सियासत- अयोध्या की अस्मिता और पीडीए में दिखा घमासान

**80 से लेकर 100 वर्ष तक के वृद्ध ठेला व गाड़ियों से मतदान के लिए पहुंचे**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव में सभी 414 मतदेय स्थलों 65.35 प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के साथ मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तस्वीर लगभग साफ होती दिखाई पड़ रही है। यहां पर विरासत बचाने के लिए उतरे सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे व समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए गए अजीत प्रसाद का चुनाव फंसता दिखाई दे रहा है। उनके ऊपर अयोध्या की अस्मिता बनाम पीडीए की लड़ाई में अयोध्या की अस्मिता हावी होती दिखाई पड़ रही है जबकि भाजपा से चन्द्र भानु पासवान मजबूती से डटे हुए हैं।

मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं से की गई बातचीत में यह सामने आया कि यह चुनाव अयोध्या की अस्मिता और मर्यादा के सामने विरासत बौनी साबित हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के बकचूना, अमावां सूफी, जयराजपुर, भवन नगर, इछोई, अटेसर आदि ग्राम पंचायतों में समाजवादी पार्टी का एजेंट तक मौजूद नहीं था। सपा कार्यकर्ता इधर-उधर गांव में घूमते नजर आए। मतदान का उत्साह इस कदर हावी रहा की 80 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक के वृद्ध ठेला और गाड़ियों पर बैठकर मतदान के लिए निकले। भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जबकि सपा वर्कर ढीले-ढाले नजर आए। इस बार मतदान के पुराने सभी आंकड़े टूट गये। यहाँ इसके पहले हुए उपचुनाव में 63 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था जो इस चुनाव में टूटता नजर आ रहा है। अमानीगंज, मिल्कीपुर और हैरिंग्टनगंज विकास खंड से मिलकर बनी मिल्कीपुर विधानसभा का वोटिंग पैटर्न तीनों विकास खण्डों में अलग-अलग देखने को मिला है। जहां अमानीगंज विकासखंड में भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ बहुत तेज़ दिखाई पड़ रहा था, तो मिल्कीपुर में भी भाजपा लीड लेती साफ दिख रही थी। अलबत्ता हैरिंग्टनगंज विकासखंड में ही सपा और भाजपा में कांटे की टक्कर रही। लेकिन यहां भी कई पोलिंगों पर भाजपा का दबदबा दिखा।





### बूथों पर ईवीएम खराबी और वोट करने से रोकने का आरोप

इस दौरान सपा ने कई बूथों पर ईवीएम खराब होने, सपा के बूथ एजेंट से बदसलूकी करने और मतदान से रोकने का आरोप लगाया है और इसकी जानकारी एक्स पर भी दी है। सपा ने एक्स पर कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा के बूथ संख्या 52 एवं 61 पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान प्रभावित हो रहा है।यह भी कहा कि बूथ संख्या 43, 44, 45 और 46 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा समाजवादी पार्टी की एजेंट को पोलिंग स्टेशन के बाहर निकाला गया। टिंडौली ग्राम सभा के बूथ संख्या 146 पर ईवीएम खराब होने की सूचना, बूथ संख्या 106, 107 ,108 पर सपा के बूथ एजेंट को भगाया गया। मतदान करने से रोका गया।

### फर्जी वोट डलवा रहे भाजपा के लोग : अजीत प्रसाद

मिल्कीपुर सीट पर सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने मतदान के बाद कहा कि भाजपा के लोग चुनाव जीतने के लिए गड़बड़ी कर रहे हैं। लोगों को धमकाया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं को बूथों से भगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद जनता हमारे साथ है और साइकिल को देख रही है। इस सीट पर सपा की जीत होगी। ग्राम प्रधान से विवाद का वीडियो वायरल होने पर उन्होंने कहा कि मुझे सूचना मिली कि भाजपा के लोग फर्जी वोटिंग करवा रहे हैं। इसकी शिकायत लोगों ने भी मुझसे की थी तब मैंने कहा था कि तुम बाहर जाओ। भाजपा ने फ़र्जी वोटिंग के लिए बाहर से वोटर बुलवाए हैं। हमारी जीत का मार्जिन भले ही कम हो सकता है पर सपा की जीत होगी।

### भाजपा मिल्कीपुर विस उपचुनाव हार रही : माता प्रसाद पांडेय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का दावा है कि हार के डर से भाजपा फर्जी वोटिंग कराने का प्रयास कर रही है। समाजवादी पार्टी ने यह भी दावा किया है कि बूथों पर उनके एजेंटों को डरा कर भगाया जा रहा है। इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेता माता प्रसाद पांडेय ने बात की। माता प्रसाद पांडेय ने कहा, मिल्कीपुर चुनाव में लोकतांत्रिक जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से केंद्रित है। सरकार को एहसास हो गया था कि वे मिल्कीपुर चुनाव आसानी से नहीं जीत पाएंगे। इसलिए हर बूथ पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। हमारे पास बहुत सारी शिकायतें आई हैं। कई बूथों पर हमारे एजेंटों को डरा कर भगा दिया गया है। फर्जी वोटिंग की कई शिकायतें आई हैं। हार के डर से भाजपा यह सब कर रही है, लेकिन मिल्कीपुर की जनता ने तय कर लिया है कि इस सीट पर समाजवादी पार्टी को ही जिताना है।

### चुनाव आयोग तुरंत मतदान से जुड़ी तस्वीरों का ले संज्ञान : अखिलेश



मिल्कीपुर सीट पर हो रहे उपचुनाव में गड़बड़ी की शिकायत सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भी की है। अखिलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। ये अप्रत्यक्ष रूप से मतदाताओं में भय उत्पन्न करके मतदान को प्रभावित करने का लोकतांत्रिक अपराध है। ऐसे लोगों को तुरंत हटाया जाए और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# दिल्ली विस चुनाव : 58 प्रतिशत वोटर्स ने किया मताधिकार का प्रयोग



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मतदान के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर में एक मतदान केन्द्र पर वीवीपैट में गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट तक मतदान प्रकिया रुकी रही। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने इसी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

भाजपा ने सीलमपुर में मुस्लिम महिलाओं पर बुर्के पहनकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके अलावा कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली पुलिस ने ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी विधायक एवं उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान के खिलाफ जामिया नगर थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

### दिग्गजों ने भी किया मतदान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया।

# 12 और 26 फरवरी को अवकाश घोषित, बंद रहेंगे स्कूल व दफ्तर

**यूपी बेसिक शिक्षा परिषद ने घोषित किया सार्वजनिक अवकाश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद की अवकाश तालिका के मुताबिक फरवरी माह में दो महत्वपूर्ण सार्वजनिक अवकाश घोषित किए गए हैं। 12 फरवरी और 26 फरवरी को बेसिक शिक्षा परिषद से संबद्ध विद्यालयों में अवकाश रहेगा, जबकि 26 फरवरी को बैंक भी बंद रहेंगे। यह अवकाश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1981 के अंतर्गत घोषित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 12 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्यभर के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित एवं मान्यता प्राप्त कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालय बंद रहेंगे। संत रविदास भारतीय भक्ति आंदोलन के महत्वपूर्ण संतों में से एक थे, और उनकी जयंती हर साल श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे स्कूलों में छुट्टी दी जाती है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### गोरखपुर जेल से रिहा हुआ पाक कैदी, कड़ी सुरक्षा में दिल्ली रवाना

**लखनऊ ।** गोरखपुर जिआफ्ला कारागार में बंद पाकिस्तानी कैदी मो. मसरूफ उर्फ गुड्डू की रिहाई की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बुधवार सुबह नौ बजे बहराइच एलआईयू की टीम उसे कड़ी सुरक्षा में लेकर दिल्ली रवाना हो गई। उसे पाकिस्तानी दूतावास को सौंपा जाएगा। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सात फरवरी को उसे अटारी बार्डर पर पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएअलगा। कराची पाकिस्तान के रहने वाले मो. मसरूफ को 2008 में बहराइच पुलिस ने जासूसी, देशद्रोह, जालसाजी और साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। 2013 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिकी विमान

**चंडीगढ़/अहमदाबाद।** अमेरिकी वायुसेना का विमान सी-17 बुधवार दोपहर को अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर पहुंचा। यह अवैध प्रवासी भारतीयों का पहला जत्था है। इस विमान में पहुंचे प्रवासी भारतीयों की संख्या की आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं दी गयी है, लेकिन एयरपोर्ट के सूत्रों ने इनकी संख्या 104 बतायी है। अमेरिका ने करीब 18 हजार ऐसे भारतीयों की पहचान की है, जो वहां कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे हैं। सभी को भारत भेजा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, प्रवासी भारतीयों में गुजरात के 33, पंजाब के 30, उत्तर प्रदेश के तीन, हरियाणा के 33, चंडीगढ़ के दो, महाराष्ट्र के तीन लोग शामिल हैं।

# आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में टॉप थ्री में पहुंचे अभिषेक शर्मा व स्पिनर वरुण चक्रवर्ती

एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी ने बुधवार को पुरुषों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की है। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेले गई टी20 सीरीज में भारतीय टीम की 4-1 से जीत में अहम किरदार निभाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बड़ी छलांग लगाई है।

वानखेड़े स्टेडियम में सीरीज के अंतिम मैच में अभिषेक की 54 गेंदों पर खेली गई 135 रनों की शानदार पारी ने उन्हें 38 स्थानों की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की है, जिससे वह हमवतन तिलक वर्मा से आगे निकल गए हैं और केवल ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड से पीछे हैं। तिलक वर्मा एक स्थान नीचे खिसकर तीसने स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती भी तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज के आखिरी दो मैचों में दो-दो विकेट लिए हैं। सीरीज में उनके कुल 14 विकेटों ने उन्हें इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।



### टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान

अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान टी-20 क्रिकेट में दुनिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि मंगलवार रात एसए 20 में एमआई केप टाउन की ओर से खेलते हुए पर्ल रॉयल्स के खिलाफ हासिल की। उन्होंने डुनिथ वेललेज को क्लीन बोल्ड किया और इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा लिया। राशिद ने ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया, जिनके सितंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने पर इस प्रारूप में 631 विकेट थे।

### भाजपा के 32 से अधिक उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नगर निकाय और पंचायत चुनाव में 32 से अधिक भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद शहर से गांव तक विकास की जो योजना बनाई गई है इस चुनाव के बाद लागू की जायेगी। अब तक बस्तर संभाग में निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में 32 से अधिक भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। श्री कश्यप ने कहा कि सुकमा जिले के अतिसंवेदनशील तथा नक्सल प्रभावित कोंटा ब्लाक के आठ ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए एक-एक ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने पर यहां सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

# आतंकी फंडिंग मामले में एसआईए ने बडगाम में दो जगहों पर की छापेमारी

**आतंकियों की मदद करने में शामिल लोगों के खिलाफ भी जांच**

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को आतंकी फंडिंग मामले में बडगाम जिले में दो जगहों पर छापेमारी की है। एक अधिकारी ने बताया कि एसआईए ने बुधवार को बडगाम जिले में दो लोगों के यहां छापेमारी की गई है। इनमें से एक कार डीलर है, जबकि दूसरा एक व्यवसायी है।

सूत्रों ने बताया कि एसआईए की यह छापेमारी आतंकी फंडिंग मामले की चल रही जांच का हिस्सा है। एसआईए स्थानीय सीआईडी की एक शाखा है और यह आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जांच करती है। हवाला सौदे, आतंकी फंडिंग और आतंकवादियों और आतंकी नेटवर्क को वित्तीय सहायता की जांच एसआईए कर रही है। उन्होंने बताया कि एसआईए ने आतंकवादियों की मदद करने में शामिल लोगों के खिलाफ भी जांच हुई और बाद में नामित कोर्ट में आरोपपत्र पेश किए। इनमें श्रीनगर शहर के हवाल इलाके में 2 सितंबर, 2020 को आतंकवादियों के हमले में मारे गए वकील बाबर कादरी की हत्या मामले में आरोपपत्र शामिल था।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

एजेंसी

**मौसम विभाग ने दिन में बादल व बारिश होने की व्यक्त की संभावना**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर उत्तर भारत के मौसम में बदलाव हो सकता है। आठ फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी होने से पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने से न्यूनतम तापमान में चार डिग्री पर लुढ़क सकता है।

बुधवार को मौसम विभाग ने बताया कि आठ फरवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र में पहुंचेगा, जिसके प्रभाव से 08 और 14 फरवरी के बीच पहाड़ों पर मौसम की गतिविधियां बनेंगी। 09 और 11 फरवरी के बीच इसका ज्यादा असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, बारिश और बर्फबारी मुख्यतः पहाड़ों तक सीमित रहेगी। आईएमडी ने दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है, जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक होगा। मौसम विभाग ने दिन में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना व्यक्त है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले दो तीन दिनों तक तापमान में 2-3 डिग्री की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। पूर्वी भारत में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि और उसके बाद 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

**डुबकी**

**वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया**

# मोदी ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर दुनिया को दिया एकता का संदेश

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया।



वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए। महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। उनके आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इससे श्रद्धालु भी प्रसन्न नजर आए और संगम तट पर लाखों लोगों की मौजूदगी में हर हर गंगे और मोदी-मोदी के जयकारे गुंजायमान होते रहे। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुम्भ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं। इससे पूर्व श्री मोदी ने महाकुम्भ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं सम्मिलित थीं।

इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया था। यही नहीं, पीएम मोदी ने अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, भारद्वाज ऋषि आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया था। इन परियोजनाओं और कॉरिडोर के शुभारंभ का उद्देश्य न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ के अनुभव को यादगार बनाना था, बल्कि तीर्थराज प्रयागराज को प्रगति की नई दिशा दिखाना भी था।

# कमिश्नर ने विवेकानंद सभागार में कीं महत्वपूर्ण बैठकें, दिए निर्देश

- आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने की डीएम की अनूठी पहल मिशन मैदान, जोन ऑफ एक्सीलेंस की सराहना, बजी तालियां

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब जनपद खीरी पहुंचीं, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्प देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। विकास भवन में स्वामी विवेकानंद सभागार में आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने क्रमशः बाढ़ पूर्व तैयारिया, सीएम डैशबोर्ड, सड़क सुरक्षा और राजस्व वादों की गहन समीक्षा समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। सर्वप्रथम आयुक्त डॉ रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक सदर योगेश वर्मा ने संयुक्त रूप से सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार का फीता काटकर लोकार्पित किया।



## आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग की बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**कमिश्नर ने जाने जनप्रतिनिधियों के सुझाव**

**शासन से लागत 53.35 करोड़ की 11 कटाव निरोधक परियोजनाएं स्वीकृत**

आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, अमन गिरी, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार की मौजूदगी में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर ने जाना कि स्वीकृत कटाव निरोधक परियोजनाओं के अतिरिक्त कोई जरूरी प्रोजेक्ट स्वीकृत होने से तो नहीं रह गया। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों से उनके सुझाव भी जाने। तहसीलवार एसडीएम से प्रभावित परिवारों को प्रदान किए सीएम आवास के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त ने गत वर्षों में विस्थापित लोगों और उपलब्ध जमीन की अप टू डेट सूची तैयार करते हुए उन्हें लाभान्वित कराएं। इस दौरान मौजूद अफसरों ने संवेदनशील गांवों को बचाने के लिए किए जाने वाले प्रयास बताएं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सर्वे का कार्य उनकी मौजूदगी में हो, इसपर आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सर्वे के दौरान उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# आदर्श खेल मैदान योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय खेल महोत्सव का हुआ आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की प्रेरणा से एक स्कूल-एक मैदान, खेलेगा खीरी-जीतेगा खीरी के आयोजन के तहत ग्राम पंचायत सुजानपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर कॉलोनी में खेल के मैदान निर्मित किया गया, जिसमें बैडमिंटन कोर्ट, ओपन जिम, कबड्डी आदि की व्यवस्था की गई। खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो खो, क्रिकेट, 100 मीटर दौड़, आदि खेलों का आयोजन किया गया। स्कूल एवं खेल के मैदान में खेल एवं व्यायाम संबंधी उपकरण स्थापित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल में मौजूद बच्चों ने खेलों का खूब लुफ्त उठाया। वहीं ग्राम वासियों ने ओपन जिम के जरिए, अपने को फिट रखने के लिए व्यायाम भी किए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह ने खेल में शामिल सभी प्रतिभागी बच्चों से हांथ मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया और बताया कि खेलेगा खीरी तो जीतेगा खीरी जैसे आयोजन से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है, वहीं विद्यालय में स्थापित उपकरणों से व्यायाम और योग करने से लोग निरोगी और फिट रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने किया खुलासा, पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

**संसारपुर खीरी।** थाना मैलानी पुलिस ने नामजद/वांछित अभियुक्त इब्राहिम पुत्र जाकिर उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम किशुनपुर पकरिया मोड़ गोला खुटार रोड के पास से किया गिरफ्तार। ग्राम किशनपुर मे 3 दिन से लापता हसीना पत्नी इब्राहिम गांव के किनारे गन्ने के खेत में सोमवार सुबह लाश मिली थी जिसमें हसीना के पिता ने इब्राहिम पुत्र जाकिर ग्राम किशनपुर जिसका आठ माह पूर्व हसीना के साथ विवाह हुआ था, मृतका के पिता रफीक ने हत्या का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर मुकदमा पंजीकृत था जिसे बुधवार को पकरिया मोड़ गोला खुटार रोड के पास से मैलानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में,थाना मैलानी प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव चौकी प्रभारी कुकरा उप निरीक्षक हिमांशु सिंह , हेड कांस्टेबल श्याम कुमार वर्मा,रामनरायन कनौजिया, कांस्टेबल योगेन्द्र, मौजूद रहे। मैलानी थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया इब्राहिम ने पूछताछ में हत्या का आरोप कबूल किया है और बताया कि गला दबाकर उसके द्वारा उसकी हत्या की गई थी जिसे कंधे पर उठाकर गन्ने के खेत में मेरे द्वारा डाल दिया गया था।

### राम जन्म की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के फरधान कस्बे के धौरहरा खुर्द गांव में बरमबाबा स्थान पर चल रहे चल पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेले में तीसरे दिन रामजन्म कथा का मंचन किया। जिसे देख श्रोता भाव विभोर हो गए। धौरहरा खुर्द के धनुष यज्ञ मेले में आगंतुक कलाकारों ने रामजन्म का बहुत सुंदर मंचन किया। दिखाया कि राजा दशरथ ने दरबार में ऋंगी ऋषि का आना, राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करना, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म होना, सुबाहु मारीच द्वारा राक्षसों को लूटना, सुबाहु मारीच द्वारा विश्वामित्र का यज्ञ भंग करने के दृश्य दिखाए गए। राम जन्म की खुशी में आतिशबाजी की गई। इससे पहले देवताओं ने क्षीर सागर में जाकर भगवान विष्णु से अवतरित होने की प्रार्थना की। जिसके पश्चात विश्वामित्र के कहने पर श्रृंगी ऋषि ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया और महाराजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया। वरदान अनुसार दशरथ की तीनों रानियां कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा ने बच्चों को जन्म दिया। चारों भाइयों के जन्म पर अयोध्या में मंगल गीत गाए गए।


### बालिकाओं ने मारी बाजी

**लखीमपुर खीरी।** विकास क्षेत्र बेहजम के न्याय पंचायत शंकरपुर में विभिन्न न्याय पंचायत से आए बालक बालिकाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में खजुहा कबड्डी में बालिका वर्ग सियाथू एवं बालक वर्ग में शंकरपुर विजेता रहा। सभी विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने मेडल एवं ट्राफी देख देकर सम्मानित किया। सांविलियन विद्यालय खजुहा के प्रांगण में विभिन्न न्याय पंचायत से आए बालक बालिकाओं के बीच खेलकूद का प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बेहजम ने देवेश राय द्वारा सरस्वती पूजन कर किया। दौड़ में शामिल बच्चों को हरी झंडी दिखाने के बाद शुरुआत की गई। बालिका वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में शंकरपुर की जीतू प्रथम, संतोषी द्वितीय एवं भूपतिपुर की पायल तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अटवा के सुरजीत मौर्य प्रथम, खजुहा के शेखर कुमार द्वितीय एवं नितिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। खो खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग शंकरपुर और नीमगांव न्याय पंचायत के बीच हुई। जिसमें खजुहा विद्यालय की टीम प्रथम एवं नीमगांव की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में कबड्डी की प्रतियोगिता खजुहा और शंकरपुर के बच्चों के बीच खेली गई। जिसमें शंकरपुर के बच्चों की टीम ने विजयी रही। वही 200 मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग में नैंसी खजुहा से नैंसी प्रथम, खुशबू द्वितीय एवं दीपांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में शंकरपुर के शिवम ने प्रथम, सियाथू के अंशुल गौतम द्वितीय और खजुआ के इंद्रजीत ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# शौचालय लाभार्थियों की सूची में गड़बड़ी करने का आरोप, बीडीओ से शिकायत

**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र अंतर्गत शौचालय प्राप्त कर्ता की सूची में नाम आने का दावा करने वाले पीड़ित ने शौचालय न मिलने का आरोप लगाया है।

बिजुआ ब्लॉक के डिमरौल निवासी सरवन सिंह ने खंड विकास अधिकारी बिजुआ को लिखित प्रार्थना पत्र देखकर जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत से कभी भी उसके शौचालय का भुगतान नहीं हुआ और न ही आज तक शौचालय निर्माण कराया गया फिर भी जब वह 4 फरवरी 2025 को सीएससी सेंटर अपने शौचालय प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने गया तभी उसे बताया गया कि उसका पूर्व में फेज वन में शौचालय प्राप्त कर्ता की सूची में नाम है जिसको लेकर पीड़ित सरवन सिंह ने दोषियों के खिलाफ जांच करने की मांग करते हुए बीडीओ को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।



# बिना परमिशन के खनन कर रहे लोगों को ग्रामीणों ने घेरा

- अधिकारियों से शिकायत के बाद रफूचक्कर हुआ ठेकेदार
- जल जीवन मिशन के कैम्पस में करा रहा था मिट्टी पटाई

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अवैध खनन को लेकर जिले की डीएम भले ही खनन माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रहीं हो लेकिन ईसानगर इलाके के माफियाओ पर डीएम के आदेशों का कोई असर नही हो रहा है। बुधवार को खमरिया थाना क्षेत्र के गांव दिलावलपुर में बिना परमीशन के मिट्टी खनन करा रहे एक ठेकेदार को ग्रामीणों ने घेर कर क्षेत्रीय विधायक समेत अधिकारियों को शिकायत कर दी। जिसपर खनन बन्द कर जीसीबी समेत तीन ट्रैक्टर ट्राली लेकर वह फरार हो गया, हालांकि ग्रामीणों से देर में मिली जानकारी के बाद खमरिया पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार दिलावलपुर गांव में जल जीवन मिशन परियोजना के अंतर्गत पानी की टंकी लगी हुई है।जहां उसके ग्राउंड की पटाई के लिए ईसानगर क्षेत्र के एक खनन ठेकेदार ने बुधवार को गांव के बाहर स्थित नाले में मिट्टी खोदकर जीसीबी व ट्रैक्टर ट्रालियों से खाली पड़े कैम्पस की पटाई शुरू कर दी। जिसको देख ग्रामीणों ने इस अवैध खनन का विरोध किया और खनन का परमीशन दिखाने की बात कही तो ठेकेदार ग्रामीणों से बहस करने लगा। इसी बीच ग्रामीणों ने इस अवैध खनन की शिकायत क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी सहित डायल 112 व उच्च अधिकारियों को कर दी। जिससे अपने को फंसता देख ठेकेदार पटान बन्द कर अपनी जीसीबी समेत तीन ट्रैक्टर ट्राली लेकर रफूचक्कर हो गया। इस बाबत गांव के अवधेश कुमार, उमेश कुमार, शिवभगवान, पुत्तीलाल, सीताराम आदि ने बताया कि जिस नाले से मिट्टी निकाली जा रही थी, वहां बरसात के दौरान आने जाने वालों के डूबने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता,इसी के चलते ग्रामवासियों ने जब विधायक समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो ठेकेदार जेसीबी समेत ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गया।

# ग्राम लठौआ से सुहेली नदी के बंद पड़े भाग की सफाई हेतु शासन से मिली स्वीकृति

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की तहसील निघासन में लगभग 40 वर्षो से ग्राम लठौआ से सुहेली नदी के बंद पडे भाग की सफाई हेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गई, जिसका तहसील निघासन एवं बाढ़खण्ड के अधिकारी संयुक्त रूप से मिलकर सीमांकन का कार्य किया जा रहा है। सीमांकन कार्य पूर्ण होते ही सुहेली नदी की सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे तहसील पलिया एवं निघासन में हो रहे जलभराव से निजात मिल सकेगी।



**सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की आयुक्त ने की समीक्षा, दिए निर्देश**

**उपलब्धिः निपुण असेसमेंट में 72वें स्थान से जिले ने प्राप्त किया 26वां स्थान, आयुक्त ने की सराहना**

शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की बुधवार को आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने विकास भवन में समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एग्री स्टेट जीरो पॉवर्टी लाइन की प्रगति की भी समीक्षा की। निश्चय अभियान से समुदाय को जोड़ते हुए इसे सफल बनाएं। शिक्षण संस्थानों से 100 गज की दूरी में येलो लाइन के जरिए तंबाकू की बिक्री प्रतिबंध को सुनिश्चित कराएं। विद्यालयों में तंबाकू मॉनिटर भी बनाए जाएं। संवेदनशील आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष में नशे की लत को अंकुश लगाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। गत वर्ष की तुलना में निपुण असेसमेंट में जिले का 72वें स्थान से 26वें स्थान तक प्राप्त करने पर सराहना की। विभागों से खराब ग्रेडिंग का कारण जाना और कैसे सुधार करेंगे इसकी कार्य योजना भी पूछी।

आयुक्त ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये।

बैठक में मौजूद लखनऊ मंडल के डीडी मत्स्य डॉ हरेंद्र प्रसाद ने केसीसी और तालाब के पट्टे की प्रगति बताई। आयुक्त ने कहा कि मत्स्य पालन आम आदमी की आमदनी का स्रोत है। एडीएम को निर्देश दिए कि तेजी लाकर नियमानुसार तालाब के पट्टे दिए जाने की कार्यवाही पूर्ण करें। अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी सतीश कुमार ने चालू निर्माण कार्यों एवं नई स्वीकृतियों की जानकारी दी। सीडीओ से पीएम आवास योजना (ग्रा) के सर्वे की प्रगति भी जानी। उन्होंने विभाग एवं स्कीमवार विस्तृत समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## केन्द्रीय जल विद्युत अनुसंधानशाला पुणे से आए वैज्ञानिक बी. रघुराम सिंह ने दिया प्रस्तुतीकरण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पलिया में बाढ़ की समस्या के संबंध में केन्द्रीय जल विद्युत अनुसंधानशाला पुणे से आए वैज्ञानिक बी. रघुराम सिंह ने प्रस्तुतीकरण दिया और बताया कि प्रारम्भिक रिपोर्ट सिंचाई विभाग को आज उपलब्ध करा दी जाएगी। बैठक के दौरान ईई (बाढ़खण्ड) अजय कुमार ने जिले में स्वीकृत हुई कटाव निरोधक परियोजनाओं की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि कटाव निरोधक कार्यों में जियोट्यूब का उपयोग किया जाएगा। पलिया के सम्बन्ध में जलशक्ति मन्त्री द्वारा 5 मुख्य अभियन्ताओं की टीम गठित की गई है। गठित टीम ने 13 जनवरी को पलिया का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। रिपोर्ट आने पर तदानुसार कार्य किया जाएगा। इसवर्ष जनपद में पाँच विधानसभा पलिया, गोला, निघासन, सदर एवं धौरहरा में कुल 11 कटाव निरोधक परियोजनाएँ शासन द्वारा स्वीकृत की हैं। जिनकी कुल लागत 53.35 करोड़ है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से जनपद के कुल 35 ग्राम, 4 मजरे एवं सुरक्षा के साथ-साथ तटबंध की 44000 आबादी एवं 2036 हे. कृषि योग्य भूमि को नदी की कटान से सुरक्षा प्रदान हो सकेगी। कटाव निरोधक परियोजनाओं में नवीनतम तकनीक के रूप में जियो ट्यूब का प्रयोग किया जाएगा।

# दूसरा पति भी नहीं निभा सका साथ, दोनों बार मौत की वजह बना ट्रैक्टर

- बूढ़े कंधों पर आ गई, छोटे बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को ट्रैक्टर पलटने से हुए हादसे में गांव रामालक्ष्ना निवासी जितिन मौर्य की मौत हो गई थी। उसकी पत्नी नीता पहले उसकी भाभी थी। जितिन के बड़े भाई अक्षय मौर्य की 2 वर्ष पूर्व ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई थी। जिसके दो छोटे बच्चे भी हैं। परिजन और रिश्तेदारों के समझाने के बाद अक्षय की पत्नी के साथ जितिन ने एक माह पूर्व ही विवाह किया था। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। मंगलवार को नीता के दूसरे पति जितिन की भी ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। जिससे नीता का एक बार फिर सुहाग उजड़ गया।नीता पुनः विधवा हो गई। दोनों पतियों की मौत ट्रैक्टर पलटने से ही हुई। वहीं दो जवान पुत्रों की मौत का सामना करने से अधिक बड़ा दर्द और क्या हो सकता है उनकी पथराई आंखों से ना तो आंसू निकल रहे हैं और ना ही वह किसी से कुछ कहने सुनने की स्थिति में है। दो छोटे बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी अब बूढ़े कंधों पर आ गई है। किस्मत के खेल निराले, किस्मत का लिखा कौन टाले यह लाइनें उस परिवार पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। जिस परिवार के दो जवान बेटे असमय काल के गाल में समा गए। जी हां हम बात कर रहे हैं रामालक्ष्ना निवासी दंपति रमेश उर्फ कनौजी मौर्य और उनकी पत्नी पम्मी देवी की जिन्होंने अपने बड़े पुत्र अक्षय मौर्य का विवाह गुजारा गांव की नीता देवी के साथ 6 वर्ष पूर्व किया था। पिछले वर्ष अक्षय की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मृत्यु हो गई थी। जिसके दो मासूम बच्चे विवेक 5 वर्ष व कपिल 3 वर्ष हैं। अक्षय कुमार की मौत के बाद उसकी पत्नी नीता गुमसुम रहने लगी। लोक लाज और बच्चों की परवरिश के चलते परिवार और रिश्तेदारों ने समझा बुझा कर नीता का विवाह उसी के छोटे भाई जतिन मौर्य के साथ एक माह पूर्व करा दिया। जिससे परिजन और रिश्तेदारों में खुशी लौट आई। लेकिन कुदरत को शायद वह भी मंजूर नहीं हुआ। मंगलवार को नीता के दूसरे सुहाग की भी ट्रैक्टर से दबकर मृत्यु हो गई।



# क्रासिंग बंद होने के बाद ओवरब्रिज पर कार्य तेजी से शुरू

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के फरधान कस्बे में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के चलते तीन फरवरी से बीस फरवरी तक क्रासिंग बंद कर दी गयी है। समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए कार्य युद्ध स्तर पर शुरू भी हो गया है। लेकिन इससे गन्ना किसानो और आसपास के गांव छात्रों को काफ़ी दिक्कते हो रही है। क्रासिंग बंद होने के बावजूद बाइक, साईकिल, पैदल वाले निकलते रहे। वही बाहर से आने वाले चार पाहिया वाहन भी मौके पर आकर इधर उधर भटकते रहे।





**कुम्भी चीनीमिल के तीन और गोला के छह गन्ना सेंटरो क़ी गन्ना तौल संकट में:** फरधान रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से सड़क पर निकलने वाले आम जनमानस के लिए समस्याएं हो रही है। वही क्षेत्र के कुंभी चीनी मिल और गोला चीनीमिल द्वारा लगाए गए गन्ना ग सेंट्रो पर तौल प्रभावित रही।तीन सेंटर क़ी तौल बंद होने से लगभग चार 5000 किसान प्रभावित हो रहे है। कुंभी चीनीमिल के धौरहराखुर्द रेल सेंटर, धौरहराखुर्द रोड सेंटर और रामपुरगोकुल समेत तीनो गन्ना के सेंट्रो पर तौल प्रभावित रही।जिससे किसानों को गन्ना तौल नहीं हो सकी। वहीं क्षेत्रीय गन्ना सीडीओ पीएन वाजपेई ने बताया तीनों सेंटरों की तौल ऐठापुर सेंटर पर कराई गई है। लेकिन आवश्यकता के अनुसार बहुत ही कम तौल हो सकीकी है। वहीं गोला चीनीमिल के जमुनहा, उद्यानपुर, रजागंज, खजुहा, रमुआपुर बिजौली के गन्ना सेंटरों पर भी तौल गोला क्रासिंग बंद होने हो सकी। किसानों का कहना है 2 फरवरी से 20 फरवरी तक अगर इसी तरह क्रॉसिंग बंद रहेगी तो गन्ना तौल कैसे होंगी। जिससे उन्हें काफी नुकसान होने की खतरा सता रहा है।



# मिल्कीपुर विस उपचुनावः आरोप, प्रत्यारोप और खंडन के बीच 65.25 फीसद हुआ मतदान

- उपचुनाव में पूरे दिन चलता रहा सपा का आरोप, भाजपा के पलटवार और अधिकारियों के खंडन का सिलसिला
- मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुई इंस्पेक्टर इनायतनगर द्वारा एक नेता को धमकाने और गाली देने का ऑडियो तथा सपा प्रत्याशी व भाजपा नेता के बीच कहासुनी की वीडियो क्लिप्स ने उठाए बड़े सवाल

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सबब बन चुके जिले के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान बुधवार को मतदान का दिन आरोप, प्रत्यारोप और खंडन के नाम रहा।सुबह तकरीबन सात बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चले मतदान में शुरूआत के कुछ ही देर बाद मतदान केदो पर मतदाताओं की लंबी कतारें दिखने लगी,जिससे उसी वक्त इस बात का अंदाजा लग गया था कि मतदान में इस बार मतदाताओं की अच्छी खासी भागीदारी रहेगी जिसमें महिलाओं और बुजुर्गों की तादाद अधिकांश हो सकती है।

**दावों के बीच सख्त नजर आई** पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार एक के बाद एक करके मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे,हालांकि इतनी दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्थाओं के बावजूद पूरे दिन क्रमवार सोशल मीडिया पर आरोप प्रत्यारोप को लेकर वीडियो और बयान जारी होते रहे।इन वीडियो और बयानों को लेकर कुछ राजनीति दलों के प्रतिनिधि चुनाव में धांधली का आरोप लगाते रहे जबकि कुछ इन आरोपों को निराधार बताते रहे इन सबके बीच तीसरा पक्ष अधिकारियों का रहा जो आरोपों का खंडन करने में लग रहे।



**सुरक्षा व्यवस्थाः** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से मतदान के पहले ही चुस्त दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था के दावे किए गए थे। बुधवार को मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम नजर आए। मतदान चलते रहने के बीच जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार और मंडलायुक्त गौरव दयाल सहित



## गड़बड़ी के आरोपों से मुखर होती रही सपा

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में मतदान के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता यह आरोप लगाते रहे कि कहीं बूथ कैपचरिंग की जा रही है तो कहीं फर्जी मतदान किया जा रहा है और यह सब देखते हुए भी प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने दावा किया कि बूथ कैप्चरिंग की योजना बनाई गई और उन्होंने जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर को तत्काल सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है हालांकि, अधिकारी इन आरोपों को सिरे से खारिज करते रहे।अधिकारियों के मुताबिक सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और मतदाता बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

## धमकी भरे आडियो और वीडियो ने बढ़ा दी सरगर्मी

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव के दौरान तकरीबन दोपहर के वक्त शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे मतदान के दौरान उस समय सियासी तपिश बढ़ गई जब पहले सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद और भाजपा नेता संतोष सिंह के बीच कहासुनी का वीडियो वायरल हुआ और फिर उसके कुछ ही समय बाद प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर देवेंद्र पांडेय द्वारा एक राजनीतिक दल के नेता को धमकाने और अश्लील गालियां देने की ऑडियो क्लिप वायरल हो गई। इन दोनों ही क्लिप्स के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर टिप्पणियों की धुंध सी छा गई और आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए। इन सारे घटनाक्रमों के बीच निर्वाचन आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक मिल्कीपुर उपचुनाव में कुल 65.25 प्रतिशत मतदान हुआ है जो कि एक रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया गया है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, गुरुवार, 06 फरवरी, 2025



मंत्री जयवीर सिंह ने की पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक, अफसरों को निर्देश देते हुए कहा

# अधूरी परियोजनाओं को युद्धस्तर पर करें पूरा

- विदेशों में ट्रेवलमाट्र्स में प्रदेश के पर्यटन स्थलों व उपलब्धियों का करें प्रचार-प्रसार
- परियोजनाओं में विलम्ब करने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई
- महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के इतिहास लेखन का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में आये व्यापक बदलाव एवं मजबूत अर्थव्यवस्था को देखते हुए अधिकारी निर्माण परियोजनाओं, जो अब भी पूरी नहीं हुई हैं, उनकों युद्धस्तर पर कार्य करते हुए पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजनाओं के विलम्ब के लिए उत्तरदायी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये स्वीकृत परियोजनाओं में आगणन के समय जो डिजाइन स्वीकृति की गई है, उन्ही के अनुसार कार्य कराया जाए। उन्होंने कामदगिरी परिक्रमा मार्ग पर खुरदरी टाइल्स अथवा पत्थर लगाने के निर्देश दिए।

पर्यटन मंत्री आज यहां पर्यटन भवन में पर्यटन विभाग की विभिन्न सेक्टरों में अर्जित की गई उपलब्धियों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के संकल्प को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा एक बहुउद्देशीय पर्यटन नीति जारी की गई है, जिसके तहत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु उद्यमियों, निवेशकों द्वारा इकाई की स्थापना के लिए दिए आवेदनों को पंजीकृत किया गया है, जिसके तहत 26805.68 करोड़ रुपये का निवेश एवं 48373 आवासीय कक्षों का निर्माण किया जायेगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2024-25 में 24 अप्रैल तक 463 पंजीकृत इकाईयों द्वारा 17854 आवासीय कक्षों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

पर्यटन मंत्री ने पर्यटन स्थलों पर इतिहास लेखन के कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 12 पर्यटन सर्किटों में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का पूर्ण विवरण जैसे इतिहास, मुख्य मार्ग से दूरी, अवस्थापना सुविधाएं, स्थल की लोकप्रियता आदि के बारे में पूरा विवरण अंकित किया जाए। इस अवसर पर विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम की एमडी सान्या छाबड़ा, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र, उप निदेशक दिनेश, कल्याण सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रेवलमाट्र्स में होनी चाहिए उत्तर प्रदेश की दमदार उपस्थिति

राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले ट्रेवलमाट्र्स में विभाग की प्रतिभागिता के बारे में समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विदेशों में लगने वाले ट्रेवलमाट्र्स में उत्तर प्रदेश की दमदार उपस्थिति होनी चाहिए।

उन्होंने 04 से 06 मार्च तथा 18 से 20 मार्च को आयोजित होने वाले बर्लिन तथा रूस में सफलता प्राप्त करने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। विंध्य, अयोध्या, ब्रजतीर्थ, चित्रकूटधाम, देवीपाटन, शुक्रतीर्थ एवं नेमिषारण्य विकास परिषदों के कार्य कलापों के विषय में समीक्षा की।

जयवीर सिंह ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में आयोजित महोत्सवों के कार्यों, राही पर्यटक आवास गृहों की पीपीपी मोड पर दिए जाने की अद्यतन स्थिति, उपयोग तथा हानि-लाभ, किराया, अयोध्या में पर्यटन थाना की स्थापना, रिक्त एवं नवसृजित पदों पर भर्ती की प्रगति, लम्बित जांचों की स्थिति की समीक्षा की। जिन अधिकारियो को जांच सौंपी गई है वह जनपद से लेकर मुख्यालय तक समन्वय बनाकर जांच रिपोर्ट शीघ्र से शीघ्र प्रस्तुत करें। बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने पर्यटन विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी और वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित किया।

## ई.आर.पी. के विभिन्न मॉड्यूलों के सफल क्रियान्वयन को साझा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समर्थ ई.आर.पी. के उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ में 4 व 5 फरवरी को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आंध्र प्रदेश राज्य के कॉलेजिएट शिक्षा आयुक्तालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में समर्थ ई.आर.पी. (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) के विभिन्न मॉड्यूलों के सफल क्रियान्वयन को साझा करना और आंध्र प्रदेश में इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यशाला के दौरान प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा एम. पी. अग्रवाल द्वारा उत्तर प्रदेश में समर्थ ई.आर.पी. के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की समर्थ टीम द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य के प्रतिनिधियों के समक्ष Student Life Cycle, Finance और विभिन्न Governance Modules पर आधारित एक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

विश्वविद्यालयों की टीम ने बताया कि समर्थ ई.आर.पी. प्रणाली को लागू करने से शिक्षण संस्थानों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और कुशल बनाया जा सका है। कार्यशाला के दौरान ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने जानकारी दी कि उनके यहां प्रवेश परीक्षा आवेदन, प्रवेश पत्र जारी करने, परीक्षाफल प्रकाशित करने, मेरिट सूची तैयार करने और छात्रों के प्रवेश सहित सभी प्रक्रियाएं समर्थ ई.आर.पी. के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। इसी प्रकार, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा एकेडमिक मॉड्यूल, वित्तीय मॉड्यूल, पे-रोल, रिसर्च प्रकाशन, करियर एडवांसमेंट स्कीम मॉड्यूल, अवकाश प्रबंधन मॉड्यूल और कर्मचारी मॉड्यूल सहित कुल 41 में से 28 मॉड्यूल्स को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है, जबकि शेष मॉड्यूल्स को लागू करने की प्रक्रिया जारी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय और ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने यह भी बताया कि समर्थ ई.आर.पी. को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### अभियान : भाजपा नेताओं ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में लखनऊ उत्तर विधानसभा में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे और असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, पुष्कर शुक्ला सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। संकल्प लिया जरूरतमंदों की सहायता काकार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करने का संकल्प लिया और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

### मासूम के साथ नाबालिगों ने किया रेप, देते थे धमकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में तीन साल की बच्ची के साथ तीन नाबालिगों ने रेप की वारदात को अंजाम दिया है। घटना बीबीडी थाना क्षेत्र की है। बच्ची की मां ने जानकारी होने पर तीनों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों को पकड़ कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से बच्ची डरी है। 27 जनवरी को वह घर के बाहर खेल रही थी। जब बच्ची से पूछताछ की तो बताया कि तीनों ने उसके साथ गंदा काम किया है। आरोपी उसे खेलने के बहाने घर के पास स्कूल ले गए थे। वारदात के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिए थे। बीबीडी इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद तीनों को पकड़कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर विधिक कार्रवाई की गई है।

### आयुष अस्पताल का संपर्क मार्ग बदहाल, मरीज परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के पीजीआई कल्ली पश्चिम में स्थित 50 बेड के आयुष अस्पताल तक पहुंचने का रास्ता मरीजों के लिए मुसीबत बन गया है। आउटर रिंग रोड से अस्पताल तक का मार्ग इतना खराब है कि कई बार ई-रिक्शा तक पलट चुके हैं। सैकड़ों मरीज और उनके तीमारदार इस बदहाल रास्ते से होकर गुजरने को मजबूर हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने आउटर रिंग रोड से अस्पताल तक उचित स्लोप का निर्माण नहीं किया है। इसके अलावा, आउटर रिंग रोड और अस्पताल के बीच लगभग 200 मीटर की खड़ंजे वाली सड़क का डामरीकरण न तो लोक निर्माण विभाग ने किया है और न ही नगर निगम ने इस ओर ध्यान दिया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संदीप शुक्ल के अनुसार, अस्पताल में भर्ती मरीजों और ओपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या काफी है। उन्होंने रास्ते की मरम्मत के लिए संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों से कई बार आग्रह किया है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।


### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के अनुसार आरोपी की पहचान बिहार के बेगूसराय जिले के धर्मपुर निवासी 28 वर्षीय राजेश साहू के रूप में हुई है। वह वर्तमान में लखनऊ के आशियाना में एलपीएस स्कूल के पास रह रहा था। राजेश ने 20 जनवरी को सेक्टर-एम निवासी प्रेमनाथ की स्प्लेंडर प्लस बाइक सब्जी मंडी से रात 9.40 बजे चुरा ली थी। पीड़ित ने पहले ई-एफआईआर दर्ज कराई, जो खारिज हो गई। 3 फरवरी को पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसआई अग्रचारी यादव ने पुलिस टीम के साथ किला चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर देवीखेड़ा की ओर से कैंट रोड पर आ रहे बाइक सवार को रोका गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चोरी की बाइक को बेचने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड से सी.एम.एस. छात्र सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आदर्श वर्धन को 'डा. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है, जो कि सी.एम.एस. परिवार के लिए गौरव की बात है। आदर्श को यह अवार्ड भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत डा. अम्बेडकर फाउण्डेशन द्वारा प्रदान किया गया है, जिसके अन्तर्गत सी.एम.एस. छात्र को उच्चशिक्षा हेतु 50,000 रूपये की नगद धनराशि प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए विद्यालय शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों को डा. अम्बेडकर नेशनल मैरिट अवार्ड से सम्मानित किया जाता है।

### एकीकृत कमांड सेंटर सुगम संचालन व संरक्षित परिचालन की कुंजी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** महाकुंभ 25 के सुचारु आयोजन हेतु उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा निर्धारित की जाने वाली कार्यवाहियों के तहत मण्डल रेल प्रबंधक, एम.एम. शर्मा के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रयाग जं. स्टेशन पर एक बड़े एवं मुख्य एकीकृत कमांड सेंटर की स्थापना की गई है। जो मुख्य एकीकृत कमांड सेंटर की पूरी व्यवस्था का मेरुदंड है, जिसके द्वारा रेल संबंधी सभी कार्यकलापों और सुरक्षित तथा संरक्षित परिचालन और जहां से स्टेशन की पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग आराम से की जा रही है। कमांड सेंटर में 18 बड़ी स्क्रीन लगी हैं। यह एकीकृत सेंटर रेलवे एवं राज्य सरकार के मध्य एक सेतु के रूप में कार्य करता है तथा स्थानीय प्रशासन से आने वाले अधिकारियों और रेलवे के मध्य महाकुंभ संबंधी अनेक पहलुओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वार्ता करने तथा सर्वसम्मति से यात्री सुविधा तथा भीड़ प्रबंधन की दिशा में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों एवं प्रयासों को भी मूर्तरूप देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।





थाना सरोजनीनगर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार

## ताला तोड़कर चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कई थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 4 शातिर नकबजन चोरों को थाना मड़ियांव पुलिस टीम और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने गिरफ्तार कर कई चोरियों का खुलासा किया है।






एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार दूबे ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि बुधवार को पुलिस टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी के सामान के साथ मड़ियांव पुल के नीचे पैदल चलने वाली सीढ़ी के पास बैठे हैं जो बंद घरों में चोरी करते हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर चार चोरों को पकड़ लिया जिनकी पहचान फहीम 28 वर्ष, शोएब (22) अंकुल (22) और कलीम (20) के रूप में हुई पुलिस ने इनके कब्जे से पीली धातु के टुकड़े और 4 जोड़ी पायल 22200 रुपए नगद बरामद किए। साथ ही लखनऊ के कई अन्य जगह हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने के बारे में चोरों ने कबूला। पुलिस ने इनके पास से बरामद तीन बाईक जिनके कागज़ ना होने के कारण पुलिस ने एम वी एक्ट में सीज कर दीं। एडीसीपी जितेन्द्र दूबे ने यह भी बताया कि यह शातिर किस्म के चोर हैं जो मौका पाते ही बंद घरों का ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दे देते हैं

और चुराए गए सोने चांदी को बेचकर अपने महंगे शौक पूरे करते व जुआ खेल पैसे उड़ा देते इनका अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है जिसमें फहीम पर लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं अंकुल पर 7 शोएब पर 6 तो कलीम पर भी 5 मुकदमे दर्ज हैं।

उत्तरी ज़ोन की पुलिस ने चारों चोरों को गिरफ़्तार कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा, उपनिरीक्षक अमित साहू, आलोक कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार, शुभम तिवारी, अखिलेश सिंह, जोशी रघुवंशी, हेड कांस्टेबल आकाश सिंह, कांस्टेबल दिग्विजय सिंह, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, सचिन दूबे, और डीसीपी उत्तरी क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल मो. नदीम, संतोष कुमार, आज़म खान, अमित कुमार गौतम, कांस्टेबल विशेष दहुण रहे।

### बिजली विभाग के अभियंता रात में चले जाते घर, डीएम से शिकायत

**लखनऊ ।** बाराबंकी जनपद में अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अपने-अपने मुख्यालय पर नहीं रहते है और रात को राजधानी लखनऊ निवास करने चले जाते हैं। वित्तीय भ्रष्टाचार व जनता के कार्यों में उदासीनता बरती जाती है। आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है। यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि अविलम्ब उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति तो चौबीसों घंटे होती है। अक्सर उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। रात में जब कोई फाल्ट या फिर गम्भीर समस्या होती है तो कोई अधिकारी फोन नही उठाता है। यदि एसई और एक्सइन उपलब्ध रहे और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें तो जहां कंज्यूमर प्रॉब्लम दूर होगी,वही आपूर्ति व्यवस्था भी दुरुस्त होगी।

## सिपाही ने महिला होम गार्ड का किया यौन-शोषण, कोर्ट के आदेश पर केस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में महिला होमगार्ड को शादी का झांसा देकर कानपुर में तैनात सिपाही दस साल तक यौन शोषण किया। जब पीड़िता उससे शादी की बात करती मुकर जाता। पीड़िता का आरोप है कि वह दो बार गर्भवती हुई और दोनों बार जबरन गर्भपात करा दिया गया। कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरगंज निवासी महिला होमगार्ड ने पुलिस को बताया कि 2012 में पति से तलाक बाद बलिया निवासी अशोक यादव से दोस्ती हो गई। पुलिस विभाग में तैनात सिपाही अशोक ने शादी का झांसा देकर घर और होटल ले जाने लगा। जहां एक बार जबरन संबंध बनाए। विरोध पर जल्द शादी का दावा किया। उसके बाद लगातार यौन शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर दो बार गर्भपात कराया। शादी न करने पर उसकी मां उर्मिला से शिकायत, लेकिन उसने भी नहीं सुनी। साथ ही उसके भाई राकेश ने भी धमकी दी।

पीड़िता के मुताबिक 9 मई 2024 को आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर घर में घुसकर मारपीट की और मंगलसूत्र और मोबाइल लूट लिया। डीजीपी ऑफिस में शिकायत पर अशोक ने जल्द शादी करने की बात कह समझौता कर लिया था। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपी अशोक यादव कानपुर के किसी थाने में तैनात है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## डीएम ने की भिक्षावृत्ति में लिप्त परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाख जी ने बुधवार को मोहनलालगंज तहसील के भजा खेड़ा गांव का दौरा किया। उन्होंने भिक्षावृत्ति में लिप्त परिवारों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा व स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की।

भिक्षावृत्ति में लिप्त परिवारों का सर्वे और पुनर्वास योजनाखंड विकास अधिकारी ने बताया कि भजा खेड़ा समेत चार इलाकों में 126 परिवारों की पहचान की गई है। इन परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिनके पास घर नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ा जाए और सभी परिवारों के लिए शौचालय निर्माण भी सुनिश्चित किया जाए। गांव में साफ-सफाई, जल निकासी और कम्युनिटी सेंटर के निर्माण के लिए भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय भजा खेड़ा में स्थानीय परिवारों के साथ चौपाल लगाई और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुफ्त शिक्षा, स्कूल ड्रेस, जूते-मोजे, मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाओं की जानकारी दी और अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। एनआरएलएम की टीम ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अपर आयुक्त श्रम ने श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया और इसके लाभों के बारे में बताया। इच्छुक पुरुषों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय कैंप आयोजित करने की भी घोषणा की गई। चौपाल में जिलाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देश दिया कि बस्ती के सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। पेंशन योजनाओं से पात्र लोगों को जोड़ा जाए और जरूरतमंद महिलाओं को ग्राम पंचायत भवन में ट्रेनिंग देकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाए।

### रोडवेज बस पर युवक ने किया पथराव, 60 यात्रियों से भरी बस का शीशा टूटा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर में बुधवार को उरई जा रही रोडवेज की चलती बस में करीब 35 वर्षीय युवक ने अचानक हमला कर दिया। वह बस पर ईंट पत्थर फेंकने लगा। इससे बस के यात्री दहशत में आ गए। बस के चालक ने आनन फानन बस रोकी और उतरकर उसे पकड़ लिया। लेकिन बाद में पता चला कि बस पर ईंट पत्थर फेंकने वाला युवक पागल होने के साथ अधिक नशे में है। जालौन जिले के कटरा मोहल्ला निवासी बस चालक अन्सार मंसूरी के मुताबिक बुधवार को वह उरई डिपो की रोडवेज बस (यूपी 78 जेएन 0873) लेकर लखनऊ से उरई जा रहा था। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। बस चालक अंसार ने बताया कि वह दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही सरोजनी नगर में कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट कामर्शियल तिराहे के पास पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़ा एक युवक बस पर ईंट पत्थर फेंकने लगा। बस पर अचानक ईंट पत्थरों से हमला होने पर बस के अंदर सवार सभी यात्री दहशत में आ गए और चीखने चिल्लाने लगे।

## जस्टिस सप्रे ने बढ़ती दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

- सड़क सुरक्षा के कार्यों की समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा हेतु जस्टिस अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की अध्यक्षता में योजना में बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष के साथ अपर मुख्य सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव चिकित्सा पार्थ सारथी सेन शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक के सत्यनारायण, परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह एवं अपर परिवहन आयुक्त ससु उत्तर प्रदेश पीएस सत्यार्थी के अतिरिक्त अन्य स्टेकहोल्डर विभागों के विभागाध्यक्ष तथा विशेष सचिव व अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

अध्यक्ष ने प्रयागराज में महाकुम्भ हेतु सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु परिवहन विभाग द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। प्रदेश में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा विगत 01 जनवरी को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने हेतु प्रदान किये गये निर्देशों के अनुपालनार्थ स्टेक होल्डर विभागों को पारस्परिक सामंजस्य स्थापित करते एक भी व्यक्ति की मृत्यु न होने पाये, के संबंध में समेकित प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये।

प्रदेश में परिवहन विभाग द्वाराजिलाधिकारियों के माध्यम से नो हेल्मेट-नो फ्यूल अभियान चलाकर दो पहिया चालकों की सुरक्षा की दिशा में किये जा रहे व्यापक प्रयासों की सराहना की गयी। शासकीय विभागों, अर्द्धशासकीय संस्थाओं, बैंक, स्कूल कॉलेज एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों संस्थाओं में कार्यरत दो पहिया वाहन का प्रयोग करने वाले कार्मिकों को बिना हेल्मेट कार्यालय बैंक संस्थाओं स्कूलों कालेजों में प्रवेश वर्जित करते हुए अनुपस्थित किया जाए, इस हेतु नो हेल्मेट-नो एंट्री-नो अटेंडेंस का अभियान चलाकर नियमित रूप से अनुपालन कराये जाने के निर्देश दिये गये। सड़क दुर्घटना में 31 प्रतिशत मृत्यु दो पहिया वाहन चालकों की घटित हुई है, जिसके दृष्टिगत दो पहिया वाहन चालकों तथा पीछे बैठे 04 वर्ष से अधिक आयु के सवारी को भी आईएसआई मानक वाले हेल्मेट न लगाये जाने पर एवं ड्राइविंग के समय मोबाइल फोन ईयरफोन का प्रयोग, रांग साइड ड्राइविंग एवं ड्रंकन ड्राइविंग के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। आईटीएमएस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन डिवाइसेस के माध्यम से किये जा रहे उल्लंघन चालान की सूचना परिवहन विभाग से साझा किये जाने के निर्देश दिये गये। एनएचएआई के अधीन मार्गों पर स्थापित वे-इन-मोशन को ई-चालान पोर्टल से एकीकृत कराने की कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करायी जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइसेस की स्थापना न होने पर रोष व्यक्त किया गया।

### उत्तरी कमान अलंकरण समारोह मथुरा में 12 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मथुरा सैन्य छावनी में 12 फरवरी को एक प्रतिष्ठित अलंकरण समारोह के दौरान अपने वीर और प्रतिष्ठित सैनिकों और इकाइयों को अलंकृत करेगा। यह कार्यक्रम पुरस्कार विजेताओं को उनकी बहादुरी के असाधारण कार्यों एवं कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। उत्तरी कमान और इकाइयों के सैनिकों ने असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए अक्सर अपनी मातृभूमि की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अपने जीवन को दांव पर लगा दिया है। उनके उल्लेखनीय कार्य और बलिदान उच्चतम मानकों जैसे असाधारण वीरता, अदम्य साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता के उदाहरण है जो भारतीय सेना के चरित्र को परिभाषित करते हैं।

नया आयाम | संभल, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर व औरैया स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में निर्माण कार्यों को स्वीकृति

# विश्वस्तरीय सुविधाओं से जुड़ेंगे पॉलिटेक्निक कॉलेज

विकास तिवारी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के चार राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार किया जा रहा है। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों को आधुनिक और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने से छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिलेगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को नया आयाम मिलेगा।



प्रदेश के संभल, मैनपुरी, सिद्धार्थनगर और औरैया स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक, चंदौसी, सम्भल, एम.एम.आई.टी., सिद्धार्थनगर, राजकीय पॉलिटेक्निक, छाछा भोगांव, मैनपुरी, एम.एम.आई.टी., औरैया शामिल है।

इस कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिए लैंग्वेज लैब, लेक्चर रूम, ट्यूटरियल रूम और गर्ल्स कॉमन रूम के निर्माण के साथ साथ 50-सीटेड सेमिनार हॉल और कॉलेजों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बकायदा शासनादेश जारी किया गया है, इसके लिए करोड़ों रुपये की धनराशि भी स्वीकृत किया गया है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि सरकार का यह कदम प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह श्नए भारत के नए उत्तर प्रदेशश् के विजन को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आधुनिक प्रयोगशालाओं, सेमिनार हॉल और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास से छात्रों को व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, जिससे वे उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बन सकेंगे।

### युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ रही योगी सरकार

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें तकनीकी शिक्षा से जोड़ने पर फोकस किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेजों के उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इससे पहले भी राज्य सरकार ने मिशन रोजगार के तहत विभिन्न तकनीकी संस्थानों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए व्यापक निवेश किया है। सूत्रों ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के विस्तार को लेकर सरकार नई नीतियों और योजनाओं पर लगातार कार्य कर रही है। इस नई परियोजना से न केवल छात्रों को उन्नत सुविधाएँ मिलेंगी, बल्कि शिक्षक और प्रशासनिक स्टाफको भी शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो। इस दिशा में हो रहे प्रयासों का लाभ न केवल छात्रों को मिलेगा, बल्कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति को भी गति मिलेगी। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। इससे युवाओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ भविष्य के रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताएँ हासिल करने में मदद मिलेगी।

# डीएम की नागरिक संगम पहल से त्वरित हो रहा समाधान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ÷नागरिक संगम÷ कार्यक्रम की शुरुआत की। बुधवार को नगर पंचायत कटराबाजार ब्लॉक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। नगर पंचायत कटराबाजार ब्लॉक परिसर में नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। कोई राशनकार्ड की



- रस्तोगी टोला, दलाल टोला वार्ड में साफ-सफाई व अन्य कार्यों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश
- प्रशासनिक पारदर्शिता और संवाद बढ़ाने का प्रयास
- जनसुविधाओं पर ध्यान केंद्रित

मांग तो कोई आवास की मांग के साथ-साथ कहीं पेंशन, बिजली की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड दलाल टोला, रस्तोगी टोला में मौके का निरीक्षण भी किया और तत्काल प्रभाव से वार्ड की समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पंचायत कटराबाजार को दिए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक प्रार्थना पत्र आवास की मांग को लेकर दिए गए, तथा कुछ प्रार्थना पत्र पेंशन एवं बिजली विभाग से संबंधित दिये गए। नागरिक संगम कार्यक्रम के उपरांत ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनवाड़ी विभाग के द्वारा वहां पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई। नागरिक संगम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, तहसीलदार करनैलगंज मनीष कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटराबाजार संजय कुमार मिश्र, डीएसओ, डीपीओ, कार्यक्रम, डीपीओ प्रोबेशन, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी, अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उनकी सक्रियता और समन्वय से यह कार्यक्रम सफल रहा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने गोंडा में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

# घूस लेते बिजली विभाग का कर्मचारी गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के टेक्नीशियन अंबेश श्रीवास्तव को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई यशमय इंटरनेशनल स्कूल के सामने की गई, जहां वह चिड़ियापुर निवासी सिद्धनाथ शुक्ला से विद्युत कनेक्शन के नाम पर रिश्वत ले रहे थे।
गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नगर कोतवाली ले जाया गया, जहां बिजली विभाग के अन्य टेक्नीशियनों ने विरोध प्रदर्शन किया। टेक्नीशियनों का आरोप था कि एंटी करप्शन टीम बिना ठोस कारण के काम में हस्तक्षेप करती है।मामला तब शुरू हुआ जब पीड़ित सिद्धनाथ शुक्ला ने गोंडा देवीपाटन मंडल एंटी करप्शन थाने में शिकायत दर्ज कराई। एंटी करप्शन टीम ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण



अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीम ने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी को रिश्वत लेने की छूट नहीं दी जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
कई अधिकारियों पर हो चुकी कार्रवाई यह पिछले कुछ महीनों में एंटी करप्शन टीम की दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अब तक बिजली विभाग के कई ऐसे अधिकारियों को और कर्मचारियों को गिरफ्तार करके एंटी करप्शन की टीम जेल भेज चुकी है जो रिश्वतखोरी में शामिल थे।

# सड़क की मरम्मत होने का प्रमाण पर उपलब्ध कराएंगे जिलाधिकारी

- सड़क की मरम्मत न करने पर कार्यदायी संस्था के खिलाफ होगी कार्रवाई

**गोण्डा देवीपाटन, समृद्धि न्यूज़।**



आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत खोदी जाने वाले सड़कों को ठीक न करने पर कड़ा कदम उठाया है उन्होंने मंडल के सभी जिलों के डीएम को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप डालने के दौरान खोदी गई सड़कों को ठीक न करने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाये। साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जिसमें वे प्रमाणित करें कि ÷अमृत पेयजल योजना के अंतर्गत पाइप डालने के दौरान खोली गई सभी मुख्य मार्ग, लिंक मार्ग, संपर्क मार्ग, चकराडो एवं उनकी पटरियों की मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य करा दिया गया है और अब ऐसी कोई सड़क शेष नहीं है।

आयुक्त देवीपाटन ने कहा कि पेयजल योजना के अंतर्गत सड़क खोदने से आमजन को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। सड़क खोदने के बाद बाद मरम्मत न करने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। लोगों को बेहतर सड़क मार्ग उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। अतः सड़क खोदकर पाइप डालने के बाद सड़क मार्ग को ठीक करने की जिम्मेदारी सम्बंधित कार्यदायी संस्था की है अतः यदि संस्था अपने जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करेंगी तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# कवरेज करने गए पत्रकारों पर भड़के खंड शिक्षा अधिकारी, दबंगई दिखाकर छीना मोबाइल

**नवाबगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** लगातार सुर्खियों में रहने वाले प्राथमिक विद्यालय करौंदी की आए दिन खबरें प्रकाशित होती रहती है जहां दिन प्रतिदिन अध्यापकों की लापरवाही देखने को मिलती है न तो समय से कभी विद्यालय के गेट का ताला खुलता है और न ही समय से अध्यापक कभी विद्यालय आते है दिनांक 04/02/2025 को सुबह 11 बजे तक विद्यालय न खुलने की खबर प्रकाशित हुई थी जिसका असर पड़ने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज निरीक्षण करने पहुंचे थे जब पत्रकार उसने जानकारी लेना चाहा तो एसडीआई हर्षित पाण्डेय आग बबूला हो गये और पत्रकार का मोबाइल छीन लिए और बोले जाके ग्राम प्रधान से पूछ लो। जब जिम्मेदार अधिकारियों का मनोबल इतना ऊंचा है तो सोचो अध्यापक कितने जिम्मेदार होंगे ये तो सोचने का विषय है।और अध्यापकों पर ऐसी मेहरबानी दिखाने से साफ–साफ सिद्ध होता है कुछ जिम्मेदार अधिकारीयों की मिलीभगत से ही अध्यापकों का मनोबल चरम सीमा पर रहता है। जब इसकी जानकारी बीएसए गोण्डा से संपर्क किया गया तो उन्होंने ने कहा रूको हम बात करके बताते है।



खंड शिक्षा अधिकारी

# भारतीय भौतिक शास्त्री हर देश में दे रहे अपना योगदान : प्रो. जितेंद्र सिंह

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

भारतीय भौतिक शास्त्रियों ने देश के विकास के साथ साथ विदेशों में भी अपनी प्रतिभा से देश का परचम लहराया है आज कोई भी ऐसा विकसित देश नहीं जहाँ भारतीय वैज्ञानिक अपना योगदान न दे रहे हो, आप सब उनके से एक हो सकते हैं। यह बात भौतिकी के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र सिंह ने भौतिकी विभाग के एक दिवसीय विभागीय सेमिनार को संबोधित करते हुये कही। प्रो. सिंह ने एम एस सी भौतिकी के छात्र छात्राओं से कहा की आज के सेमिनार में आप सभी द्वारा अपने टॉपिक पर प्रस्तुतिकरण से आत्म विश्वास की वृद्धि होगी।

असिस्टेंट प्रो संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ईश्वर के बाद विज्ञान ही है जो असंभव कार्य को संभव करता है विशेषकर भौतिक विज्ञान कठिन कार्य को सरलता करने के बारे अवगत कराता है। इस



अवसर पर एम एस सी भौतिकी के 35 छात्र छात्राओं द्वारा अपने अपने लघु शोध पत्र प्रस्तुत किए गए जिनमे प्रमुख रूप से अंजलि अग्रहरि द्वारा वन एंड थ्री डाइमेंशनल इन क्वांटम मैकेनिक्स, काजल पांडे द्वारा बेसिक कॉन्सेप्ट ऑफ़ लेज़र एंड इट्स एप्लिकेशन, आख्या पांडे द्वारा एरर एंड मेजरमेंट, नूर तुबा अंसारी द्वारा रमन स्पेक्ट्रा, शैलजा सिंह द्वारा कॉन्सेप्ट ऑफ़ स्केटरिंग एंड अब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रा, प्रशांत मिश्रा द्वारा विंड एनर्जी महविश कादरी द्वारा फैंक कैंडन प्रिंसिपल पंकज कुमार मौर्य द्वारा ओशियन थर्मल एनर्जी कन्वर्शन देवेश कुमार मिश्रा द्वारा हाइड्रो पॉवर एनर्जी पर अपने अपने लघु शोध के पत्र प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने फर्मी थ्योरी, सेंट्रल फोर्स प्रॉब्लम लैपलेस एंड फ़ॉरियर ट्रांसफॉर्मेशन, ऑप्टिकल सेंसर, स्पेशल फंक्शन, काम्प्लेक्स वेरिएबल, शेल मॉडल व न्यूक्लियर एनर्जी आदि जैसे टॉपिक पर आधारित अपने अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डॉ देव नारायण पांडे, डॉ अवनीश मिश्रा, शोभित मौर्य व अनुराधा गुप्ता द्वारा भविष्य में भौतिकी के क्षेत्र में कैरियर के अवसर पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। सेमिनार का प्रारंभ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के पश्चात प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत अंजलि अग्रहरि, काजल पांडे व दीपशी मिश्रा द्वारा तथा संचालन आयुष तिवारी द्वारा किया गया। सेमिनार में अपना प्रस्तुतिकरण करने वाले मनीष, मधु, नंदिता सिंह, ज्ञानेश, प्रज्ञा, देवेश, सुभी, जितेंद्र चौहान, मोनिका, शुभांगी, श्याम्, महफूज, सोनाली, वशिष्ठ तिवारी, रुश्दा फातिमा, ओंकार नाथ मिश्रा, संजय, दीपाली, अजय कुमार, नितेश शुभी सिंह, पवन दीपांशी, प्रगति, महेंद्र व अखिलेश यादव प्रमुख रहे। सेमिनार को सफल बनाने में भौतिकी विभाग के लैब असिस्टेंट आशीष चौधरी व सहायक राम बचन, संजय ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबरें एक नजर में

### मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन नौ को

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अवध प्रांत के तत्वावधान में 09 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से गेंदघर मैदान में आयोजित होने वाले मेगा चिकित्सा शिविर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीडीओ, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उप निदेशक कृषि, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक निदेशक मत्स्य एवं परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया है कि मेगा चिकित्सा शिविर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीकरण, पम्पलेट, चश्मा एवं दिव्यांग व्यक्तियों को उपकरण इत्यादि का वितरण सुनिश्चित करायें। जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बहराइच रमेश कुमार ने बताया कि मेगा चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### बिना परमिट काटे गए अनेक प्रतिबंधित हरे पेड़

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के पिपरिया में लगे दो दर्जन से अधिक प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ वन विभाग की मिली भगत से काट लिया गया, डीएफओ ने जांच के आदेश दिए हैं। सरकार की तरफ से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हर वर्ष करोड़ो की संख्या में वृक्षारोपण करवाया जाता है। लेकिन विभाग के कुछ जिम्मेदार की मिली भगत से हरे पेड़ो पर आरा चलवा देते हैं। ताजा मामला नानपारा रेंज के पिपरिया का है जहां एक किसान के खेत में लगे लगभग दो दर्जन से अधिक प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ो पर आरा चलवा दिया गया। सूत्रों की मानें तो वन विभाग के जिम्मेदारों का ठेकेदार के सर पर हाथ था। इसकी जानकारी जब रेंजर नानपारा को हुई तो मौके पर जांच करने का आदेश डिप्टी रेंजर को दिया। मौके पर डिप्टी रेंजर ने जांच की तो पता चला कि दो दर्जन से अधिक पेड़ को काटा गया है जिनको परमिट भी नहीं है,अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि इतनी संख्या में हरे पेड़ो की कटाई कैसे हो रही। इस मामले को लेकर प्रभागीय वन अधिकारी बहराइच अजित सिंह को फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।



### भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के दुसरे दिन सांयकाल की बेला पर बाहर से आयें हुए आमंत्रित भजन कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान हुआ। भजन की शुरुआत स्थानीय भजन गायक गोकुल चंद्र शर्मा, पुनीत बंसल, और परमानन्द शर्मा ने किया। भक्तों ने पंक्ति में लगकर बाबा-दादी का दर्शन कर आर्शीवाद लिया। आये हुए भजन गायकों को बलरामपुर के सतीश अग्रवाल, बढ़नी से हिंमाशु कंछल और कमेटी के मंत्री सुशील पचेरिया ने दुप्पटा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पुनीत बंसल ने किया भजन समाप्ति पर सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश, सुशील, अनिल, अरिहंत, उत्कर्ष, पुनीत, आशीष, विशाल, राजेश, शलभ, अजय, बलरामपुर से प्रदीप अग्रवाल एवं श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति, नीतू, विभा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# यूपीएस डीहा में एसटीईएम लैब का बीएसए ने किया उद्घाटन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिले में बाल रक्षा भारत एवं कैप्री के सहयोग से चित्तौरा और हुजूरपुर में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) में सुधार के लिए एक विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के छात्रों में बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल को सुदृढ करना है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि हो सके। जिसका लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

बाल रक्षा भारत द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत यूपीएस डीहा, ब्लॉक चित्तौरा, बहराइच में एसटीईएम लैब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित लैब स्थापित



- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है
- बाल रक्षा भारत एवं कैप्री के सहयोग से चित्तौरा और हुजूरपुर में संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम

किया गया है। जिसका उद्घाटन बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा द्वारा किया गया।इस दौरान बाल रक्षा भारत के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को एसटीईएम लैब के विभिन्न मॉडलों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें एसटीईएम शिक्षा के माध्यम से सीखने और खोज करने के लिए प्रेरित किया। इस लैब की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने, तार्किक सोच विकसित करने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसटीईएम लैब शिक्षा के माध्यम से छात्रों को समस्या समाधान, नवाचार और रचनात्मकता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे अपने कौशल और ज्ञान को और अधिक प्रभावी ढंग से विकसित कर सकें। यह पहल बहराइच के विद्यार्थियों के लिए एक नए युग की शुरुआत है, जहां वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित लैब (एसटीईएम) के विभिन्न पहलुओं को व्यावहारिक रूप से सीखकर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान यूपीएस डीहा के शिक्षक, बीआरसी चित्तौरा के अधिकारी कर्मचारी के साथ बाल रक्षा भारत की टीम उपस्थित रही।

# कुंभ में लापता बुजुर्ग का मिला शव

- मौनी अमावस्या स्नान में हुए थे लापता, 5 दिन बाद गांव पहुंचा शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के औराही गांव से 28 जनवरी को कुंभ स्नान के लिए बेटे के साथ गए वृद्ध की भगदड़ में मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद पता न चलने पर बस जिले को रवाना हो गई। परिवार के लोग दोबारा खोजबीन के लिए गए तो मोतीलाल नेहरू मर्च्यूरी में शव मिला। जिला मुख्यालय पर शव पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है। हरदी थाना औराही गांव से कुंभ स्नान के लिए बस गई थी। जिसमें क्षेत्र के लोग भी कुंभ के लिए गए थे। गांव निवासी सोहन (56) बेटे पांचू के साथ



मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए 28 जनवरी को पहुंचे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामफल मिश्रा ने बताया कि वहां कुंभ भगदड़ में 28 की रात को सोहन की मौत हो गई। साथ के लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर बस से अन्य लोग वापस गांव आ गए। इसके बाद बेटा पांचू समेत अन्य परिवार के लोग प्रयागराज गए। वहां खोजबीन की तो मोतीलाल नेहरू मर्च्यूरी में शव मिला। बेटे राजेश ने बताया कि प्रयागराज से शव लेकर आए हैं।

# 19 को पंचायत उपचुनाव का मतदान, 8 फरवरी से नामांकन शुरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में त्रि-स्तरीय पंचायत के रिक्त पदों पर होने वाले उप निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफिसर्स को निर्देश दिया कि निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना का ग्राम प्रचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उप निर्वाचन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर तद्नुसार निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। डीएम ने सभी निर्वाचन



- उप निर्वाचन के लिए प्रशिक्षित किए गए आरओ-एआरओ

अधिकारियों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि नामांकन पत्रों की बिक्री, नामांकन से सम्बन्धित आवश्यकत सूचनाएं, नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की जांच इत्यादि में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी की उम्र की अर्हता/अनर्हता के निर्धारण का सुसंगत दिनांक, नामांकन पत्रों की जांच का दिनांक होगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निर्वाचन के लिए निर्गत समय सारिणी की जानकारी देते हुए बताया गया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक) होगी, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का 10 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि 11 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक) तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा। उप निर्वाचन के मतदान की तिथि 19 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 07:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक) होगी जबकि मतगणना का कार्य 21 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक होगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सदस्य ग्राम पंचायत के 68, प्रधान ग्राम पंचायत के 05 व सदस्य क्षेत्र पंचायत के 03 रिक्त पदों कुल 76 पदों पर उप निर्वाचन होना है। सदस्य ग्राम पंचायत पद के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु. 150.00, जमानत की धनराशि रू. 500.00 व अधिकतम व्यय सीमा रू. 10,000.00 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत व प्रधान ग्राम पंचायत पद के लिए नाम निर्देशन पत्र का मूल्य रु. 300.00, जमानत की धनराशि रु. 2,000.00 व अधिकतम व्यय सीमा रु. 75,000.00 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की बिक्री पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक ही जानी है। प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को नामांकन पत्रों की बिक्री, नामांकन प्राप्त करना, नाम निर्देशन पत्रों की जांच तथा उम्मीदवारी वापस लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन प्रकिया के बारे में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राज कुमार शुक्ला द्वारा भी आरओ., एआरओ को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

# मृत आत्मा की शांति के लिए सपा ने मौन धारण करते हुए दी श्रद्धांजलि

**मृत युवती को न्याय दिलाने व सरकार की तरफ से उचित मुआवजा देने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग**




**बहराइच समृद्धि न्यूज।** समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष मनु देवी के नेतृत्व मे भारी संख्या मे महिला पदाधिकारियों व अन्य पार्टीगणों ने बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा पर मृत आत्मा की शांति के लिए मौन धारण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व सरकार की तरफ से उचित मुआवजा देने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए मांग करते हुए प्रोटेस्ट किया गया। महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी ने बताया कि कुछ दिनों पहले अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां सरदार पटेल वार्ड में एक दलित परिवार की युवती 3 दिन से लापता थी जिसको लेकर उसके परिजनों ने उस बच्ची को ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने मौके पर कोई सक्रियता नहीं दिखाई अगर पहले ही दिन पुलिस सचेत हो जाती तो उस बिटिया के साथ यह जघन्य घटना न हुई होती और वह आज जिंदा होती। उन्होंने आगे बताया कि 3 दिन बाद उस दलित बेटी का शव हाथ व पैर बांधे हुए निर्वस्त्र अवस्था में मिला उसकी दोनों आँखें फोड़ दी गई हैं उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है। यह घटना न केवल दिल को झकझोर देने वाली है, बल्कि समाज के लिए एक शर्मनाक धब्बा भी है। जिलाध्यक्ष मनु देवी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चाहे देश हो या प्रदेश हो महिलाएं खुद को कही भी सुरक्षित नहीं महसूस कर रही है। यह सरकार सिर्फ झूठे दावें करती है बहन बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर यह काफी संवेदनहीन है और यह सरकार किसी के दु:ख और दर्द को नहीं समझती। इस प्रोटेस्ट मे नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, हुस्न आरा, खुशनुमा, पुनम गुप्ता, महक शाह, जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी पेशकार राव, जिलाध्यक्ष अनुसूचितजाति प्रकोष्ठ संत कुमार पासी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवजन सभा शैलेश सिंह शैलू, तुफैल खान नाना आदि पार्टी जन मौजूद रहें।

# सीमा सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर

- भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और वन विभाग की संयुक्त गश्त, ग्रामीणों को किया सतर्क

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव संरक्षित क्षेत्र से सटे भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और वन विभाग की टीम ने संयुक्त गश्त अभियान चलाया।

इस अभियान का नेतृत्व एसएसबी की 70वीं वाहिनी के



**सीमा पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क**
भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसएसबी और वन विभाग लगातार गश्त कर रहे हैं। प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके।

कमांडेंट अतुल कार्की के निर्देश पर किया गया।गश्त के दौरान टीम ने सरहदी इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की हिदायत दी। सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती गांवों के लोगों को किसी भी अज्ञात व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। संयुक्त गश्त अभियान में कई सुरक्षा अधिकारी और जवान शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से एसएसबी टीम ने निशानगाड़ा के कंपनी कमांडर उप निरीक्षक केशव कुमार यादव, बीओपी धर्मापुर के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक उमेश नाथ, बीओपी बेनुआकुंआ इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक गुमना राम, मुख्य आरक्षी गुरप्रीत सिंह, अंकित बाबू, पंकज सिंह राणा, 59वीं वाहिनी डी समवाय मुर्तिहा के कंपनी कमांडर रामानंद सागर, सलारपुर बीओपी के इंचार्ज उप निरीक्षक प्रशांत प्रकाश वहीं वन विभाग की टीम में धर्मापुर रेंज के वन दारोगा मुनीश कुमार, वाचर राजेश कुमार यादव रहे। संयुक्त टीम ने सलारपुर बीओपी नं. 680/13 से बीओपी नं. 682/01तक सघन गश्त अभियान चलाया। इस दौरान जंगल के रास्तों, सीमावर्ती गांवों और अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को भी समझा। गश्त के दौरान सुरक्षा टीम ने सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को आगाह किया कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को दें। टीम ने खासकर जंगल के रास्तों पर निगरानी बढ़ाने की बात कही ताकि किसी भी तरह की तस्करी या अवैध घुसपैठ को रोका जा सके।

# कतर्नियाघाट में बाघ व तेंदुए की मौत के बाद अलर्ट मोड पर वन विभाग

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य में हाल ही में बाघ और तेंदुए की मौत के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ट्रेन, बसों और निजी वाहनों की तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीमें अलर्ट मोड में आ चुकी हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। कतर्नियाघाट में बीते दो दिनों में एक बाघ और एक तेंदुए की मौत की घटनाओं ने वन्यजीव सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। पहले कतर्नियाघाट रेंज के गेरुआ नदी के पास एक बाघ का शव बरामद हुआ, फिर ककरहा रेंज के एक सूखे कुएं से तेंदुए का शव मिला। इन घटनाओं के



बाद वन विभाग हरकत में आ गया और पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस अभियान का नेतृत्व वन दरोगा मयंक पांडे कर रहे हैं। उनके साथ डॉग हैंडलर हीरालाल यादव, वनकर्मी गुलाम और विनोद तथा एसटीपीएफ (स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स) के जवान भी शामिल हैं। इन सभी की मदद से चेकिंग अभियान को प्रभावी बनाया जा रहा है। वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने जगह-जगह चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। ट्रेनों, बसों और निजी वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों की तलाशी ली जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला चिकित्सालय (पुरुष/महिला) की रोगी कल्याण समिति (शासी निकाय) की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में समिति द्वारा जिला चिकित्सालय (पुरुष) में जनमानस की सहूलियत हेतु अतिरिक्त दवा वितरण काउंटर बनाए जाने, चिकित्सालय में स्थापित आरओ की सर्विस एवं मरम्मत कार्य, एसी, कूलर एवं पंखा मरम्मत, तीमारदारों के बैठने हेतु स्टूल क्रय किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत चिकित्सालयों में सभी एसी, कूलर एवं पंखे के मरम्मत का कार्य का ससमय पूर्ण करा लिया जाए, जिससे गर्मी में मरीज व तीमारदारों को कोई समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान देखा गया है कि एक्स-रे कक्ष में अधिक भीड़ रहती है इसके दृष्टिगत टोकन सिस्टम की व्यवस्था लागू की जाए और वेटिंग एरिया में पीए सिस्टम की व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे मरीज वेटिंग एरिया में बैठकर नंबर आने पर सुगमता से अपनी जांच करवा सके। चिकित्सालय में पर्याप्त व्हील चेयर, स्ट्रेचर की व्यवस्था के साथ मरीजों व तीमारदारों हेतु स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

## क्रिकेट मैच खेलने के दौरान मधुमक्खियों ने किया हमला

सलोन रायबरेली। क्रिकेट मैच खेलने के दौरान मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों पर हमला कर दिया जिसमें तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। जिनको नजदीकी अस्पताल में इलाज करवाया घर भेज दिया गया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के बेवली ग्राम सभा में पांच दिन पहले प्रीमियर लीग मैच का शुभारंभ किया गया था। जिसमें बुधवार दोपहर को लीग क्रिकेट मैच चल रहा था। इसी दौरान खेल मैदान में मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। जिससे मैच खेल रहे खिलाड़ियों में बचने के लिए भगदड़ मच गई। वही मैच देख रहे लोग भी इधर-उधर बचने का प्रयास करने लगे। इस दौरान मधुमक्खियां के काटने से तीन खिलाड़ी घायल हो गए। जिनको साथियों ने नजदीकी अस्पताल में इलाज करवा कर घर भेज दिया गया।

# श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से टोल के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों खुद को नगर पालिका परिषद रायबरेली का कर्मचारी बता रहे थे। पैसा न देने पर श्रद्धालुओं को जानमाल की धमकी भी देते थे। दोनों के खिलाफ रिश्वत लेने, जबरन वाहन सवार श्रद्धालुओं को रोकने का केस दर्ज किया गया है।

एक वाहन सवार श्रद्धालु रंजीत का दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें रंजीत ने आरोप लगाया था कि टोल के नाम पर रायबरेली-अयोध्या हाईवे शारदा नहर के निकट खसपरी तथा रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे के निकट गड़ेरियन का पुरवा मजरे राही पर अवैध वसूली की जा रही है। वह संगम में स्नान के बाद अयोध्या से मथुरा जा रहे थे। उनसे 300 रुपये की वसूली की गई है।

> नगर पालिका का कर्मचारी बता कर रहे थे वसूली

**महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से अवैध वसूली का वीडियो हुआ था वायरल:** वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने इसकी जांच शुरू की थी। मिल एरिया थाना प्रभारी राजीव सिंह के मुताबिक जांच में पाया गया कि नगर पालिका का ठेका बताकर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है। मंगलवार को गड़ेरियन का पुरवा निवासी संदीप यादव, लहुरिया मजरे कोड़रस अतुल कुमार दीक्षित को गिरफ्तार किया गया है। जांच में इनके नगर पालिका के कर्मी होने की बात सामने नहीं आई है।

**टेंडर होगा निरस्त: ईओ-** नगर पालिका परिषद रायबरेली के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह ने बताया कि पालिका के जितने भी वाहन स्टैंड हैं, उनके ठेकेदारों को अवैध वसूली न करने की हिदायत दी गई है। रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर गोवर्धन प्रसाद के नाम वाहन स्टैंड है। अवैध वसूली का मामला संज्ञान में आने पर वाहन स्टैंड के टेंडर को निरस्त करने की प्रक्रिया कराई जा रही है। पुलिस की तरफ से गिरफ्तार किए गए आरोपी नगर पालिका के कर्मचारी नहीं हैं।

## खबरें एक नजर में

### मुर्गा-मछली की दुकानों के खिलाफ व्यापारियों ने दी कोतवाल को तहरीर



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** फूल चंद्र पुत्र जगदीश निवासी महाराजगंज थाना महाराजगंज रायबरेली राजकुमार मौर्य पुत्र रामधनी निवासी ग्राम कुसमहुरा थाना रायबरेली ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि राजेश कुमार सोनकर पुत्र राजेंद्र सोनकर बसंत लाल पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम सुखई टाउन एरिया महराजगंज थाना महाराजगंज के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से बिना लाइसेंस खुलेआम मुर्गा व मछली की दुकान खोल रखे हैं और खुले आम मुर्गा मछली का मांस बिक्री करते हैं। जिससे आम जनमानस को व सभी दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे हमेशा बदबू आया करती है जबकि मुर्गा मछली बिक्री हेतु उचित स्थान निश्चित है मना करने पर प्रतिपक्षी लड़ाई झगड़ा पर आमदा रहते है ।प्रार्थी संख्या एक किराना स्टोर वह प्रार्थी संख्या 2 का सार्वजनिक होटल है जिससे हम सभी व्यापारियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने कोतवाल से न्याया की गुहार लगाई। इस मौके पर रामनारायन राजेंद्र कुमार अंकित मौर्य अमरजीत राम स्वरूप मौर्य अमरजीत फूलचंद राजकुमार मौर्य आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### मिट्टी खनन के विरोध में ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के आफताब नगर के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी डलमऊ रजति राम गुप्ता को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दिनेश पुत्र सूर्यपाल यादव निवासी आफताब नगर एवं मोहनलाल पुत्र विश्वनाथ साहू निवासी पुरे धानू मजरे मखदुमपुर ने उनके खेतों के पास लगभग 24 फुट रातों रात मिट्टी खनन करवा लिया है जिससे हम सभी को खेतों में आने–जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण पंकज गुड़िया कृष्णावती राजवती रण बहादुर फूलमती मनीष गणेश श्याम दुलारी तेज बहादुर दिलीप अंकुल श्रीपाल ललित शिवदेवी उषा सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दिनेश एवं सोहनलाल के द्वारा रातों–रात अवैध रूप से मिट्टी खनन करवा कर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे मैं भेजा जा रहा है ग्रामीणों ने एसडीएम से आरोपियों के विरुद्ध जांच करा कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस संबंध में उप जिला अधिकारी डलमऊ राजति राम गुप्ता ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है लेखपाल को जांच के लिए भेजा गया है यदि मिट्टी खनन अवैध रूप से किया गया है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा ही मोक्ष का उत्तम मार्ग: पं. अनिल शास्त्री



**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र की भौसी ग्राम सभा में बीते 3 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अनिल मिश्र शास्त्री ने परीक्षित जन्म, महाभारत प्रसंग एवं शिव पार्वती संवाद पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस संबंध में कथा व्यास श्री अनिल मिश्र शास्त्री ने मुख्य यजमान दिवाकर मिश्र एवं पुष्पा मिश्र सहित समस्त श्रोता बंधुओ को कथा श्रवण कराते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा संपूर्ण संसार का कल्याण करने वाली है, संसार का कोई भी व्यक्ति चाहे उसने जितने पाप किए हो अगर उसने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया है तो प्रभु की कृपा से निश्चित ही उसका कल्याण संभव है। साथ ही साथ उन्होंने महाभारत की कथा पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की और माता पार्वती के द्वारा भगवान भोलेनाथ के मुख से प्रभु श्री राम की सुनी गई श्री राम कथा पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर, भजन गायक पंडित सुशील मिश्र (अभाजन) मुख्य आचार्य गौरव मिश्रा, आचार्य विजय ओझा, नाल वादक अमित तिवारी, पैड वादक अनुज कुमार, कीबोर्ड वादक रामदास सहित समस्त श्रोता बंधु उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया कंपोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आदर्श कंपोजिट विद्यालय उतरौला का निरीक्षण



**बलरामपुर।** परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कंपोजिट कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आदर्श कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें एक अनुपस्थित शिक्षक का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम ने छात्रों से वार्ता की एवं शैक्षिक प्रश्न पूछ शैक्षिक गुणवत्ता जानी। उन्होंने छात्रों से मिड डे मील का भी फीडबैक लिया। उन्होंने बेहतर शैक्षिक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने का दिया निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने एक ही बाउंड्री में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय उतरौला का निरीक्षण किया यह विद्यालय जर्जर भवन में संचालित पाया गया , डीएम ने तत्काल उक्त विद्यालय का संचालन कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में कराए जाने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी उतरौला व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### कांशीराम आवास कॉलोनी में गरीबों के हक पर भ्रष्टाचार का कब्जा

**उतरौला (बलरामपुर)।** गरीबों और आवासहीन लोगों को सस्ते और सुरक्षित आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई कांशीराम आवास योजना आज भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गई है। बसपा शासनकाल में इस योजना का आगाज हुआ था, जिसका उद्देश्य था, समाज के निचले तबके को स्थायी आवास प्रदान करना। लेकिन इस योजना के तहत बने मकानों का आवंटन जरूरतमंदों को न होकर, उन लोगों को किया गया है, जिनके पास पहले से खुद के घर हैं। ये लोग अब इन मकानों को किराए पर चढ़ाकर मोटी रकम कमा रहे हैं, जबकि वास्तविक जरूरतमंदों को यह मकान नहीं मिल पा रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिन लोगों को आवास आवंटित किए गए थे, वे खुद इन मकानों में नहीं रहते। बल्कि इन मकानों को किराए पर दे दिया गया है, और यह लोग इनसे अच्छी खासी आय कमा रहे हैं। मकानों की देखरेख न होने के कारण उनका लगातार बुरा हाल हो रहा है। झाड़ियां और घास–फूस इन मकानों में उग आई हैं, जिससे मकान कमजोर और क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। वहीं, किरायेदारों की लापरवाही के कारण इन मकानों की हालत और भी खराब हो रही है। जिनके पास पहले से अपने घर हैं, उन्हें कांशीराम आवास योजना के मकान क्यों आवंटित किए गए? प्रशासन ने अब तक इन आवंटनों का भौतिक सत्यापन क्यों नहीं किया? आवश्यकता वाले लोग कहां हैं? क्या प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम उठाए होते, तो यह संकट न आता? मीडिया की टीम द्वारा धरातल पर स्थिति का जायजा लेने पर कई ऐसे लोग सामने आए हैं, जिन्हें वाकई मकान की आवश्यकता है। इन लोगों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल उन लोगों की पहचान करनी चाहिए जिन्होंने इन मकानों का दुरुपयोग किया है और उनके आवंटन को रद्द कर वास्तविक जरूरतमंदों को दिए जाने चाहिए। प्रशासन को आवंटन प्रक्रिया का गंभीरता से जांच करनी चाहिए, ताकि केवल वास्तविक जरूरतमंदों को मकान दिए जाएं। जो लोग फर्जी तरीके से आवास योजना का लाभ उठा रहे हैं, उनके आवंटन को तत्काल रद्द किया जाए। जिन लोगों ने इन मकानों को किराए पर चढ़ाया है, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय समाजसेवियों, नागरिकों और संगठनों की मदद से वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान की जाए, ताकि योजना का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके।

# नव आगंतुक थाना प्रभारी को चोरों ने दी सलामी, लाखों का माल किया पार

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

> घटना को अंजाम देने में चोर दो घरों में रहे कामयाब तो दो में हुए नाकामयाब



बीते मंगलवार को निवर्तमान थाना प्रभारी रहे ओमप्रकाश तिवारी के स्थानांतरण के बाद थाने की कमान संभालने पहुंचे नवागंतुक थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी को चोरों ने सलामी देते हुए पुलिस गस्त की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बीते मंगलवार व बुधवार की रात चोरों ने थाना क्षेत्र की चुरुवा चौकी के अंतर्गत सेहगो पश्चिम गांव में चार घरों को निशाना बनाते हुए दो घरों से लगभग 13 लाख रुपए के जेवरात एवं 60000 नगदी रुपए पार कर दिए, तो वही दो घरों में वह अपनी घटना को अंजाम देने में नाकामयाब हो गए। चोरों के आतंक से गांव में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र श्री कृष्ण निवासी सेहगो पश्चिम गांव ने बताया कि वह लोग रात 11:00 बजे भोजन के पश्चात सो गए, देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते जीने की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हुए और उन्होंने कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर लगभग 50000 नगद समेत 7 लाख के जेवरात पार कर दिए। वही महगू खेड़ा मजरे सेहगो पश्चिम गांव निवासी श्री प्रकाश पुत्र नवल किशोर ने बताया कि उनके घर में चोर घर के सामने की कुंडी तोड़कर दाखिल हुए और कमरे में रखे 10000 की नगदी समेत 7 लाख के जेवरात पार कर दिए। इसी गांव के हरिलाल पुत्र परीदीन के घर का भी ताला चोरो के द्वारा तोड़ा गया, परंतु कोई सामान चोरों को नहीं मिल पाया। फिर चोर शिवराम पुत्र पूर्णमासी के घर मे दाखिल होने का प्रयास कर रहे थे, तभी खटपट की आवाज होने से परिजन जाग गए और चीख पुकार मचा दी। जिससे चोर भाग गए। घटना की जानकारी होते ही पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। साथ ही घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। थाना क्षेत्र में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि नव आगंतुक थाना प्रभारी के आगमन पर चोरों ने उन्हें सलामी दे दी है और उनके चार्ज संभालते ही पहली ही रात चोरों ने एक ही गांव मे आतंक काट दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही व जाँच पड़ताल की जा रही है। परंतु अब यह यक्ष प्रश्न उठना अनिवार्य हो जाता है कि नवआगंतुक थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी चोरों की इस चुनौती का जवाब देने में कब तक कामयाब हो पाएंगे?

# बालिका शिक्षा सशक्तीकरण एवं सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



ब्लॉक संसाधन केंद्र राजापुर माफी में बालिका शिक्षा सशक्तिकरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं को मीना मंच के माध्यम से जागरूक करने के लिए दो दिवसीय मीना मंच सुगमकरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका आज समापन हो गया। मास्टर ट्रेनर रिचा गोस्वामी शाजिया परवीन ने प्रतिभागियों को आधा फुल कॉमिक्स अरमान माड्यूल और प्रगति के पंख मॉड्यूल पर आधारित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर के टी एल एम के माध्यम से बताया और कहा कि सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को दोपहर बाद बालिका सशक्तिकरण एवं उसमें नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए गतिविधियों का आयोजन करें।प्रशिक्षुओं को ग्रुप में बांट कर गतिविधियां कराई गई।इस मौके पर कुलसुम तबस्सुम जहां मैंमुना सरस्वती सफीना अख्तर पूनम तिवारी ने अहम भूमिका निभाई।संचालन प्रियंवदा पांडे ने किया।राज्य स्तरीय बालिका रिसोर्स पर्सन श्याम सुंदर पाण्डेय ने पावर एंजेल्स की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बीईओ सुधा वर्मा ने समस्त सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके उपरांत बीईओ ने अपने उद्बोधन में समस्त सुगमकर्ताओं को अपने विद्यालयों में प्रशिक्षण में बताई गई बातें शत प्रतिशत लागू करने हेतु निर्देशित किया।

# प्री वेडिंग के नाम पर भारतीय संस्कृति के साथ हो रहा खिलवाड़

**महराजगंज रायबरेली।** बदलते समय में ऐसे बदले विवाह भारतीयों को लगी पश्चिमी सभ्यता की हवा । तमाम तरह के ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के विवाह में शामिल हो रहे है। जो न देश के लिए हितकर है न समाज के लिए और न ही स्वयं के लिए एक तरफ भारतीय संस्कृति का चीर हरण हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ प्री वेडिंग के नाम पर जमकर नंगा नाच दिखाया जा रहा है। एक तरफ भारतीय संस्कृति में विवाह पवित्र और दो परिवारों को आपसी मिलन का प्रतीक रहता था। लेकिन हिंदुस्तान के टीवी सीरियल और पश्चिमी सभ्यता की ऐसी हवा लगी की शादी के 15 दिन पहले ही लड़का और लड़की को ऐसे स्थान पर ले जाया जाता है। जहां फिल्मी हीरो हीरोइन की तरह उनकी शूटिंग की जाती है। तमाम तरह के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बनाए जाते हैं। जिसे देखकर लोग बहुत ही आनंदित होते हैं। जबकि भारत में यह परंपरा कभी नहीं रही। भारत की परंपरा तो यह रही है कि दो परिवारों के मुखिया मिलकर शादी विवाह तय करते हैं। तथा उसे एक मर्यादा के तहत निभाते हैं। लेकिन प्री वेडिंग के नाम पर जिस तरह युवा भारतीय संस्कृति का मजाक उड़ा रहे हैं। उसे देखने के बाद समाज को सोचना चाहिए।



> वीडियो ग्राफी फोटोग्राफर एवं ब्यूटी पार्लर संचालिकाएं इस धंधे को खूब बढ़ावा देते हैं। प्री वेडिंग के नाम पर जहां ब्यूटी पार्लर वाले जमकर कमा रहे हैं तो वहीं फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर भी पश्चिमी सभ्यता को भारतीय संस्कृति पर हावी करके मोटा माल कमा रहे हैं और देश को अमर्यादित कार्यक्रमों में झोंक रहे हैं।

# चाइनीज मांझा से शिक्षक का कटा गला, पुलिस डायल 112 ने किया खानापूर्ति

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



थाना मिल एरिया के अंतर्गत शिवा जी नगर निवासी डॉ अशोक कुमार गौतम महावीर सिंह डिग्री कॉलेज, हरचंदपुरङ्करायबरेली में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, जो शाम को व्यक्तिगत कार्य हेतु बाइक से इंदिरा नगर जा रहे थे। जैसे ही गोल चौराहा के निकट सर्वोदय नगर स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे, स्थानीय लोगों द्वारा उड़ाई जा रही पतंग जिसमें चाइनीज मंझा लगा हुआ था। चाइनीज मांझा से गला कट गया। हेलमेट और उसकी बेल्ट क्लिप लगी होने के कारण जान बच गई। फिर भी काफी रक्तस्राव हो रहा था। घायल अवस्था में ही अशोक ने 112 में कॉल किया, पुलिसकर्मी आये और कार्रवाई की बात कहकर चले गए। उन्होंने कहा कि अज्ञात लोगों पर स्न.ढ्ढ.क्र दर्ज होना चाहिए। श्री अशोक ने उक्त घटना की सूचना मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी दर्ज दर्ज कराया है, जिसका रिफ्रेंस नंबर 40015825002980 है। बड़ा प्रश्न है कि जब चाइनीज मांझा लाने और बिक्री पर शासन स्तर से रोक है, तो ये सब आते कहां से हैं? और बेचता कौन है? पुलिस विभाग इन पर रोक क्यों नहीं लगाता है? सोशल मीडिया की खबरों के अनुसार शाहजहांपुर/बरेली में पुलिस कर्मी की चाइनीज मांझा द्वारा गला कटने से मृत्यु हो गई। ये तो सिर्फ एक घटना है। हमारे जैसी हजारों घटनाएं रोज होती हैं, किन्तु ऐसी घटनाओं को प्रशासन द्वारा छिपा लिया जाता हैं या फिर लोग स्वयं ही ये मानकर बैठ जाते हैं कि पुलिस अथवा स्थानीय प्रशासन कुछ नहीं करेगा। अर्थात सरकार के द्वारा किए गए आदेश को विफल करने में पूरी की पूरी भूमिका प्रशासन कर रहा है, क्योंकि बिक्री पर रोक न लग पाना प्रशासन पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। रायबरेली के कई चौराहों पर लाउडस्पीकर द्वारा ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट करके कोरमपूर्ति करने से अच्छा है, मांझा बेचने और खरीदने वालों पर ठोस कानूनी कार्रवाई की जाए, किन्तु ऐसा करने में प्रशासन स्वयं नाकाम हैं। चंद रुपयों के खातिर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जो पूरी तरह से निंदनीय है। हम उत्तर प्रदेश शासन से यह मांग करते हैं कि ऐसे स्थानों एवं ऐसे लोगों को चिन्हित करके कानूनी दंड दिया जाए जिससे वहां पर कोई दूसरी घटना न हो। इसके लिए इंतजाम करते हुए सरकार की मंशा पर पानी फेरने वाले लोगों को दंडित करने का काम करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



मनकापुर मार्ग पर ग्रीन फील्ड मैरिज हाल के पास बीते मंगलवार की रात्रि एक ही बाईक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप घायल हो गए। सूचना पा कर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप घायल दो युवकों को जिला अस्पताल गोण्डा के लिए रेफर कर दिया गया जिसमें एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। सादुल्लानगर के विशुनपुर खरहना निवासी अल्ताफ़ उम्र 18 वर्ष पुत्र इरशाद प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोण्डा के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। लारेब उम्र 18 वर्ष पुत्र मुतकल्लिम निवासी विशुनपुर खरहना की हाथ फैक्चर हो गया जिसका गोण्डा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रत्नेश कश्यप उम्र 26 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल निवासी मनुवागढ़ को हल्की चोटें आई हैं जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य सादुल्ला नगर में इलाज चल रहा है। घटना बीते मंगलवार की रात्रि की है तीन लोग एक ही बाइक पर सवार होकर बाजार आये थे सब्जी लेने वापस घर लौटते समय मनकापुर मार्ग पर स्थित ग्रीन फील्ड मैरिज हाल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। और वाहन लेकर फरार हो गया। जिससे तीनों गंभीर रूप घायल हो गए। सी ए च सी मे प्रथम उपचार के बाद दो अल्ताफ व लारैब जिला अस्पताल मे रेफर कर दिया अल्ताफ की रास्ते अमघटी के पास मौत हो गई। डाक्टर विजय भान ने बताया प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल गोण्डा के लिए रेफर कर दिया गया और एक रत्नेश कश्यप का इलाज किया जा रहा है। माँ और बांप का रोकर बुराहाल, फरीदुनिशा माँ का रो रोककर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं जाँच कर कारवाई की जाएगी।

## शाखा प्रबंधक के निधन पर बैंककर्मियों में शोक की लहर



**सूची सलोन, रायबरेली।** बैंक मैनेजर का गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन हो गया।जिससे बैंक कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई।तो वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।सलोन क्षेत्र के जिला सहकारी बैंक सूची में अभय कुमार उम्र लगभग 36 वर्ष शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।जिनका पैतृक निवास सवैया तथा वर्तमान पता रायबरेली हैं। जो काफी दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। जहां देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।तो वही बैंक कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई।साथ में काम करने वाले कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

## ईटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइकसवार महिला की मौत



**बछरावा रायबरेली।** तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक में सवार मां और बेटे नीचे गिर गए, जिसमें मां की ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। बेटा बाल बाल बच गया है। घटना बुधवार दोपहर 1:00 बजे के आसपास की है जब थाना क्षेत्र की ग्राम टेरा बरौला के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर जो ईंटे लादकर बांदा बहराइच मार्ग की ओर आ रहा था। तभी बाइक सवार मोहम्मद इरफान उम्र 30 वर्ष निवासी कठवारा थाना हरचंदपुर अपनी मां सहरुननिशा को लेकर थाना बछरावां जा रहा थे। तभी अघौरा से टेरा बरौला की तरफ जाते समय टेरा बरौला के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक पर सवार युवक सड़क के नीचे खाई में जाकर गिरा। तथा बैठी हुई महिला की ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोग घटना को देख मौके पर एकत्रित हो गए और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर व ट्राली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# जिलाधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

> प्रशासनिक सुधार के जारी किए निर्देश

उतरौला (बलरामपुर)

बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बलरामपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की सत्यता परखने तथा परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में उपस्थित डी एम, सीएचसी अधीक्षक सी.पी. सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त की और समस्याओं की पहचान कर तत्काल सुधार के आदेश जारी किए। निरीक्षण के दौरान डी एम ने प्रसव कक्ष में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से यह जानकारी ली कि कहीं मरीजों से अतिरिक्त पैसा या बाहरी स्रोत से दवा मंगवाने का प्रावधान तो नहीं किया जा रहा है। भर्ती मरीजों ने आश्वस्त किया कि न तो कोई अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है और न ही दवाइयों को बाहर से लिखवाया जाता है। इस तथ्य से यह पुष्टि हुई कि प्रसव कक्ष में सरकारी नियमों के अनुसार ही सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डी एम ने स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे टीकाकरण अभियानों और एक्स-रे सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। दवाइयों की एक्सपायरी तिथि की जांच की गई ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि मरीजों को केवल मान्य और सुरक्षित दवाइयाँ ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही जननी मातृत्व सुरक्षा योजना की जानकारी भी सीएचसी अधीक्षक से प्राप्त की गई, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी योजनाओं के तहत मां एवं नवजात शिशुओं को समय पर लाभ प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि न पा द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय में ताला बंद होने के कारण स्थानीय जनता में नाराजगी जाहिर हो रही है। इस मुद्दे पर अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक कदम उठाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश जारी किए। उतरौला क्षेत्र में भीड़भाड़ को देखते हुए, डी एम ने निर्देश दिया कि आउट पेशेंट विभाग को परिसर में बने अन्य भवन में स्थानांतरित किया जाए। इससे मरीजों को बेहतर सुविधा और आराम से इलाज मिलने की संभावना बढ़ेगी तथा भीड़ कम होने से सेवा में सुधार आएगा। चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की गहन जांच की गई। साथ ही, सीएचसी परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति पर भी ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी को परिसर की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि स्वास्थ्य केंद्र का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे। इस औचक निरीक्षण में सीएचसी अधीक्षक सी.पी. सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि सरकारी योजनाओं की सत्यता और स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पर निरंतर नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामने आई समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और नियमित निरीक्षणों के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा किया गया यह औचक निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन ने सरकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन, मरीजों की सुविधा तथा परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। आने वाले दिनों में इन सुधारों के प्रभाव से क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने की आशा जताई जा रही है।



## क्रिकेट खेल में भारतीय डंका

दो फरवरी का दिन देश के लिए बहुत ही खास और गौरवान्वित करने वाला रहा। एक तरफ जहां भारतीय क्रिकेट टीम की लड़कियां अंडर-19 विश्व कप में धमाल मचाती हुई विश्व कप पर दुबारा कब्जा जमाने में सफल रहीं तो वहीं दूसरी तरफ पुरुष वर्ग ने भी अपना जौहर दिखाया और इंग्लैंड को 150 रनों से हराकर टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया। दोनों ही उपाधियों से भारत का सिर गर्व से और ऊंचा हो गया। भारत की इस जीत के दौरान अभिषेक शर्मा के रूप में क्रिकेट का एक ऐसा स्टार सामने आया है जो इसी तरह अगर खेलता रहा तो वह जल्द ही क्रिकेट का सुपरस्टार बन जाएगा। जिसके तारीफ के चर्चे दुनिया में खूब हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में तो लोग इनके दीवाने हो चुके हैं और अपने खिलाड़ियों की लोग मजाक उड़ा रहे हैं। फिलहाल अभिषेक शर्मा ने इस मैच में जिस तरह से बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है उसमें उनके उपदेशक युवराज सिंह वाले खेल की झलक मिलती है। पंजाब के लिए खेलने वाले इस बल्लेबाज को कोविड-19 के दिनों में अभिषेक शर्मा युवराज सिंह से खासा प्रभावित थे और उस दौरान उन्हें कुछ सीखने को मिला था। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर खेली गई 135 रनों की विस्फोटक पाली को देखने के बाद युवराज सिंह ने कहा था कि मैं तुम्हें यही देखना चाहता था। उन्होंने मात्र 37 गेंदों में ही शतक लगा दिया। यह रोहित शर्मा और डेविड मिलर द्वारा 35 वेदों में लगाए गए शतकों के बाद तीसरा सबसे तेज शतक है। यह 13 छक्के लगाकर मैच में सर्वाधिक सबसे अधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। वह जिस अंदाज में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को एक एक कर धुन रहे थे, उससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों को समझ में ही नहीं आ रहा था कि वह बल्लेबाजी करें तो कहां से। भारत के गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से आक्रामक अंदाज में खेलने का फैसला किया गया है। जिसके बहुत बेहतर प्रणाम देखने को मिले हैं। भारत ने पिछले साल इसी प्रारूप पर विश्व कप जीता था और यही अंदाज चलता रहा तो अगला विश्व कप भी आ सकता है। इस मुकाबले की खास बात यह है कि लंबे समय तक क्रिकेट से जुदा रहने वाले मोहम्मद शमी भी रंगत पाने में सफल रहे। उन्होंने 35 रनों पर तीन विकेट लेकर भारत को 150 रनों पर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत को इसी महीने चैंपियन ट्रॉफी में अपना अभियान भी शुरू करना है। जिसमें बुमराह को भाग लेने को लेकर अभी संशय बना हुआ है। ऐसी स्थिति में मोहम्मद शमी का तैयार होना एक उम्मीद बनाता है। जहां तक लड़कियों की सफलता की बात है तो उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान दबदबे के साथ अपना प्रदर्शन किया है। जो भविष्य के लिए एक उम्मीद बांधता है। इस सफलता के दौरान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली चित्रा गोंगाड़ी और सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा ने तो अभी से स्टार का दर्जा हासिल कर लिया है।

# दूर हटो ऐ दुनिया वालों हिन्दुस्तान हमारा है...



**(कवि प्रदीप की जयंती/06 फरवरी 1915) पर विशेष**

**अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाले ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। उन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतंत्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष के लिए आह्वान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा। स्वाधीनता के पूर्व- फ़दूर हटो ऐ दुनिया वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है... और स्वतंत्रता के बाद- ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी... जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं। वे दुनियां के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे। इनमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आए। और राष्ट्र भक्ति के ही 100 से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गए।**

**रमेश शर्मा**

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में करोड़ों प्राणों के बलिदान हुए। ये बलिदान साधारण नहीं थे । पर इन बलिदानों के लिये आह्वान करने वाले शब्द साधकों की भी एक धारा रही है जिन्होंने अपने शब्दों की शैली और गीतों के माध्यम से राष्ट्र जागरण का अभियान छेड़ा। यह अभियान स्वतंत्रता के पहले भी चला और स्वतंत्रता के बाद भी। अपनी रचनाओं से राष्ट्र जागरण करने वाले ऐसे ही कालजयी रचनाकार हैं कवि प्रदीप। उन्होंने जीवन भर अपने ओजस्वी गीतों से पूरे राष्ट्र चेतना की अलख जगाई। स्वतंत्रता के पूर्व यदि उनके गीतों में संघर्ष के लिए आह्वान था तो स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण की उत्प्रेरणा। स्वाधीनता के पूर्व- दूर हटो ऐ दुनिया वालो ये हिन्दुस्तान हमारा है... और स्वतंत्रता के बाद- ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी... जैसे अमर गीत के रचयिता कवि प्रदीप ही हैं । वे दुनियां के उन विरले गीतकारों में से हैं जिनका हर गीत लोकप्रिय हुआ । उन्होंने दो हजार से अधिक गीत लिखे। इनमें लगभग 1700 गीत फिल्मों में आए और राष्ट्र भक्ति के ही 100 से अधिक गीत हर देशवासी की जुबान पर चढ़ गए । ,

ऐसे अमर गीतों के गीतकार कवि प्रदीप का जन्म 06 फरवरी 1915 को मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले के बड़नगर में हुआ। उनके पिता रामचंद्र द्विवेदी आर्य समाज से जुड़े थे । घर में राष्ट्रसेवा सांस्कृतिक गरिमा का वातावरण था। इसलिए प्रदीप जी मन और विचार से बचपन से राष्ट्र और संस्कृति चेतना से भरे थे । उनकी प्रारंभिक शिक्षा बड़नगर में और उच्चशिक्षा लखनऊ में हुई। कविता लिखने का शौक उन्हें बचपन से था। वे एक दृश्य देखकर अथवा कोई प्रसंग सुनकर बहुत प्रभावी गीत या कविता रच देते थे। वह इस वजह से लखनऊ विश्वविद्यालय में लोकप्रिय हो गए । पढ़ाई के दौरान ही उनकी भेंट उस समय के एक प्रखर और प्रभावशाली कवि गिरिजा शंकर दीक्षित से हुई। दीक्षित जी अपने समय में कवि सम्मेलनों के लोकप्रिय कवि और उनके शिक्षक भी थे। उनके मार्गदर्शन में गीत जीवन की यात्रा आरंभ हुई। प्रदीप जी ने 1939 में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक बनने की तैयारी शुरू की पर गीत रचना निरन्तर जारी रही।

उनके शिक्षक दीक्षित जी के पिता बलभद्र प्रसाद जी भी अपने समय के लोकप्रिय गीतकार थे। और उनके कुछ गीत फिल्मों में आए थे। वे प्रदीप जी के गीतों से बहुत प्रभावित थे। उन्हीं दिनों प्रदीप जी नेचल चल रे नौजवान... एक गीत लिखा। दीक्षित जी ने यह गीत मुम्बई भेज दिया । यह गीत एक फिल्म नौजवान में आ गया। फिल्म लोकप्रिय हुई और गीत भी। यह फिल्म 1940 में रिलीज हुई थी। इस गीत के साथ प्रदीप जी रातों-रात पूरे देश में लोकप्रिय हो गए । 1942 में उनका दूसरा गीत मानों भारत छोड़ो आंदोलन का एक मंत्र बन गया। यह गीत था- आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है...। यह गीत समाज का आह्वान करने वाला था। यह आंदोलन के दौरान हर गली चौराहे पर गाया गया। 1944 में उनके एक और गीत दूर हटो ऐ दुनिया वालो, ये हिन्दुस्तान हमारा है... ने फिर पूरे देश में तहलका मचा दिया।

अंग्रेजी सरकार ने उनके गीतों को भड़काने वाला माना और गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया। कवि प्रदीप गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गए। बाद में फिल्म निर्माताओं ने मध्यस्थता की और प्रशासन को फिल्म स्क्रिप्ट के लिए इन गीतों की आवश्यकता बताई तब जाकर वारंट निरस्त हुआ। प्रदीप जी ने स्वतंत्रता के बाद जागृति जैसी फिल्मों के लिए नए अंदाज से गीत लिखे । हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकल के... आज भी लोकप्रिय है। उन्होंने 1954 में बच्चों को समझाया आओ बच्चो तुम्हें दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की...। इस गीत में भारत के गौरवमयी अतीत की मानों एक झांकी थी।


स्वतंत्रता की इस यात्रा के बीच ही 1962 में भारत-चीन युद्ध आ गया। उस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कितनी विषम परिस्थिति में भारत राष्ट्र की रक्षा की। वे कहानियां दिल को दहलाने वाली है। सैनिकों के बलिदान पर उनका गीत ऐ मेरे वतन के लोगो, जरा आंख में भर लो पानी...की रचना की। जिस भाव से प्रदीप ने इस गीत की रचना की उसी भावना से लता जी ने गाया। इस गीत के बोल आज भी हृदय को छू जाते हैं। यह गीत देशभक्ति के गीतों में अग्रणी माना गया। भारत सरकार ने उन्हे राष्ट्र कवि के सम्मान से सम्मानित किया। 26 जनवरी, 1963 को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में लता जी ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में यह गीत गाया।

नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय गणतंत्र समारोह में ऐसा कोई नहीं था जिसकी आंख में आंसू न आए हों। प्रदीप ने इस गीत की रॉयल्टी को सैनिकों की विधवा सहायता कोष यनी वॉर विडो फंड में जमा करने की घोषणा की पर गीत के अधिकार रखने वाली कंपनी एचएमवी ने समय पर पैसा जमा नहीं किया और मामला कोर्ट में गया। एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 25 अगस्त 2005 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एचएमवी कंपनी को रॉयल्टी के बकाया के रूप में एक मिलियन रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। देशभक्ति मानों प्रदीप जी के रक्त में थी । 1987 में प्रदीप जी ने कहा था- कोई भी आपको देशभक्त नहीं बना सकता। यह आपके खून में होती है। आप इसे देश की सेवा के लिए कैसे लाते हैं जो आपको अलग बनाता है। सतत शब्द साधना और अपने गीतों से राष्ट्र साधना में रत प्रदीप जी ने अंततः 11 दिसंबर 1998 को 83 वर्ष की आयु में इस संसार से विदा ली।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)**

**विचार**

# रेलवे की गति को शक्ति देने वाला बजट




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में बड़े परिवर्तन के आसार पहले से ही दिखाई पड़ रहे थे। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एक ऐसे समावेशी वातावरण का निर्माण आवश्यक है जहां लोग दकियानुसी विचारों को छोड़कर अग्रगामी सोच अपनाते हुए नवाचारों को बढ़ावा दें। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से नए और विकसित भारत की नींव रखने का काम किया है। विकसित भारत में परिवहन के सभी साधनों का विकसित होना अपरिहार्य है। भारतीय रेल - देश की जीवन रेखा है, परिवहन का सबसे सशक्त माध्यम है। नए विकसित भारत में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मिडिल क्लास की होने वाली है। मिडिल क्लास की पहली पसंदीदा सवारी भारतीय रेल ही है। यही कारण है कि करोड़ों लोग रेलवे व्यवस्था के नवीकरण की ओर टकटकी लगाए देखते रहते हैं।

जम्मू से कश्मीर तक की रेल कनेक्टिविटी और तमिलनाडु में पंबन पर नई तकनीक के पुल के निर्माण ने आम लोगों को भारतीय रेल पर गर्व करने का मौका दिया है। अश्विनी वैष्णव के प्रभावशाली नेतृत्व में भारतीय रेल ने तमाम किस्म की चुनौतियों पर विजय पाते हुए कश्मीर वैली को भारत के मुख्य नेटवर्क से जोड़ने में कामयाबी हासिल की है। पंबन चैनल पर बना पुल भी अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसके माध्यम से रामेश्वरम को एक बार फिर से भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ दिया गया है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि बहुत जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दोनों गौरवशाली परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

इस वर्ष के बजट में किए गए प्रावधान भारतीय रेल को मजबूती प्रदान करने वाले हैं। भारतीय रेल के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में ? 2,52,200 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। इसी तरह अगले वित्तीय वर्ष के लिए कुल पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ निर्धारित किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि केंद्र सरकार रेल परियोजनाओं के मामले में काफी गंभीर है। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2009-14 में भारतीय रेल का कैपेक्स मात्र 45,900 करोड़ था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय रेल युवाओं की आकांक्षाओं और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की त्रिवेणी तथा 1300 से अधिक अमृत भारत स्टेशन का नवनिर्माण कर भारतीय रेल एक ऐसा दृष्टांत प्रस्तुत करने वाली है जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा और वह कह सकेंगे कि उनके देश की रेल व्यवस्था विश्व की श्रेष्ठ रेलवे व्यवस्थाओं में से एक है।


विगत 10 वर्षों में पूरे रेल व्यवस्था का कायाकल्प हुआ है। समग्र पूंजीगत व्यय का फोकस - नेटवर्क विस्तार, सुरक्षा, विद्युतीकरण, और रोलिंग स्टॉक एवं बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण पर रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में पिछले 10 वर्षों में जितनी रेल लाइनों का निर्माण हुआ है, वह स्विटजरलैंड, मलेशिया और बेल्जियम जैसे देशों के कुल रेलवे नेटवर्क से अधिक है। नई रेल लाइनों के निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 32,235.24 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। जबकि वित्त वर्ष 2009-14 में नई रेल लाइनों के निर्माण हेतु औसत वार्षिक बजट केवल 5,075 करोड़ था। वित्त वर्ष 2025-26 में गेज परिवर्तन के लिए 4,550 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2009-14 में इसका औसत वार्षिक बजट 3,088 करोड़ था। रोलिंग स्टॉक के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 57,693 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2009-14 में इसका औसत वार्षिक बजट 16,029 करोड़ था। इस राशि का उपयोग कर सैकड़ो की संख्या में नए वंदे भारत एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल और अमृत भारत ट्रेनों की व्यवस्था की जानी है। जिन शहरों के बीच वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत का परिचालन प्रारंभ हुआ है, वहाँ के लोगों ने इन ट्रेनों को खुले दिल से करतल ध्वनि के साथ स्वीकार किया है। देश के प्राय-हर शहर से वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों के परिचालन की मांग हो रही है। नए ट्रेन सेट के निर्माण से आम लोगों की आकांक्षाओं के आलोक में नई ट्रेनों का परिचालन संभव हो पाएगा। भारतीय रेल द्वारा बिजी रूट के दोहरीकरण और चौहरीकरण हेतु भी अनेक योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस कार्य के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 32,000 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2009-14 में औसत वार्षिक बजट केवल 2,461 करोड़ था। बिजी रूट की लाइनों में वृद्धि होने से लोकप्रिय डेस्टिनेशंस के लिए अधिक संख्या में ट्रेनों का परिचालन संभव होगा। भारतीय रेल में सुरक्षा को सर्वोपरि माना जाता है। यदि परिवहन व्यवस्था सुरक्षित न हो, तो कंफर्ट और नवाचारों का कोई महत्व नहीं रह जाता। वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे की सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं के लिए 1,16,514 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज के निर्माण हेतु 7,000 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2009-14 में यह मात्र 916 करोड़ था। ट्रैक नवीनीकरण के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 22,800 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। जैसा कि सभी मानते हैं, भारतीय रेल समृद्ध वर्ग का नहीं बल्कि आम लोगों की पसंदीदा परिवहन व्यवस्था है। बजट में निम्न-मध्यम एवं मध्यम वर्ग के लोगों की आवश्यकताओं के मद्देनजर 17,500 गैर-एसी जनरल कोचों का निर्माण संबंधी प्रावधान किए गए हैं।

## कथित अवैध प्रवासियों को देश भेजने की बलपूर्वक कार्रवाई

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं।

कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतरू प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई 'निर्वासन उड़ान' विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था। लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और 'सामाजिक संपदा' के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अठ्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमेरिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क :-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# किताबों को साथी बनाकर तो देखिए

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

युवा पीढ़ी में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से देश के युवाओं की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। ठीक इसके उलट मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी किताबें पढ़ती थी। किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएं।

पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकिफ नहीं हैं। आजकल, युवा सुबह उठते ही समाचार पत्र पढ़ने के बजाय स्मार्टफोन पर सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है। सब अपने फोन पर सोशल मीडिया ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आएंगे।

किताबों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। किताबें पढ़ने की आदत को मनोरंजन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, इस आदत को दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। आज जब लोगों से पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान रह जाते हैं। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्र तक नहीं बता पाते। यह समझने की जरूरत है कि दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है। हर दिन पढ़ने की आदत से फोकस बेहतर होता है। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने का मन भी करता है। अखबारों में राजनीति, विज्ञान, तकनीक, कला और संस्कृति सहित कई विषयों पर लेख प्रकाशित होते हैं, साथ ही जाने-माने लेखकों और विषय विशेषज्ञों के लेख भी होते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले बच्चों को नया ज्ञान प्राप्त करने का मौका मिलता है।

**ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। उसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं, जिन पर वे चर्चा करते हैं अपने जीवन में। आप उन्हें उसी समय अपने जीवन में लागू करना शुरू कर देते हैं। आप किसी डरावने या दुविधापूर्ण उपन्यास को पढ़ते ही उसके पात्रों और घटनाओं की कल्पना करना शुरू कर देते हैं। फिर आप उपन्यास को पूरा पढ़े बिना ही उसके अंत को समझने की कोशिश करने लगते हैं।**

ज्ञान की कमी के कारण आपको कई स्थितियों में चुप रहना पड़ता है। आप स्पष्ट रूप से बोलने में असमर्थ होते हैं या ऐसा करने में बहुत शर्म महसूस करते हैं। पढ़ने से ज्ञान और जानकारी बढ़ती है। उसके आधार पर आप किसी भी विषय पर कहीं भी, किसी से भी चर्चा कर सकते हैं। किताबें पढ़ने से बोलने और संवाद करने का आत्मविश्वास बढ़ता है। कहा जाता है कि अच्छा लिखना, अच्छे बोलने से ही संभव होता है। किताबें पढ़ने से आप उन विचारों और रणनीतियों के बीच सम्बंध बनाना शुरू कर देते हैं, जिन पर वे चर्चा करते हैं अपने जीवन में। आप उन्हें उसी समय अपने जीवन में लागू करना शुरू कर देते हैं। आप किसी डरावने या दुविधापूर्ण उपन्यास को पढ़ते ही उसके पात्रों और घटनाओं की कल्पना करना शुरू कर देते हैं। फिर आप उपन्यास को पूरा पढ़े बिना ही उसके अंत को समझने की कोशिश करने लगते हैं। वर्तमान पीढ़ी को समाचार पत्र पढ़ना सिखाना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि वे या तो अपने उपकरणों से मोहित हो जाते हैं या फिर फिक्शन पढ़ना पसंद करते हैं। समाचार पत्रों में तथ्यात्मक प्रस्तुति उनमें से अधिकांश के लिए थकाऊ और थका देने वाली होती है। हालांकि, आप कुछ नए विचारों को लागू करके समाचार पत्र पढ़ना अपने बच्चे के पसंदीदा शगल में से एक बना सकते हैं और एक बार जब आदत विकसित हो जाती है तो वह जीवन भर बनी रहती है। उपन्यास या कहानी पढ़ने के बाद आप उसके किरदार लंबे समय तक याद रहते हैं। रोजाना पढ़ने से याददाश्त बेहतर होती है। इसी तरह दिमाग का विकास होता है। आपने शायद यह कहावत पढ़ी या सुनी होगी कि अगर आपको नींद नहीं आ रही है, तो सोने के लिए किताब पढ़ना शुरू कर दें। रात को सोने से पहले किताब पढ़ने से आपका दिमाग थका हुआ महसूस करता है और आपके दिमाग की नसों को आराम मिलता है, जिससे अच्छी नींद आती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# लेवी में जमा नौ लाख रुपए से आयुर्वेद अस्पतालों में खरीदी जाएंगी जरूरी वस्तुएं

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से होगी खरीदारी, अस्पतालों से मांगें गये मांग पत्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आयुर्वेद अस्पतालों में मरीजों के पर्चे यानी लेवी से जमा होने वाले पैसे से अब आयुर्वेद अस्पतालों का विकास किया जायेगा। पंद्रह साल बाद शासन ने यह व्यवस्था फिर से शुरु की है। जिले में नौ लाख से अधिक की धनराशि लेवी की जमा हो चुकी है। आयुर्वेद यूनानी अधिकारी ने जिले के सभी असपतालों से मांग पत्र मंगा लिये है।

जिले में आयुर्वेद के 22 व दो यूनानी अस्पताल स्थापित है। हालाकि जिले में इन अस्पतालों का हालत बेहद खस्ता है, अस्पताल से एक रुपये का मरीजों को पर्चा काटा जाता है जिससे अब तक रोगी कल्याण समिति में करीब नौ लाख रुपये जिले में जमा हो चुका है पंद्रह साल पहले लेवी के धन से कुछ सामान अस्पताल के लिये खरीद लिया जाता था मगर पंद्रह साल से यह व्यवस्था समाप्त हो गयी थी। हालाकि प्रदेश में जमा लाखों रुपये पर आडिट में लेखा परीक्षक ने आपत्ति उठायी थी जिस पर शासन ने कहा है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के अनुसार सभी अस्पतालों से मांग के आधार पर सामान खरीद लिया जाये। जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी एनबी सिंह का कहना है कि अस्पतालों से मांग पत्र मंगा लिया गया है, जैम पोर्टल से सामान की खरीदारी की जायेगी। डीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन कर लिया गया है। उसी के आधार पर अस्पतालों का सामान खरीदा जायेगा, इसमे कुर्सी मेज व अन्य सामान अस्पतालों में पहुंच जायेगा जिससे व्यवस्थाएं कुछ ठीक हो जायेगी।

### आयुर्वेद दवाओं के फेल सैम्पल को क्यो छिपा रहे हैं यूनानी अधिकारी

**हमीरपुर।** आयुर्वेद में भी दवाएं मानक के अनुरुप निर्मित नहीं हो रही है, पांच महीने पहले आयुर्वेद दवाओं के भरे गये सैम्पल फेल पाये गये है जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है हालाकि जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी एनबी सिंह फेल सैम्पल को कई महीनो से छिपाये हुये है, जिससे यह जानकारी नहीं हो पा रही है कि आयुर्वेद की कौन दवा बाजार में नकली बिक रही है। यही नही जिले में संचालित आयुर्वेद के मेडिकल स्टोर संचालक मनमानी दाम पर दवाओं की बिक्री कर रहे है मगर आयुर्वेद यूनानी अधिकारी ने इस मामले में जांच नही की है उनका कहना है कि वह सब अपने अनुसार काम करते है किसी को हमारे काम में कोई पूछताछ करने की आववश्यकता नहीं है, जब कि एडीएम वित्त का कहना है कि इस मामले में वह आयुर्वेद यूनानी अधिकारी से बात कर फेल सैम्पल की बात करेगे।

## मौदहा में चोरों ने लाखों के जेवरात, नकदी किये पार



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव गुढ़ा में बीती रात घर में घुसे चोरों ने लाखों के सोने चांदी के जेवरात नकदी तथा गृहस्थी का घीएतेल पार कर दिया है। पड़ोसी जनपद महोबा की सीमा में बसे मौदहा कोतवाली के गांव गुढ़ा निवासी सुनील पुत्र सुखराम यादव ने पुलिस को बताया है कि बीती रात वह परिवार सहित घर में सो रहा था तभी घर के अंदर घुसे चोरों ने गृहस्थी के कमरे रखते बक्सा तथा सेफ का ताला कुंडी तोड़कर लगभग ढाई लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात बयालीस हजार रुपए नगद के साथ ही पांच किलो देसी घी व लाही का तेल चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन की है। घटना से ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है तथा गांव में भय का माहौल है।

## विद्युत पोल में केबिल लगवाने की मांग की

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के औड़ेरा गांव में विद्युत पोल में केबिल लगवाने को लेकर दर्जनों महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है। औड़ेरा गांव निवासी क्रांति कुसुम मानकुंवर रोशनी शीला संध्या रानी तारा आदि ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि मोहल्ले में लगे बिजली के पोल में केबिल नहीं है। जिससे मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया कि बिजली केबिल पांच सौ मीटर दूर खंभे से खींचनी पड़ती है। एक पोल में काफी लोगों के कनेक्शन होने पर आए दिन बिजली खराब होने की समस्या आती रहती है। महिलाओं ने एसडीएम से विद्युत पोल में केबिल लगवाने की गुहार लगाई है।

## रोमांचक फाइनल मैच में खेड़ा ने करहरा को 20 रनों से चटाई धूल

**चरखारी महोबा।** एक हफ्ते से चल रहे डुंगर माता बपरेथा के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच खेला गया जिसमें खेड़ा व करहरा के बीच रोमांचक फाइनल देखने को मिला टॉस खेड़ा ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 20 ओवर में खेड़ा ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाए जिसमें खेड़ा की तरफ से कप्तान रज्जू व संस्कार की जोड़ी ने खूब रन बटोरे और दर्शकों को भी आनंद आया। इसके बाद जवाब में उतरी करहरा की टीम की शुरुआत कोई खास नहीं रही एक के बाद एक विकेट गिरता चला गया लेकिन वन डाउन पर आए देवकरन राजपूत की पारी ने कमाल कर दिया और देवकरन अंतिम ओवर तक लड़ते रहे लेकिन देवकरन का साथ देने के लिए कोई खिलाड़ी रुक ही नहीं पाया जिसमें 20 वे ओवर में करहरा की टीम 106 रनों पर आल आउट हो गई देवकरन ने 35 रनों की अच्छी पारी खेली हजारों की संख्य में दर्शकों ने इस फाइनल मैच का जमकर लुफ्त उठाया हर चौक छक्के पर भांगड़ा भी बजाया गया। मेन ऑफ द सीरीज खेड़ा के कैप्टन रज्जू महराज रहे, फील्ड के बाहर हजारों की संख्या में दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। शानदार कमेंट्री धीरेन्द्र राजपूत बरधा ने की। एम्पायर रघुपत राजपूत एवं पुष्पेंद्र राजपूत रहे।

## ब्यारजों बजरंग क्लब ने पनवाड़ी को 76 रन से हराया

- हाशमी क्लब पनवाड़ी ने राठ इलेवन को पांच विकेट से हराया
- अलीपुरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन का मैच

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

नेहरू इंटर कॉलेज खेल मैदान पनवाड़ी में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जा रहा है प्रथम मैच के मुख्य अतिथि डॉ पीडी महान एवं कमलापत राजपूत ने फीता काटकर शुभारंभ किया तथा द्वितीय मैच के मुख्य अतिथि प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल राजपूत एवं कौनिया प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत ने फीता काटकर कराया शुभारंभ इसके अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि अजय रावत आशीष सोनी, हरिसिंह राजपूत छोटू नायक ईशु सक्सेना शैलेंद्र महाराज शैलेंद्र यादव सुनील नायक के द्वारा भव्य अलीपुरा क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल राजपूत एवं कौनिया प्रधान



प्रतिनिधि प्रतिनिधि रोहित राजपूत ने फीता काटकर एवं टॉस कर कर शुभारंभ कराया तथा दूसरे मैच के मुख्य अतिथि डॉ पीडी महान एवं कमलापत राजपूत ने फीता काट कर मैच का शुभारंभ कराया। पहला मैच पनवाड़ी बनाम ब्यरजों के बीच खेला गया। ब्यारजों 12 ओवर में 101 रन बनाएं, जवाब में पनवाड़ी टीम मात्र 25 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार ब्यारजों टीम ने 76 रन से मैच लिया वहीं मैन ऑफ़ द मैच मनीष राजपूत को मिला। चौथे दिन के दूसरे एपीएल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट हाशमी क्लब का बनाम राठ के बीच खेला गया। जिसमें राठ ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिए गया जिसमें राठ ने पहले बैटिंग करते हुए बारह ओवर में 96 रन का विशाल स्कोर बनाया वहीं हाशमी क्लब पनवाड़ी को जीतने के लिए 97,रन का स्कोर रखा जिसमें हाशमी क्लब टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच सहबाज हाशमी को मिला।

## जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में सतत विकास लक्ष्य एवं पंचायत विकास सूचकांक पर आयोजित हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के रानी लक्ष्मीबाई सभागार महोबा में आयोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ आदरणीय मुख्य विकास अधिकारी महोबा हरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोबा आशाराम, अपर जिला अधिकारी महोबा (नमामि गंगे) मोइनुल इसलाम, अपर जिला अधिकारी महोबा(राजस्व) रामप्रकाश एवं उपनिदेशक चित्रकूट धाम मण्डल बांदा परवेज आलम जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे मंडल एवं जिला स्तरीय समस्त अधिकारी वन संरक्षक, मुख्य अभियंता विद्युत, पशुपालन, संयुक्त आयोग के राज्य कर, कृषि सुरक्षा, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, अर्थ एवं संख्या, भूमि विकास एवं जल संसाधन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, रेशम, शिक्षा -माध्यमिक, स्टैंप एंड एवं निबंधन, श्रम , आबकारी, लोक



निर्माण विभाग अपर निदेशक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य, संभागीय खाद्य नियंत्रण इत्यादि । उपनिदेशक पंचायत परवेज आलम खां द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सतत विकास लक्ष्य एवं इसका स्थानीय करण तथा पंचायत विकास सूचकांक विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला की संक्षिप्त रूप रेखा रखी गयी, आदरणीय मंडल आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल द्वारा प्रतिभाग कर रहे समस्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए आज के इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को ध्यान से सीखने एवं समझने के लिए कहते हुए पंचायत के विकास कार्यो में अपना योगदान दें, ग्राम सभा की बैठकों में अपने सपने विभाग के अधिकारियों को प्रतिभाग करवाएं जिससे एक बेहतर कार्ययोजना तैयार हो सके। प्रशिक्षण में पंचायती राज निदेशालय से स्टेट कंसल्टेंट सुशील सिंह द्वारा सतत विकास लक्ष्य एवं पी. डी. आई. को विस्तार से बताया गया, डीपीआर सी महोबा फैकल्टी द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना को बताया गया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 06.02.2025 (बृहस्पतिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा, गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | रामघाट हॉल्ट, कटरा, नवाबगंज गोंडा, टिकरी, मनकापुर जं., झिलाही, मोतीगंज और बरुआ चक स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01661 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, शाहगंज जं. और आजमगढ़ स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05268 | झूँसी जं. | 12:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं | 04:50 | वाराणसी जं., औंडिहार जं., मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी और मोतीपुर स्टेशन |
| 04494 | आनन्द विहार ट. | 23:55 | पटना जं. | 18:15 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन |
| 01032 | बनारस | 10:00 | लोकमान्य तिलक ट. | 16:40 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., भुसावल जं., जलगांव जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन |
| 01664 | गाजीपुर सिटी | 13:00 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:40 | जौनपुर जं., वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, बनखेड़ी, पिपरिया, इटारसी जं., नर्मदापुरम एवं ओबेदुल्ला गंज स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 04438 | आनन्द विहार (ट.) (वाया प्रयागराज जं.) | 08:20 | भुवनेश्वर | 13:05 | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया जं., पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., टाटानगर जं., बालेश्वर, भद्रक एवं कटक स्टेशन |

**दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगाँव जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07084 | आज़मगढ़ | 19:45 | मचिलीपट्णम | 09:00 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

- देखा स्वास्थ्य सेवाओं का हाल, ओपीडी, ट्रांमा सेंटर और वार्डों का किया निरीक्षण
- अस्पताल में भर्ती मरीजों से की बातचीत और चिकित्सकों से दवाओं की उपलब्धता की ली जानकारी



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की। चिकित्सकों से दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी जानकारी ली। बुधवार की दोपहर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जिला चिकित्सालय (पुरुष) पहुँच कर स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। जिलाधिकारी ने ओपीडी में पंजीकरण काउन्टर पर लाइन में खड़े संदीप कुमार सहित अन्य कई लोगों से पूछा कि कितनी देर से लाइन में खड़े हो, पर्चा बनने में समस्या आ रही है क्या ? इस पर लाइन में खड़े लोगों ने बताया कि नहीं। इसके बाद एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर नेत्र चिकित्सक से बातचीत की जिसपर नेत्र चिकित्सक द्वारा बताया गया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीज की समस्या बढ़ जाने पर लखनऊ रेफर किया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी ली और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। औषिधि भंडार में औषधियों की उपलब्धता सम्बन्धी जानकारी ली, औषधि वितरण के लिये बने चार्ट और दवाओं की उपलब्धता को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकार की जरूरी औषधियां हर समय अस्पताल में उपलब्ध रहनी चाहिए, साथ ही सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि चिकित्सक मरीजों को बाहर से दवाएं न लिखे। इसके उपरांत एक्स-रे सम्बन्धी जानकारी ली। शौचालय की नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। नाक, कान गला, बाल रोग, दांत, चर्म रोग आदि विभागों की ओपीडी में पहुँचकर चिकित्सकों व वहाँ उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एमरजेंसी ट्रांमा सेंटर का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में बने हार्टिकल्चर एरिया की नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। किचन के निरीक्षण में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि आज 150 लोगों के लिये भोजन तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों के लिये दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में कमी न होने पाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिरियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों के पास टेबल पर उनकी बीमारी सम्बन्धी फाइल उपलब्ध रहनी चाहिए, और मरीजों को समय से सभी दवाएं खिलाई जाए। इसके उपरांत पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत की और चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी जरूरी न्यूट्रिशन समय से दिए जाएं। आर्थो वार्ड में भर्ती एक बुजुर्ग महिला से बातचीत की और दवाओं सहित खाने पीने की उपलब्धता सम्बन्धी जानकारी ली। डायलिसिस और डिजिटल एक्स-रे वार्डो में मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं सम्बन्धी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमीन बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष भिड़े, दो लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत शिवराजपुर गांव में जमीन के बटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष आपस मे भिड़ गए। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार गांव निवासी संत शरण मौर्य एवं राजू मौर्य के बीच पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते बुधवार सुबह दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियारों से संघर्ष छिड़ गया। जिसमें एक पक्ष का अविनाश पुत्र रामराज 14 एवं दूसरे पक्ष का धर्मेन्द्र मौर्य पुत्र राम प्रकाश 11 घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को लाकर सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद धर्मेंद्र को छुट्टी दे दी गई वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे पक्ष के अविनाश मौर्य को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### खण्ड विकास अधिकारी ने ब्लॉक दिवस में सुनीं समस्याएं

**मसौली बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित ब्लाक दिवस में आयी आधा दर्जन शिकायतो के निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियो एव कर्मचारियों को दिये। ब्लाक सभागार मे आयोजित ब्लाक समाधान दिवस मे ग्राम पंचायत सादामऊ की पंचायत सहायक मनीषा ने खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देते हुए क्रोप सर्वे से डियूटी कटवाने की मांग की प्रार्थना पत्र मे पंचायत सहायक ने गर्भवती होने के कारण होने वाली दिक्क़त की वजह बताई वही अकबरपुर धनेठी निवासी रमेश सिंह ने परिवार रजिस्टर मे नाम में संसोधित के लिए प्रार्थना पत्र दिया। , ग्राम पंचायत मसौली की आकिला बानों ने आवास के लिए प्रार्थना पत्र दिया, मसौली के मजरे बुद्धि पुरवा के निवासी जगदीश,कन्धाई लाल, अखिलेश, इन्द्र जीत सहित लोगों ने खड़ंजा और पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग की है।जिस पर खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने सम्बंधित कर्मचारियों को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इस मौक़े पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, ए डी ओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, लघु सिंचाई अभियंता अरुण कुमार व्यास सहित समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

### दो बाइकसवार दुर्घटना में घायल



**फतेहपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार मजदूरी कर घर वापस जा रहे दो मोटरसाइकिल सवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार गांव इब्राहिमबाद भुंड के पास सड़क पर बाइक सवार कौशल और ओमकार निवासी हैदरगंज को सामने से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार आनन फानन में मौके से फरार हो गया। दोनो व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरो की सूचना पर मौके पर पहुंचे पारिवारिक जनो ने तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मे लाकर भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्साधिकारी की निगरानी में प्राथमिक उपचार शुरू किया गया।आकस्मिक ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर हिमांशु ने बताया कि दोनो युवको के पैर मे चोटे ज्यादा है उपचार किया जा रहा है।

### अवैध कब्जे की भूमि को राजस्व विभाग ने खाली कराया



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशानुसार ग्राम सरसौंदी, परगना देवा, तहसील नवाबगंज की भूमि पर बिना किसी आवंटन के किये गये अस्थायी अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर खाली कराने की कार्यवाही की गई। यह जानकारी तहसीलदार नवाबगंज ने दी। उन्होंने बताया कि सदर तहसील की भूमि गाटा संख्या 309 क्षेत्रफल 1.411हे0 श्रेणी 6-2, हरिजन आबादी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के कम में जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में गठित राजस्व व पुलिस टीम द्वारा स्थलीय जांच की गयी। जांच में पाया गया कि लगभग एक माह पूर्व 35 व्यक्तियों द्वारा बांस-बल्ली, पन्नी-तिरपाल आदि डाल कर हरिजन आबादी की भूमि पर अवैध रूप से अस्थायी कब्जा किया गया था। राजस्व टीम द्वारा हरिजन आबादी गाटा संख्या गाटा संख्या 309 क्षेत्रफल 1.411हे. को पैमाइश करके चिन्हित किया गया तथा इस भूमि पर बिना किसी आवंटन के किये गये अस्थायी अवैध कब्जे को राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर खाली करा दिया गया।

### बालू लेने जा रहे ट्रक को कार सवारों ने रोक गुंडा टैक्स वसूलने का किया प्रयास

**जालौन (उरई)।** बालू लेने जा रहा ट्रक को कार सवार 5 युवकों ने रोक लिया जीपीएस सिस्टम तोड़कर चालक को बंधक बनाकर गुंडा टैक्स वसूलने का प्रयास किया तथा ट्रक को अपने साथ ले गये। ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार सवार 5 लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। जिला इटावा के थाना चौबिया के ग्राम निबरी निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र सहदेव सिंह ने बताया कि उनके 22 चक्का ट्रक का स्वामी है। इस ट्रक हर्षित यादव पुत्र कुलदीप सिंह यादव निवासी पम्मा पुरवा उसरी कानपुर देहात चलाता है 29 जनवरी को ट्रक मौरम लेने डकोर घाट जा रहा था। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर छिरिया सलेमपुर कट के पहले समय करीब 3 बजे एक सफेद स्कारपियो बिना नम्बर की गाडी ने ट्रक को रोक लिया। स्कार्पियो से 5 अज्ञात लोग उतरे और गाडी में लगा जीपीएस सिस्टम तोडकर वहीं फेंक दिया तथा ड्राइवर का मोबाइल लेकर स्विचआफकर दिया तथा जबर गुण्डा टैक्स वसूली करने लगे। चालक द्वारा पैसे न देने पर ड्राइवर को बन्धक बनाकर मय गाडी के कालपी ले गये। कालपी में ड्राइवर को गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात 5 लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मानव जीवन में भोजन व वस्त्र की तरह सत्संग भी जरूरी

**जालौन (उरई)।** मानव जीवन में जितनी आवश्यकता भोजन व वस्त्र की है, उतनी ही आवश्यकता सत्संग की भी है। सत्संग से ही मानव जीवन का कल्याण संभव है। इसलिए जहां भी सत्संग होता मिले उसमें अवश्य ही बैठें। यह बात पं. हरप्रसाद अडजरिया ने श्री वीर हनुमान बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित नव कुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ व श्रीमदभागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कही। उरई रोड स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ व नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन कथा वाचक पं. हरप्रसाद अडजरिया ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा समाज का दर्पण है। भागवत कथा सुनकर मन व आत्मा तृप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से लोग अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। सत्संग के माध्यम से ही मानव जीवन का कल्याण संभव है। मानव जीवन में जितनी आवश्यकता भोजन व वस्त्रों की है उतनी ही आवश्यकता सत्संग की भी है। समाज को सही दिशा व ज्ञान भागवत कथा के द्वारा ही होता है। कलयुग में साक्षात परमात्मा का दर्शन एवं साक्षात्कार श्रीमद भागवत कथा महापुराण है। इस मौके पर पुजारी कमलेश महाराज, पुष्पा देवी , प्रेमबाबू शर्मा, किशोरी देवी, निखिल अग्रवाल, अंजनी श्रीवास्तव, भगवानदास गुप्ता, रामसनेही, शैलजा, आलोक शर्मा, रानू, रविंद्र, राधेश्याम, वीरेंद्र, विजय, हरीबाबू, संतोष कुमार, अशोक आदि भक्तों ने श्रीमद भागवत कथा का रसपान किया।इसके साथ मंदिर में परिसर में आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव में कलाकारों ने ताड़का वध की रामलीला मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। यज्ञाचार्य रामबाबू त्रिपाठी ने विधि विधान से श्रीसीताराम महायज्ञ में आहुति दिलायी।

## क्षेत्रीय विधायक ने खेल मैदान निर्माण की रखी आधारशिला



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र में स्थित सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मेन्हुआ में बुधवार को एक नए खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू हुआ। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने विधिवत भूमि पूजन के साथ नींव की ईंट रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। प्रधान प्रतिनिधि शोभाराम यादव ने बताया कि इस खेल मैदान के बन जाने से गांव के बच्चों को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मैदान का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पूजा गुप्ता, ग्राम प्रधान शिव कुमारी यादव, ग्राम विकास अधिकारी हरिराम, इंजीनियर अमित कुमार, अभियंता सोमवीर यादव और श्री शशांक त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, भाजपा जिला प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह और विनय सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## डीएम के आदेश के पांच दिन बाद जागे ब्लाक के अधिकारी, सफाई शुरू

**जैदपुर बाराबंकी।** जिले के विकास खंड हरख में पिछले शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के औचक निरीक्षण के दौरान ब्लॉक परिसर में ब्याप्त गंदगी का मामला सामने आया था। परिसर की दुर्दशा देखकर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन लापरवाही का आलम ये रहा कि उनके आदेश का असर पांच दिन बाद देखने को मिला और बुधवार की सुबह से ही ब्लॉक परिसर में युद्धस्तर पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया। फिलहाल यह कार्रवाई प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही और स्वच्छता के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। स्थानीय प्रशासन अब परिसर की नियमित सफाई को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

## डॉ. काजिमी की याद में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. रेहान काजमी ने अपने स्वर्गीय पिता डॉ. फ़ाज़िल काजमी और खानदान के बुजुर्ग हाजी वारिस अली शाह रहमतुल्लाह अलैह, इमाम खुमैनी रहमतुल्लाह अलैह और अलाउद्दीन आला बुजुर्ग की स्मृति मे एक वृहद निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर रसूलपुर गांव में बुधवार को आयोजित किया गया।जिसका उद्घाटन डॉ. रेहान काजमी की माता शाइस्ता काजमी ने किया। शिविर में शिफायल हॉस्पिटल लखनऊ और लेप्रोसी मिशन बाराबंकी के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की और उन्हे निःशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए।विशेष रूप से मोतियाबिंद से पीड़ित 17 मरीजों के लिए लेप्रोसी मिशन अस्पताल में निः शुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।

इस चिकित्सा शिविर का आयोजन इमाम खुमैनी फाउंडेशन ट्रस्ट किंतूर और काज़्मी एजुकेशनल एंड हेल्थकेयर सोसाइटी के सहयोग से किया गया। शिविर मे कई वरिष्ठ चिकित्सक और विशेषज्ञ शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ शारिक (नेत्र रोग विशेषज्ञ), ऑप्टोमेट्रिस्ट शायबा बानो, सना, असिस्टेंट प्रभात यादव, डॉ. लाइबा खान, डॉ. अफशान अंजुम, मुमताज अहमद, तनवीर हुसैन और जाकिर हुसैन शामिल रहे।इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति और स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। जिनमे सपा नेता विनोद कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी आदिल काज़्मी, डॉ. संतोष सिंह, बदोसराय ग्राम प्रधान निसार मेहंदी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जुल्फी मियां, फैज़ी मियां, असद काज़्मी, सोहन लाल, राम मिलन यादव, मोहम्मद आवेश (बीडीसी) अकबर अली और रिंकू मौर्या, अकरम खान व हरि विष्णु अवस्थी बब्बू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस सफल आयोजन के लिए डॉ. रेहान काजमी और उनकी टीम को स्थानीय लोगों ने हृदय से सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाने की अपेक्षा जताई।

## बीडीओ ने देखा गौशाले का हाल, चारा-पानी की व्यवस्था के दिये निर्देश



**मसौली बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को ग्राम पंचायत मसौली स्थित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को चारा पानी के समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। बुधवार को गौ आश्रय स्थल मसौली पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने गौशाला का बारीकी से जायजा लिया तथा पशुओं के लिए बन रहे टिनशेड की गुणवत्ता परखी तथा तालाब में पानी की व्यवस्था,भूसा एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। बताते चले कि गौशाला मे वर्तमान समय मे 139 नर मादा पशु है जिनके टीकाकरण एवं उपचार के सम्बन्ध में पशु चिकित्सा अधिकारी मसौली डॉ. कमलेश से जानकारी हासिल किया। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि मुईन अन्सारी, पंचायत सचिव संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## घरेलू बिजली उपभोक्ता को भेजा स्व पांच लाख का बिल

**बाराबंकी।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बदोसरांय कस्बे के एक नियमित भुगतान करने वाले घरेलू उपभोक्ता को विभाग ने 5.27 लाख रुपये का बिजली बिल भेज दिया। इस भारी-भरकम बिल ने उपभोक्ता की नींद उड़ा दी है। पीड़ित उपभोक्ता अर्पित गुप्ता ने बताया कि वह हर महीने बिजली बिल का भुगतान करते हैं। लेकिन इस बार अचानक उन्हें 5,27,537 रुपये के बिल का मैसेज प्राप्त हुआ । जिससे वे स्तब्ध रह गए। इतना अधिक बिल देखकर उनका बी.पी. हाई हो गया। बिल में हुई गड़बड़ी को सुधारने के लिए अर्पित पिछले कई दिनों से विद्युत उपकेंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने जूनियर इंजीनियर से कई बार बिल सही करने की गुहार लगाई । लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से परेशान होकर उन्होंने अब ऊर्जा मंत्री से भी शिकायत की है। जब इस मामले में विद्युत अवर अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। यह घटना बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं को लाखों का बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उप खंड अधिकारी अभिषेक मल्ल ने बताया कि नेट रीडिंग की गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ है। उसे सही कर दिया जाएगा।

## श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन कथावाचक ने सुनाई सूत की कथा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के सफीपुर गांव में सेवानिवृत शिक्षक प्रेम नारायण मिश्रा के निज निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में साथ वक्त और साथ श्रोता है सूत जी ने सौनिक को सनत कुमार ने भक्ति ज्ञान और वैराग्य ने गोकर्ण धुंधकारी को शुक्र देव ने राजा परीक्षित को मैत्री ने विदुर को और मैं आप सभी भक्तजनों को यह कथा सुना रहा हूं। शास्त्री जी ने कहा कि स्वाहा भक्ति का तर्पण है और स्वधा पितरों का तर्पण है। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रेम नारायण मिश्रा सिद्धनाथ त्रिपाठी ओम प्रकाश अवस्थी मनोज मिश्रा जिद्दी बाबा उमानाथ शुक्ला हिमांशु सिंह राजेश कुमार तिवारी सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## राजकीय चिकित्सकों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**उरई (जालौन)।** मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जिसमें राजकीय चिकित्सकों (एलोपैथिक) द्वारा की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायतों की जांच के लिए गठित सतर्कता समिति के सदस्यों से चर्चा की। जिलाधिकारी ने ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी, जो सरकारी सेवाओं के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त पाए जाते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कार्यरत राजकीय मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में चिकित्सा शिक्षकों द्वारा यदि प्राइवेट प्रैक्टिस की जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित चिकित्सकों के खिलाफकार्यवाही की संस्तुति की जाएगी और शासन को एक सप्ताह के भीतर इस बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस प्रकार के मामलों की गंभीरता से जांच की जाए और कोई भी दोषी पाए जाने पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीओ अर्चना सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खुलेआम प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से जारी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**

- औषधि विभाग बना मूकदर्शक बना दे रहा संरक्षण

बाजार में प्रतिबन्धित व नशीली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक दवाओं के नाम पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली दवाओं की बिक्री हो रही है। नगर में धड़ल्ले से बिक्री होने के बाद भी औषधि विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

सरकार द्वारा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगा रखा है। सरकार द्वारा प्रतिबंधित होने के बाद भी बाजार में कुछ दवाओं की बिक्री हो रही है। युवाओं में स्वास्थ्यवर्धक व शक्तिवर्धक दवाओं की लगातार मांग बढ़ रही है। नशीले पदार्थो से मिलकर बनी दवाओं के प्रयोग से युवाओं में नशा का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। युवाओं बढ़ती नशे की लत को लेकर सरकार चिंतित हैं। स्वास्थ्यवर्धक व शक्तिवर्धक दवाओं में नशीले पदार्थों की मिलावट होने की संभावना को देखते हुए जुलाई 2023 माह में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की टीम ने नगर में संचालित मेडीकल स्टोर्स पर छापामारी की थी तथा प्रतिबिंबित दवाओं की बिक्री होते पाया था। टीम ने स्वास्थ्य वर्धक दवाओं में मिलावट होने की जांच के लिए नमूने भी भरे थे। नमूना फेल होने के बाद 2 कम्पनियों के खिलाफरिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी है। इसके बाद भी नगर में प्रतिबन्धित दवाओं के साथ नमूना फेल होने वाली स्वास्थ्य वर्धक व मर्दाना ताकत बढ़ाने वाली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। मर्दाना ताकत बढ़ाने व स्वास्थ्य वर्धक दवाएं युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है तथा इनका आदि बना रही है। प्रतिबिंबित दवाएं युवाओं को नशे का आदि बना रही है। इसके बाद भी इन दवाओं की बिक्री लगातार चल रही है तथा औषधि विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। नगर के प्रबुद्ध विकास भारती, अखिलेश लाक्षाकार, मुकेश श्रीवास्तव, प्रदीप परिहार, बटुक शुक्ला ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रतिबिंबित स्वास्थ्य वर्धक व नशीली दवाओं की बिक्री बंद करायी जाये जिससे युवाओं को नशा की आदत से बचाया जा सके।

# जाली करेंसी गिरोह का भंडाफोड़, सात शातिरों को दबोचा

- गिरोह से 55,350 रुपये की जाली करेंसी, प्रिंटर एवं कागज बरामद
- पकड़े युवकों के पास से सात मोबाइल भी पुलिस के हाथ लगे
- एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने किया गिरोह का खुलासा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस एवं थाना कुठौन्द पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 7 शातिरो को जाली करेन्सी एवं प्रिन्टर आदि के साथ गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की हैं

जाली करेंसी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि थाना कुठौन्द एवं एसओजीध्सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना कुठौन्द क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इटहा कालपी के पास से अभियुक्त राहुल निषाद को जाली करेन्सी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राहुल से पूछताछ एवं निशादेही के आधार पर अन्य 06 अभियुक्तगण को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। सभी के कब्जे से कुल 55,350 रुपये की जाली करेन्सी एवं 07 अदद मोबाइल, जाली करेन्सी प्रिन्ट करने की मशीन, कागज आदि बरामद हुआ। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना कुठौन्द पर मुकदमा अपराध संख्या 21/2025 धारा 179, 180, 181 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूंछतांछ में मुख्य अभियुक्त सचिन द्वारा बताया गया है कि असली नोट को इसी प्रिन्टर से स्कैन करके इसी कागज पर प्रिन्ट कर तैयार करके अपने साथी कृष्णा चौधरी को सप्लाई करने के लिये कम रेट में देता हूँ तथा हम लोगों का एक गिरोह है लाभ प्राप्त करने हेतु बाजार में जाली नोट का असली नोट के रूप में प्रयोग करते हैं तथा पूर्व में भी जनता के बीचध्बाजार में जाकर इस प्रकार के जाली नोटो करेंसी का विक्रय कर चुके है तथा असली नोट से जाली नोट बनाकर सप्लाई करके धन अर्जित कर अपने ऐशो आराम में खर्च करते है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल निषाद पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम इटहा कालपी थाना कुठौन्द जनपद जालौन मोहित निषाद पुत्र राजकुमार निवासी पथर्रा थाना भरेह जनपद इटावा हाल पता मुहल्ला गोविन्द नगर औरैया, हरवीर पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मुसमना थाना नौहझील जनपद मथुरा, पुरूषोत्तम सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम उसपारगांव थाना हाइवे जनपद मथुरा, योगेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम धनीपुरा थाना मगोर्रा जनपद मथुरा, कृष्णा चौधरी पुत्र जगन सिंह निवासी ग्राम नीमगांव थाना राया जनपद मथुरा, सचिन कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी ग्राम पारसौली थाना नौहझील जनपद मथुरा के पास से 55350 रुपये की जाली करेन्सी एक अदद प्रिन्टर, कागज, डायरी 7 अदद मोबाईल बरामद किए गए हैं। पकड़े युवकों ने यह भी बताया गया है कि हम लोग जाली नोटों का प्रयोग जनपद जालौन, औरैया मथुरा इटावा व आसपास के जनपदों की व्यस्त बाजारों में करते हैं।

# गंगा में न जाने दें एक भी बूंद दूषित पानी

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा नदी में एक भी बूंद दूषित पानी न जाएं। इसके लिए व्यापक रणनीति तैयार करें। गंगा नदी फर्रूखाबाद बार्डर, कानपुर बार्डर और मेहदीघाट में काली नदी के मिलन बिंदु पर पानी के गुणवत्ता की सैम्पलिंग करायी जाये। जिससे यह पता लगाया जा सके कि पानी की क्वालिटी में कमी किस ग्राम पंचायत/कस्बों आदि क्षेत्र में मिल रही है। उसमें सुधार किया जा सके। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति और वृक्षारोपण समिति की बैठक में कही।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम

उन्होनें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कन्नौज को निर्देश दिए कि जल निगम से तकनीकी सुझाव करते हुये पाटानाला व चिंतामणि नाले के दूषित पानी को अपने श्रोत के माध्यम से शोधन का कार्य किया जाये। धीरा तालाब की साफ-सफाई का कार्य भी अमल में लाया जाये। सुलभ इन्टरनेशनल के साथ समन्वय स्थापित कर मेहदीघाट पर लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुये शौचालय बनाये जायें, तथा सुलभ इन्टरनेशनल को हैंडओवर किया जाये। जिससे शौचालय की साफ-सफाई और मेंटीनेंस का कार्य समय-समय पर होता रहे। जो भी कार्य करें, स्थायी करें, अस्थायी कार्य करने की प्रथा को छोड़े। मेहदीघाट पर गंगा आरती विधिवत रूप से करायी जाये। उन्होनें प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर लाख बहोसी पक्षी बिहार में जलकुंभी की साफ-सफाई कराएं। कहा कि इस समय लाख बहोसी पक्षी बिहार में विभिन्न प्रकार के लगभग 50 हजार पक्षी विचरण कर रहे है। टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाये। वृक्षारोपण अभियान-2025 के तहत समस्त प्रकार की तैयारियों अभी से प्रारम्भ कर दिया जायें।

### उद्यमियों को कानूनी जानकारी के लिए सेमिनार का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, तिर्वा।** उद्यमियों को स्टार्टअप की कानूनी जानकारी देने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को स्टार्टअप कानूनी अनुपालन पर एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें लेफ्निस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड और नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इंजीनयरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में इन्युवेशन सेंटर ने संस्थान के स्टूडेंटस, फैकल्टी एवं जिला के एंटरप्रेन्योर के बीच स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए कानूनी अनुपालन पर सेशन का आयोजन किया। इसके जरिए साझेदारी से उभरते स्टार्टअप के लिए उद्यमियों को कानूनी सहायता की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ.बीडीके पात्रो, डॉ.रवीश सिंह राजपूत, समन्वयक डॉ.विजय तिवारी, इनक्यूबेशन सेंटर मैनेजर किरण कुमारी व स्टाफ सौरभ यादव व कृष्ण कुमार ने भी अपने विचार रखें।

# वार्षिक उत्सव के बीच में स्कूल के अंदर घुसकर की मारपीट, अभियोग दर्ज

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्कर्ष अकादमी के प्रबंधक ने कोतवाली में दिया लिखित प्रार्थना पत्र जिसमें कुछ लोगों के खिलाफ स्कूल के अंदर घुसकर तोड़फोड़ हुआ मारपीट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की

उत्कर्ष अकेडमी शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजेंद्र सिंह कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि इंटर कॉलेज के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें बच्चे अपने-अपना प्रस्तुति दे रहे थे इस समय साहिल पुत्र समीम खलील हाशिम कैफ पुत्र सलीम हाशिम रिहान पुत्र अछन अगम समीम अन्य साथियों के साथ गेट को धक्का मारते हुए जब नहीं खुला तो ताला तोड़कर अंदर घुस आए कर्मचारियों के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे अर्जुन पुत्र मुन्नालाल तनिष्क पुत्र गंगा सिंह को गंभीर चोटे आई बीच बचाओ कर रहे कर्मचारी जोगेंद्र पुत्र बलिंदर प्रबंधक के खुद चोटे आई कोतवाली पुलिस में प्रबंधक द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया उसे आधार पर कोतवाली पुलिस ने अभियोग दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।


कर्मचारियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करते दबंग

# प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपा गया

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कैंप कार्यालय में शाहजहांपुर जनपद के जिला अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सोपा

भारतीय किसान यूनियन अवधेश के किसान बैठक प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक भारतीय किसान यूनियन अवधेश के निजनिवास पर संपन्न की गई राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से विकास गुप्ता को जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर नियुक्त किया गया नव नियुक्ति पर भारतीय किसान यूनियन अबधेश के पदाधिकारी ने स्वागत किया एवं किसानों के हित में कार्य करने की अपेक्षा की नव नियुक्ति पदाधिकारी को एक सप्ताह में संगठन के समस्त पदाधिकारियों के गठन करने हेतु निर्देशित किया गया।



# महाकुंभ हादसे में मरने वालों का सही आंकड़ा दे सरकार

- कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन
- बोले आंकड़े साफ नहीं किए तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर करेंगी प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** बीते दिनों महाकुम्भ में हुई भगदड़ हादसे को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। मृतकों और घायलों के सही आंकड़े न जारी करने पर कांग्रेस नेताओं ने सरकार के दावों को कठघरे में खड़ा किया। राज्यपाल से ज्ञापन के जरिये हादसा पीड़ितों के सही आंकड़े और मामले की न्यायिक जांच करा दोषियों पर जल्द कार्यवाही कराने की मांग की।

बुधवार को निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में कांग्रेस नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां महाकुम्भ हादसे में जान गंवाने और घायल होने वालों का सही आंकड़ा न जारी करने को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस नेता विजय मिश्रा का कहना है। की सरकार जानबूझकर मौतों का सही आंकड़ा छिपा रही है। उन्होने राज्यपाल से सरकार को मौतों और घायलों का सही आंकड़ा देने का आदेश देने की मांग की है। साथ ही परिवारों से बिछड़ने वालों को ढूंढवाने कि भी मांग की। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े किए। कहा कि जब सच्चाई को उजागर करने के लिए कुछ पत्रकारों ने साहस दिखाने की कोशिश की तो उनके साथ प्रयागराज में प्रशासन के द्वारा धक्का देकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इससे यह साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की सरकार सच्चाई को दबाने के लिए पुलिस को खुली छूट दिए है। अगर सरकार ने जल्द जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के आंकड़े साफ नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान अरविंद दुबे, रीना सिंह, असलम खान, मीर हारून, अशोक कनौजिया, तारिक बशीर, सत्य प्रकाश शर्मा, रमाशंकर राठौर, एहसान उल हक सहित आदि लोग रहे।


कलेक्ट्रेट में अधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी

### अनियंत्रित ट्रैक्टर डिवाइडर से टकरा कर पलटा



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित ट्रैक्टर सीमेंट से भरा हुआ डिवाइडर से टकराकर पलटी और चालक ने कूद कर खुद को बचाया सीमेंट की बोरियों से भरी ट्रॉली थी। निगम मंडी ट्राली पलट गई प्रशासन की अनदेखी के कारण खुलेआम ट्रैक्टर दो सौ बोरी सीमेंट लाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचते हैं ट्रक का भाड़ा लेते हैं और कृषि कार्य वाले ट्रैक्टर से कर रहे हैं गोरख धंधा प्रशासन बेखबर होकर सो रहा है सीमेंट खाद और भारी सामान ढोकर सरकार के लग रहे हैं पलीता प्रतिदिन ट्रैक्टर राजस्व का बड़ा गोलमाल कर रहे हैं कोई देखने वाला नहीं है।

# सहायक चकबंदी अधिकारी ने सुनी समस्याएं



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम सरदामई के पंचायत घर में सुबह करीब 10:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक चकबंदी सीओ अनीस अहमद सिद्दीकी के द्वारा करीब 45 किसानों की शिकायतें सुनी गई

जिसमें विरासत, नाम दुरुश्ती, बैनामा सहित तमाम तरह की किसानों की जो समस्याएं थी उनको सुना गया और जिन किसानों के द्वारा जो आपत्तियां लगाई गई थी उनको भी सुना गया और सभी किसानों को निर्देशित किया गया कि जो भी आप लोगों की समस्याएं हैं वह बखूबी से सुने जाएंगे और उन समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा आप लोग बिल्कुल भी परेशान और घबराए नहीं आप लोग अपने-अपने जो भी कागजात हैं वह पेश करें और उनकी जो भी समस्याएं हैं उनका बखूबी से सुना जाएगा और निस्तारण किया जाएगा इस दौरान पेशकार कपिल अहमद, पेशकार द्वारका प्रसाद, रामकिशोर कानूनगो चकबंदीकर्ता, वीरेंद्र कुमार कानूनगो चकबंदी कर्ता, यूनुस लेखपाल चकबंदी कर्ता, विद्या भारत लेखपाल राजीव कुमार ड्राफ्टमैन सहित कई चकबंदी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तीन अपराधियों पर की गुण्डा अधिनियम की कार्यवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस ने थाना क्षेत्र में अपराध कारित करने वाले 03 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए गए अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कपिल दुबे द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में अपराध कारित करने वाले अभियुक्तगण राजकुमार यादव (48) पुत्र कन्हैयालाल, सचिन (24) पुत्र राजकुमार निवासीगण सरायमीरा, अजीत कटियार उर्फ रिंकू (35) पुत्र रामविलास निवासी आसकरनपुरवा के विरुद्ध धारा 3/5 गुण्डा अधिनियम की निवारक कार्यवाही की गयी।

### छात्रा के पिता ने कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला इब्राहिम गंज निवासी समीम पुत्र सलीम खान कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई करने की मांग की मोहल्ला इब्राहिम गंज निवासी समीम पुत्र सलीम खान कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र मैं कहा है कि मेरी पुत्री उत्कर्ष अकादमी में छात्र है जिसको स्कूल के ही छात्र तनिष्क अब शब्द कहते हुए जाति सूचक शब्द यह घटना स्कूल में हो रहे वार्षिक उत्सव के समय घटी उक्त मामले में अभियोग दर्ज करने की मांग की जब प्रार्थी स्कूल में शिकायत करने के लिए गया तो रंजीत अजय अमर पप्पू विजेंद्र सिंह अन्य लगभग 10 लोगों द्वारा लाठी डंडों से मारपीट की गई घटना का अभियोग दर्ज करने के लिए कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

### एचटी लाइन टूटकर गिरने से समर सेबिल जलकर राख

**समृद्धि न्यूज, तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के चंदौआ गांव में मंगलवार की रात एचटी लाइन का तार टूट गया। तार टूटकर समर पर गिरने से समर जलकर खाक हो गई। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी। चंदौआ गांव निवासी रामतीर्थ ने बताया कि गांव के बाहर खेतों के किनारे उसकी समर सेबिल लगी हुई है। मंगलवार की रात उसके ऊपर से निकली एचटी लाइन टूटकर समर पर आ गिरी। जिससे समर में लगी मोटर जलकर खाक हो गई। बुधवार की सुबह जब वह खेतों पर पहुंचा, तो उसको घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज दी।

### वाहन की चपेट में आकर मोर की मौत

**समृद्धि न्यूज, तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसुनापुर गांव के निकट बुधवार की शाम 04 बजे के करीब सड़क किनारे मौजूद एक मोर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अफसरों ने मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्कूलों में अवैध रूप से चल रहे वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

- बिना परमिट दौड़ रहे वाहनों के चालक गाड़ियां छोड़ हुए रफूचक्कर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अवैध रूप से बिना परमिट स्कूलों में संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर चेतावनी दी।

यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अभियान चलाकर कई वाहनों के परमिट की शर्तों के उल्लंघन में चालान किए गए। यातायात प्रभारी ने बताया गया कि शिकायत मिली थी। कि क्रिश्चु ज्योति स्कूल में अधिकतर छात्र- छात्राओं को लाने ले जाने के लिए बहुत ही खराब दशा के वाहन अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। यातायात प्रभारी के क्रिश्चु ज्योति स्कूल के सामने रोड पर पहुंचते ही अधिकतर डग्गामार बिना परमिट के वाहनों के चालक गाड़ियां छोड़कर रफूचक्कर हो गए। कई ऑटो एवं ई रिक्शा छात्र- छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने का काम कर रहे थे। जिनको प्रभारी द्वारा भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा ऐसा करोगे तो आपके वाहनों के महंगे चालान कर दिए जाएंगे। प्रभारी ने स्कूल मैनेजमेंट से अनुरोध किया ऐसे वाहनों को छात्र- छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने से रोकें। प्रभारी ने छात्र- छात्राओं के अभिभावकों से भी अपील की गई। कि पैसे बचाने के लिए ना सोचें बल्कि अपने बच्चों की जिंदगी बचाने के लिए सोचें तो बेहतर होगा।


चालक को चेतावनी देते यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां

### प्रकाश में आये अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.10.2024 को थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 245/2024 धारा 137(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण अरुण कुमार पुत्र राजपाल निवासी खजुरिया नगला थाना अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पीड़ित की पुत्री अपने सहेली के घर सत्यनारायण कथा के प्रोग्राम में गयी थी। जिसके घर वापस नहीं पहुंचने के संबंध में मु0अ0सं0 191/2024 धारा 137(2) बीएनएस थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत कराया गया था। घटनास्थल थाना नवाबगंज होने के फलस्वरुप उक्त अभियोग थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 245/2024 धारा 137(2) बीएनएस पर पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अरुण कुमार उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# विधायक ने 21 करोड़ से निर्मित होने वाली सड़क का किया भूमि पूजन

- छूटे हुए स्थानों में विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

लंबे अरसे से उपेक्षित आटा इटौरा मार्ग की 11 किमी लंबी सड़क के निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। बुधवार को विधायक के द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन समारोह धूमधाम पूर्वक संपन्न हुआ।

बुधवार को लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय के तत्वाधान में पिपरायां गांव में आयोजित भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि आटा-इटौरा मार्ग की हालत बहुत ही खस्ताहाल होने के कारण राहगीरों तथा वाहन ऑपरेटरों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, उक्त मार्ग का निर्माण कराए जाने का काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि पहले सड़क तीन मीटर चौड़ी थी, लेकिन अब साढ़े पांच मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण होगा।

उन्होंने जनता से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि जहां-जहां की उपेक्षित सड़कें हैं, उनका निर्माण करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जोल्हूपुर-मदारीपुर रोड की 27 किमी लंबी सड़क को मंजूरी मिल जाएगी। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के इंजी. ब्रजेंद्र सिंह आदि के साथ विधि विधान से भूमि पूजन किया।

डॉ. विनोद पुरवार, अन्नू प्रधान, सत्यनारायण वर्मा, अखिलेश कुमार, वैभव कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, नीतू कुमार ने फूल माला पहनाकर विधायक तथा अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में मनोज चतुर्वेदी, सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार, अवर अभियंता बृजेन्द्र सिंह, प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, अमित यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


सड़क का भूमि पूजन करते विधायक विनोद चतुर्वेदी

# चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल


पुलिस हिरासत में आरोपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले प्रकाश में आएं दो अभियुक्तों गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। और चोरी का माल बरामद किया।

पंजीकृत मुकदमे में थाना इन्दरगढ पुलिस द्वारा प्रकाश में आएं अभियुक्तगण संदीप उर्फ दिलीप पुत्र बृजनन्दन निवासी ग्राम गहपुरा-इन्दरगढ, पप्पू पुत्र डम्बर बहेलिया निवासी रेहुआ- इन्दरगढ़ को थाना प्रभारी पारुल चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण के कब्जे से मु0अ0सं0 28/2025 से 1500 रुपये व मु0अ0सं0 270/2024 उपरोक्त से सम्बन्धित 05 जोड़ी पायल , दो कमर पेटी सफेद धातु व एक जोड़ी टॉप्स, एक मंगलसूत्र, दो अंगूठी व एक जोड़ी बाला व 5 नग नथ पीली धातु व 31520 रूपये नगद तथा 02 लोहे की छेनी बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# बुंदेलखंड महिला समृद्धि योजना में 94 लाभार्थियों को वितरण किया बीज

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड महिला समृद्धि योजना के तहत बुधवार को ब्लॉक परिसर में स्थित राजकीय पशुचिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पशु चिकित्साधिकारी ने क्षेत्र के चयनित लाभार्थियों को पोल्ट्री फीड एवं चिक्स के बीजों का वितरण हुआ।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित बुंदेलखंड महिला समृद्धि योजना के तहत लाभार्थियों को पशुचिकित्साधिकारी डॉ.शरद यादव ने पोल्ट्री फीड एवं चिक्स के बीजों का वितरण किया। उन्होंने बताया कि 94 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी डेढ़ कुंतल निःशुल्क बीज का वितरण किया गया है। यह बीज वह पोल्ट्री फार्म या घर में पल रहे मुर्गी के बच्चों को खिलाए जाएंगे। इस योजना से लाभार्थी स्वाबलंबी बनेंगे और विकास होगा। बीज पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी नितेश पटेरिया, नसीम खान, गजेंद्र सिंह, अनिल दीक्षित, राकेश पाल सहित लाभार्थी मौजूद रहे।


पोल्ट्री एवं चिक्स बीजों का वितरण करते पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शरद यादव

### मुंबई से गोरखपुर जा रही नेपाल की वृद्ध महिला लापता

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बुधवार को कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में रामबहादुर भण्डारी पुत्र टेक बहादुर भण्डारी निवासी ग्राम टीकापुर नगर पालिका जिला कैलाली नेपाल ने बताया कि मेरी माता जी पार्वती भण्डारी जिनकी 68 वर्ष उम्र है। मेरी बहिन के घर महाराष्ट्र में ठाणे जिला में गयी थी ट्रेन में बैठा दिया था जा`कि कालपी में उतरी थी जिन्हें कोतवाली पुलिस ने पुनः गोरखपुर के लिये ट्रेन में बैठा दिया था। लेकिन उनका अभी तक कोई पता नही चल सका है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक ने मामले को गंभीरता से लेते हुये पुखरायां, भीमसेन, कानपुर, लखनऊ आदि जीआरपी पुलिस को मामले की सूचना दी है तथा कोतवाली कालपी में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरा पत्नी INDU AWASTHI की जन्मतिथि 01.07.1981 दर्ज हो गयी है। जबकि वास्तविक जन्मतिथि 08.07.1981 है। जिसे मेरे सैन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये।
Deepak Kumar Awasthi 2992491f, राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़, पुत्र सुभाष चन्द्र अवस्थी निवासी नियर क्रिश्चियन इंटर कालेज फील्ड, बढ़पुर, फर्रुखाबाद।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHUSHILA DEVI व जन्मतिथि 02.12.1972 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHUSHILA SINGH व जन्मतिथि 01.01.1969 है। SHUSHILA SINGH M/o of आर्मी नंबर-3011144L, रैंक-नायक, सचिन कुमार, यूनिट 30 राजपूत फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-कोटा अली नगर, तहसील-बिलासपुर, जिला-रामपुर, उत्तर प्रदेश-244923, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP83916311230024X,दिनांक-05.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम RUBI TIWARI व मेरे पुत्र का नाम ARYAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम RUBY TIWARI व पुत्र का नाम ARYAN TIWARI है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पत्नी व पुत्र का सही नाम अंकित जाये।
Hav Mithilesh Kumar tiwari 2995395x Dist raisen (M.P.)

**NOTICE**

I, Dinesh Chandra Gupta and my wife Krishna Gupta R/o Linjiganj, Farrukhabad, (U.P.)-209625. had disowned and debarred our son namely Pranjul Gupta and along with his wife Ritul Gupta from all our movable and immovable properties and Terminated all relations future due to their irresponsible deeds, misconduct and misbehaviour towards us, now the their behaviour has become good towards us. So now we are accepting our son and his wife in our family again. If there behaviour remains good towards us In future, we will give them a share in all our movable and immovable properties.

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MOHORO व जन्मतिथि 14.08.1956 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MOHARO व जन्मतिथि 01.01.1950 है। MOHARO M/o of आर्मी नंबर-3002873M, रैंक-हवलदार, जतन सिंह, यूनिट 30 राजपूत फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-रुघापुरा, जिला-करौली, राजस्थान-322241, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP83921680703499X,दिनांक-05.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**

मैं नवीन कुमार दूबे पुत्र बेचू दूबे नि0-ग्राम पचरांव, थाना-चुनार, जिला-मीरजापुरअपनीपुत्री शिंवागी दूबे उम्र लगभग 20 वर्ष को उसके चाल-चलन के कारण अपनी समस्त सम्पत्ति व निजी जिंदगी से सम्पूर्ण रूप से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से शिंवागी दूबे के किसी भी संवैधानिक एवं असंवैधानिक कृत्य से हमारा एवं हमारे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।
**नवीन कुमार दूबे, पुत्र बेचू दूबे, नि0 ग्राम पचरांव, थाना-चुनार, जनपद-मिर्जापुर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MEHAR DEEN व जन्मतिथि 16.07.1958 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MEHARDIN व जन्मतिथि 01.01.1958 है। MEHARDIN F/o of आर्मी नंबर-3011167M, रैंक-नायक, याकूब खान, यूनिट 15 राजपूत फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-भोजों की बाप चक नंबर-1, जिला-जोधपुर, राजस्थान-342307, शपथ पत्र नंबर-IN-UP8388961444 4821X, दिनांक-05.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मैं बच्चू प्रांजल पात्रो पुत्री बच्चू दुष्मंता कुमार पात्रो निवासी टाइप-4 रा.इ.का. कन्नौज 209732 की हूँ। मैंने 12वीं सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण किया है। मेरी मार्कशीट में पिता का नाम चै. मंजुमाला सुबुद्धि से बच्चू दष्मंता कुमार पात्रो और माता का नाम- बच्चू दुष्मंता कुमार पात्रो से चै. मंजुमाला सुबुद्धि को संशोधित किया जाना है।
**बच्चू प्रांजल पात्रो, पुत्री बच्चू दुष्मंता कुमार पात्रो, निवासी टाइप-4 रा.इ.का. कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम NASIYAT KHATUN व जन्मतिथि 24.03.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम NABIKHAT KHATU व जन्मतिथि 01.01.1960 है। NABIKHAT KHATU M/o of आर्मी नंबर-3011167M, रैंक-नायक, याकूब खान, यूनिट 15 राजपूत फतेहगढ़, निवासी-ग्राम भोजों की बाप चक नंबर-1, जिला-जोधपुर, राजस्थान-342307, शपथ पत्र नं0-IN-UP83883706953358X, दिनांक-05.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।






# आम दल निषाद पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर लड़ेगी चुनाव : संजय

**संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्बल इंडिया शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी विधानसभा चुनाव में 100 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान किया है, उससे भाजपा के प्रति उनकी नाराजगी साफ दिखायी दे रही है। वह यह भी बोले जिन सीटों पर कभी भाजपा चुनाव नहीं जीत पायी वह सीट हमारी पार्टी को दे दें, जीतकर दिखा देंगे, यह बात उन्होंने वार्ता के दौरान कही। उनकी पार्टी संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा निकाल रही है उसी के तहत वह फर्रुखाबाद पहुंचे और फतेहगढ़ गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। पार्टी के अध्यक्ष एवं मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने बताया कि हमारी संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रदेश की लगभग 200 विधानसभाओं में होते हुए हमारी यात्रा दिल्ली में पहुंचकर इसका समापन होगा।


यात्रा के दौरान मंत्री संजय निषाद व पार्टी कार्यकर्ता

यात्रा का मुख्य उद्देश्य है की निषाद पार्टी का गठन मछुआ समाज के संवैधानिक एससी आरक्षण के मुद्दे को हल करवाते हुए, आरक्षण का लाभ मछुआ समाज को मिल सके और निषाद पार्टी द्वारा अभी तक मछुआ एससी आरक्षण को लेकर उठाए गए सभी कदमों की जानकारी भी मछुआ समाज के समक्ष रखी जा रही है। महाकुम्भ में हुए हादसे पर बोले कि यह जांच का विषय है। घटना कैसे हुई, जब उनसे पूछा गया कि आपकी पार्टी कह रही है कि साजिश के तहत घटना घटित हुई तो वह बोले यह भारतीय जनता पार्टी कह रही है कि जांच का विषय है। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार खत्म हो गया तो बोले कि भ्रष्टाचार तो पहले भी था और कहां नहीं है भ्रष्टाचार। आज भी पर्चा किसी का तनख्वाह किसी को। वह बोले 66 समूह है, समाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट कहती है कि इन 66 समूहों में से अकेले 27 प्रतिशत मिल्कमेन खा रहा है।

संविधान में आरक्षण की व्यवस्था इसलिए रखी गयी है कि दलित व कमजोरों का हिस्सा न खा सकें। अन्य हिस्सेदारी कहां जा रही है, जब संविधा में हिस्सा मिला है तो कहां जा रहा है। जो दिल्ली में अनुसूचित में थी, उन सभी को ओबीसी में डाल दिया गया था। 2015 में हम लोग सड़कों पर उतरे तो उसमें बहुत सी जातियां उससे बाहर कर दी गई। जो अनुसूचित है वह 9 प्रतिशत ओबीसी से कटे और उनका उन्हें लाभ मिले।

उन्होंने योगी-मोदी के कार्यों की तारीफ की। इसके बाद उनकी रथ यात्रा प्रारंभ हुई और वह अम्बेडकर प्रतिमा पर रुके जहां उन्होंने डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया रवाना हुए। उसके बाद उनकी यात्रा फतेहगढ़ चौराहा, नेकपुर, आवास विकास तिराहा,न्यू इंडिया निषाद पार्टी कार्यालय, लाल दावा खाना, घूमना चौक, फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन, पल्ला, जिस्मई दरवाजा से होते हुए आगे बढ़ गयी। इस दौरान अनिल कश्यप, जंगाली लाल बाथम, राजीव यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपकार साहित्य साधना क्षेत्र में हुआ विशाल भंडारा


प्रसाद ग्रहण करते साधू-संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उपकार साहित्य साधना क्षेत्र मेला रामनगरिया में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साधु संतों ने पहुंचकर भंडारा छका। इस मौके पर साधु संतों को कंबल का वितरण भी किया गया। जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया में बुधवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपकार साहित्य साधना क्षेत्र में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साधु संतों व कल्पवासियों ने पहुंचकर भंडारा छका। महेश पाल सिंह उपकारी ने साधु संतों को कंबल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि रामनगरिया मेले में करीब 13 वर्षों से भंडारे का आयोजन कराते चले आ रहे हैं। इस मौके पर ईश्वर दास महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह राठौड़, ईओ रविंद्र सिंह, अमित, मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित, वैभव सोमवंशी, अनुराग, विभोर सोमवंशी, कुशल पाल, सुब्रत, रोहित दीक्षित, आचार्य प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती में 903 युवाओं ने लगायी दौड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) बरेली की अग्निवीर भर्ती रैली 29 जनवरी से फतेहगढ़ में चल रही है। भर्ती रैली 6 फरवरी तक चलेगी। रैली का आयोजन मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में स्टेशन कमांडर फतेहगढ़ छावनी फतेहगढ़ नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा सका है। बुधवार को भी रैली में कुल 903 युवाओं ने भाग लिया।

एआरओ बरेली के क्षेत्र में आने वाले जनपद फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती के जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई पास कर लिया है वे फतेहगढ़ में रैली में भाग ले सकते हैं। सुबह 3 बजे जनपद हरदोई (कैट एवी जीडी) के अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकत्र किया गया। यहां से टोंकन देने के बाद सभी को सिखलाईट रेजीमेंट सेंटर के बैरियर से सैन्य क्षेत्र में दाखिल किया गया। अभ्यर्थियों को लंबाई मापने के उपरांत माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की पड़ताल की। प्रपत्रों की पड़ताल के उपरांत दौड़ के लिए युवकों को करियप्पा मैदान पर ले जाया गया। सैन्य भर्ती अधिकारी कि जानकारी के मुताबिक मंगलवार को 1134 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। 903 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। दौड़ में 457 युवा कामयाब रहे।


लांग जम्प लगाते युवा

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 17/2025 धारा- 137(2)/ 351 (3)/ 65 (1) बी.एन.एस. व 3/ 4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सुमित उर्फ मंत्री पुत्र अमीर निवासी कोला थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर दिनांक 03.02.2025 को पीड़ित की पुत्री को पकड़कर व पुत्री व उसके घरवालों को जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित की पुत्री को अपने साथ ले जाकर कमरे में बलात्कार करने के संबंध में थाना मेरापुर पर दिनांक 03.02.2025 को मु0अ0सं0 17/2025 धारा-137(2)/ 351 (3)/ 65 (1) बी.एन.एस. व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम सुमित उर्फ मंत्री पुत्र अमीर निवासी कोला थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़ पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 05.02.2025 को अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पंचायत कार्यालय में हुई दो बार चोरी से पंचायत सहायक सवालों के घेरे में

**पुलिस अभी तक नहीं कर सकी खुलासा, पंचायत सहायक को नोटिस जारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जसमई पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के ऑफिस से दो बार चोरी होने से पंचायत सहायक की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पंचायत सहायक को नोटिस दिया गया है। पंचायत सचिवालय में दो बार हो हो चुकी चोरी का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।



जसमई ग्राम पंचायत सचिवालय

जसमई पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के कमरे से हुई चोरी का पुलिस 15 दिन गुजर जाने के बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। सूत्रों की मानें तो चोरी होने की वजह भी पंचायत सहायक की लापरवाही बताई जा रही है। ग्राम प्रधान ने चोरी का खुलासा करते हुई चोरी का मुकदमा दर्ज करने के लिये थाना मऊदरवाजा में तहरीर दी थी। फिलहाल चोरी की घटना को पन्द्रह दिन गुजर जाने के बावजूद ना तो अभी चोरी का मुकदमा दर्ज हो पाया है। ना ही पुलिस चोरी का खुलासा कर पाई है। गौरतलब है कि बढ़पुर ब्लाक के ग्राम पंचायत जसमई में पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के कमरे से कीमती सामान चोरी हुआ था। घटना की सूचना ग्राम प्रधान अभिलाषा दुबे ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को दी थी। चोरी की घटना को पन्द्रह दिन बीत चुके हैं। मगर पुलिस अभी तक चोरी की घटना का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है। सूत्रों की मानें तो सचिवालय में हुई चोरी में पंचायत सहायक की भी बड़ी लापरवाही सामने आयी है। पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के कमरे से विगत पांच महीने पूर्व में भी चोरी हुई थी। पांच महीने बाद दोबारा से पंचायत सहायक के कमरे से चोरी होने से गुत्थी उलझ गयी है। पुलिस घटना का अभी तक खुलासा नहीं कर पा रही है। ग्राम प्रधान अभिलाषा दुबे ने बताया कि पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक के ही कमरे से दो बार चोरी होने के मामले में थाना मऊदरवाजा पुलिस को तहरीर दी गयी थी। चोरी होने में पंचायत सहायक की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। पंचायत सहायक को नोटिस दिया गया है। गांववासियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक की लापरवाही के चलते बार-बार चोरी होने की घटना की पुनरावृति होने की आशंका सामने आई है। उच्च अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### फल विक्रेता को दबंगों ने पीटा, पत्नी ने दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फल की ठेली लगाने वाली महिला के पति को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने कमालगंज थाने में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरुपुर रवी निवासी नानी देवी पत्नी अशोक कुमार ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि पीड़िता का पति अशोक कुमार नई बस्ती में फल बेचता है एवं पीड़िता रेलवे स्टेशन के पास ठेली लगाकर फल बेचती है। जिससे बच्चों का पालन पोषण करती है। पीड़िता के पति अशोक कुमार से चुना पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला जवाहर नगर कमालगंज फल उधार ले गया था। कल दिनांक 04.02.2025 को रात 9:00 बजे पति अशोक कुमार ने चुना से फल के पैसे मांगे, तो चुना एवं उसके दो तीन अज्ञात साथियों ने अशोक कुमार के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जब मैं बचाने गई तो मेरे साथ भी उक्त लोगों द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई को कहा।

### रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, कई सवारियां घायल

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोडबस की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार कई लोग घायल हो गये। जिसमें से तीन घायलों को सिविल अस्पताल लिंजीगंज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर करीब 11:30 बजे एक रोडवेज बस जो कि जलालाबाद की ओर जा रही थी, तभी कादरीगेट थाने के पास विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा में बैठी करीब आधा दर्जन सवारियां अर्चना उम्र 40 वर्ष, कुसमा उम्र 48 वर्ष, सुनीता उम्र 46 आदि घायल हो गयी। जिन्हें सिविल अस्पताल लिंजीगंज में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद रोडवेज का चालक बस लेकर चला गया। उसे पकड़ा नहीं जा सका।

### मार्ग दुर्घटना में बालिका घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भटासा निवासी तनिष्का उम्र 8 वर्षीय पुत्री पुष्पराज मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### महिला ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रमापुर दबीर निवासी सुमन उम्र 35 वर्षीय पत्नी कुलदीप ने ग्रह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो सवार की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात शादी समारोह में जा रहे टेंपो में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर युवक गम्भीर रुप से घायल होगया। घायल साथियों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सीएचसी में कराया भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के बबना रोड पर मलोखर में अरविंद पाल के यहां शादी समारोह में टेंपो से परिजनों के साथ जा रहे युवक के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ही मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। बताते हैं कि जनपद हरदोई के थाना सवायजपुर के लखतुआ निवासी कमला कांत अपने परिजनों के साथ नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव मलोखर में अपने बहनोई अरविंद पाल के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे रास्ते में बबना रोड पर एक डिग्री कालेज के सामने मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से टेपों में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें कमला कांत गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको रिश्तेदार की की सूचना पहुंची एंबुलेंस ने घायल कमलाकांत को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में कमलाकांत की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। आज सुबह पुत्री नैंसी ने अपने पिता की मृत्यु की थाने में सूचना दी। सूचना पाकर थाना पुलिस ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की। वहीं पुत्री की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू करदी है। खबर लिखे जाने तक घटना में संलिप्त ट्रैक्टर चालक पुलिस की हिरासत में था।

### अवैध तमंचा व कारतूस बरामद, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाने में तैनात दरोगा बलवीर सिंह ने लिखे गए मुकदमे में बताया मुखबिर की सूचना पर थाने अंतर्गत ग्राम दरौरा निवासी आनंद पुत्र रघुवीर सिंह की घर की अलमारी के नीचे से एक अधिया और जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# झोपड़ी के बाहर खेल रहे बच्चे को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

झोपड़ी के बाहर खेल रहे बच्चों को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक पुनीत कुमार पुत्र रामवीर निवासी गांव काकोरी थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर उम्र 4 वर्ष ढाईघाट गंगाजी पर अपनी मड़ैया के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने खेल रहे बच्चे को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया।

पुलिस द्वारा घायल को शमशाबाद सीएचसी पर लाया गया। जहां बच्चे को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा बबाल करने की आशंका पर सीएचसी में एसडीम कायमगंज भी मौके पर पहुंचे तथा मृतक के पिता को उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया। जिसके बाद परिजनों तथा मृतक के पिता रामवीर ने बताया कि ट्रैक्टर चालक दारू के नशे में था और तेज रफ्तार ट्रैक्टर से झोपड़ी के बाहर खेल रहे उसके पुत्र को रौंद दिया। उसका इकलौता पुत्र पुनीत था। बच्चे की मौत की सूचना पर बच्चे के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक बच्चे की मां काजल का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बेरीकेटिंग के बाद भी पुलिस अपने चहेतों की गाड़ियां व ट्रैक्टर अंदर भेज रही है और सभी के वाहन बाहर बेरीकेटिंग के पास खड़े कराए जा रहे हैं। अगर पुलिस द्वारा वाहन मेले के अंदर न जाने दिये जाते तो आज ये घटना नहीं घटित होती।


थानाध्यक्ष से घटना की जानकारी लेते एसडीएम कायमगंज

## बदमाश नकदी, मोबाइल व कार की चाबी लेकर फरार


लोहिया में भर्ती घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार बदमाश कार सवार से नकदी, मोबाइल व कार की चाबी छीनकर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार सूरजपाल उम्र 58 वर्ष पुत्र रामचंद्र पाल निवासी टिकुरियन नगला थाना कादरीगेट अपनी बहन के यहां मैनपुरी गए थे। मैनपुरी से वापस आते समय बघार पुल के पास कलार नगला गांव के सामने बुलेट पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने सूरजपाल की गाड़ी के आगे अपनी बाइक खड़ी करके गाड़ी का लोहे की राड से शीशा तोड़ दिया। सूरजपाल के साथ हाथापाई करके सूरजपाल के पास 1600 व मोबाइल और उनकी की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की चाबी छीन ले गए। सूरजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर लोहिया भेज दिया।

# हत्या के मामले में दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-7 अंकित कुमार मित्तल ने पप्पू उर्फ जसवंत पुत्र रामनरेश निवासी बसायकपुर थाना कमालगंज को हत्या के मामले में दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

बीते 14 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम महमदगंज निवासी अनंगपाल पुत्र ईश्वर दयाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 19 जून 2011 को ग्राम बसायकपुर में लज्जाराम के यहां नौटंकी देखने मैं व मेरा भाई राजीव उर्फ बब्बा चाचा कश्मीर व गांव के काफी लोग बसायकपुर में आए थे। उसी बीच पप्पू उर्फ जसवंत आए थे और उसी बीच रामतीरथ व सतीश तथा राजीव उर्फ बब्बा सभी लोग मान सिंह के यहां शराब बैठकर पीने लगे। शराब पीते-पीते पप्पू तथा मान सिंह में लड़ाई होने लगी। शोर सुनकर मैं व मेरे चाचा कश्मीर मौके पर आ गए। मेरा भाई राजीव मान सिंह का पक्ष लेने लगा, तभी रामतीर्थ, सतीश ने मेरे भाई राजीव उर्फ बब्बा को पकड़ लिया। पप्पू उर्फ जसवंत ने जान से मारने की नीयत से डंडा तथा खम्मिया से मारना शुरू कर दिया। जिसकी चोट लगने से मेरा भाई जमीन गिर गया। हम लोगों ने बचाने का प्रयास किया, तो हमें भी जान से मारने की धमकी देने लगे। मेरे भाई राजीव उर्फ बब्बा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह घटना रात 10.30 बजे की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर पप्पू उर्फ जसवंत, रामतीर्थ, सतीश के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित सुमार मित्तल ने पप्पू उर्फ जसवंत को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 6 फरवरी की तिथि नियत की है। साक्ष्य के अभाव से रामतीर्थ, सतीश को दोष मुक्त किया।

# मंदिर में हो रह घटिया निर्माण को लेकर सभासद व ठेकेदार आमने-सामने


ठेकेदार व सभासद के बीच होता वाद विवाद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे मंदिर निर्माण में घटिया सामग्री लगाने को लेकर ठेकेदार तथा सभासद आमने-सामने हो गये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह में मंदिर निर्माण को लेकर घटिया सामग्री लगाने की शिकायत पर पहुंचे सभासद कुलदीप राजपूत ने ठेकेदार अमन तथा कमल भारद्वाज के द्वारा कराए जा रहे हैं मंदिर निर्माण को लेकर जमा हुए सीमेंट व घटिया निर्माण सामग्री की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत से की, तो नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत भी मौके पर पहुंचे। इसी बीच ठेकेदार द्वारा वीडियो बना रहे नगर पंचायत के सभासद कुलदीप राजपूत का मोबाइल ठेकेदार द्वारा छीन लिया गया। जिस पर काफी गर्मागर्मी हो गयी। जिसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने सामाजिक सेवा बताते हुए दोनों पक्षों में वार्तालाप कराया, लेकिन सभासद कुलदीप राजपूत थाने पहुंचे और थाना अध्यक्ष से मिलने की बात कह रहे थे। उन्होंने शिकायत जिलाधिकारी से भी की।

## बदमाश ने डंडा मारकर छीनी नकदी व बाइक


अस्पताल में भर्ती घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक सवार को डंडा मारकर बदमाश मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार अयूब उम्र 22 वर्ष पुत्र असलम निवासी अमेठी जदीद थाना कादरीगेट खटकपुरा के एक होटल से खाना लेकर बाइक से जा रहा था। अयूब की बाइक के आगे एक युवक चल रहा था। उसके हाथ में डंडा था। जब अयूब की बाइक उसके 10 या 20 कदम आगे हुई, तब उस व्यक्ति ने अंबेडकर स्कूल के पास अयूब के सिर पर डंडा मारकर उसे घायल कर दियाष। जब अयूब को होश आया, तब उसकी जेब में 6500 रुपये और मोबाइल गायब था तथा बाइक भी नहीं थी। अयूब डरा हुआ था। वह सीधे भागते हुए अपने घर की ओर चला गया। परिजनों ने जब आयूब का सर फटा देखा, तो 108 एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़े खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज


नि:शुल्क कैंप में मौजूद मरीज व चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल व समर्पण सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या में काफी मरीज पहुंचे। गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामादेवी, प्रधान सर्वेश चौहान, जितेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कैंप में चिकित्सक डॉक्टर शिवम त्रिपाठी ने सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, खांसी, बीपी, शुगर के 240 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं। इसके अलावा न्यूरो, हड्डी, नाक, कान, गला के भी मरीज का उपचार किया गया। गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां चिकित्साधीक्षक डॉ0 मंगल पांडे ने भर्ती कर उपचार किया। शिविर के मरीजों को रियायत दर पर उपचार किया गया। हमारे हॉस्पिटल में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ0 अदिति तिवारी व जनरल सर्जन अभिनव तिवारी द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक फ्री ओपीडी की जाती है। इस दौरान अरविंद सिंह, नरेश सिंह, रामकरन, राघवेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह, शैलेंद्र सिंह, दिलदार सिंह, गोपी सक्सेना, विमला, ऋषभ सिंह, शैलेंद्र फौजी, नितिन गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

## खाई में गिरकर नशेड़ी घायल


सीएचसी में भर्ती घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में अधेड़ सड़क के किनारे खाई में गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कृष्ण पाल उम्र 42 वर्ष पुत्र नवीचंद्र निवासी लहरा कायमगंज अपने दोस्तों के साथ फैजबाग आया था। फैजबाग से घर वापस आते समय कृष्णपाल शराब के नशे में था। नशे में होने के कारण रोड के किनारे खाई में वह गिर गया। राहगीरों ने जब अधेड़ को पड़ा देखा, तो उसे खाई से उठाकर सड़क के किनारे बैठाया और 108 एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चोट गंभीर होने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मंत्री ने डीएम को मत्स्य विभाग से संबंधित योजनाओं के संबंध में दिये दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक के दौरान मंत्री व डीएम आदि

मंत्री मत्स्य विभाग डा0 संजय कुमार निषाद के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी को मत्स्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बन्ध में निर्देश दिये कि मत्स्य विकास निधि में जमा धनराशि को शिक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जायें एवं जनपद में प्रवाहित नदियों में खण्ड बनाकर मत्स्य जीवी सहकारी समितियो का गठन किया जायें एवं मत्स्य आखेट हेतु नीलामी की जायें। मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधी से जुड़े मछुआ समुदाय के लोगों का मछुआ दुर्घटना बीमा योजना में पंजीकृत करके उनको बीमा स्वीकृत पत्र वितरित किये जायें। मत्स्य विभाग की परिसम्पत्ति मत्स्य आस्थान विजौरी ग्राम विजौरी विकास खण्ड नवाबगंज का सीमांकन कराते हुये मनरेगा द्वारा तालाबों का निर्माण कराया जायें। जिससे मत्स्य आस्थान की नीलामी की जा सकें। मत्स्य पालकों एवं मत्स्य गतिविधि से जुड़े लोगों का मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड बैंक द्वारा स्वीकृत कराया जायें। मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं का दैनिक समाचार पत्रो के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आंनलाइन आवेदन 01 फरवरी से दिनांक 15 फरवरी तक लिये जा रहे है जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन करायें जायें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक व सीडीओ तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शराब बंदी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान तेज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वैदिक क्षेत्र के प्रधान चन्द्रदेव शास्त्री की अगुवाई में शराबबंदी हस्ताक्षर अभियान शुरु किया गया। मेला रामनगरिया में चलाये गये हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रदेश को शराब मुक्त बनाने की मांग की। शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में पदाधिकारी शराब बंदी को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है। आगामी 23 मार्च को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर शराब बंदी की मांग की जायेगी। हस्ताक्षर अभियान के दौरान प्रदेश अध्यक्ष हरिनंदन यादव, हरिश्चन्द्र पाठक, हरिओम त्रिवेदी, सुलक्षणा सिंह, देवकीनंदन, उपासना कटियार सहित बड़ी संख्या में संतों ने शराब बंदी की शपथ ली।

# मेला रामनगरिया में पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

▸ सांस्कृतिक पाण्डाल में छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध


सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग


कार्यक्रम में सम्मानित होते खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री राम नगरिया पांचाल घाट पर बुधवार को नान ओलम्पिक एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वदेशी भारतीय परम्परागत खेलों एवं विधाओं का प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के अन्तर्गत गदा जोड़ी, योग, कठपुतली नृत्य, फिटनिस जागरण, पंजा कुश्ती का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारियों ने भी पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में हाथ आजमाये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रतियोगिता व प्रदर्शन के आयोजन में राजकीय कन्या इन्टर कालेज राजेपुर की बालिकाओं द्वारा गोपी रेस की गयी। गदा जोड़ी प्रतियोगिता में बनारस, जौनपुर, मिर्जापुर के पहलवानों ने भी प्रतिभाग किया। साधना शिक्षा संस्थान कमालगंज के बच्चों द्वारा योग साधना, मोहन लाल श्रीवास्तव लखनऊ द्वारा कठपुतली नृत्य व राकेश कुमार गुप्ता संगीतमय फिटनेस जागरण किया गया। पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार राधेश्याम, द्वितीय विजय कुमाय व तृतीय रामवीर को मिला तथा पब्लिक पंजा कुश्ती में प्रथम पुरूस्कार रिषु दीक्षित, द्वितीय मेहुल व तृतीय पुरूस्कार अमन को मिला। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन दिनेश प्रताप सिंह अन्नु सदस्य मेला समिति एवं अध्यक्ष गांधी विचार मंच एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। समापन व पुरूस्कार वितरण कपिल कुमार परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 ने किया। यू0पी0 नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव ए0के0 सक्सेना ने बताया कि यू0पी0 नॉन ओलम्पिक एसोसिएशन का उद्देश्य प्राचीन, भूले बिसरे, ग्रामीण खेलों को आगे बढ़ाना है, उनकी पहचान वापस दिलाना है, ताकि यह खेल विलुप्त न होने पाये। बच्चे मोबाइल से दूरी बनाकर इन प्रकृतिक खेलों के प्रति आकर्षित हो। संस्था ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को चिन्हित करने का काम करती है।

## डीएम ने बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत अभ्यार्थियों के लिये साक्षात्कार


अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 23 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में संपन्न हुआ। उक्त योजना ग्रामीण जनता के लिए स्वरोजगार हेतु शासन द्वारा चलाई गई एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को रुपए 70 हजार तथा गैर अनुसूचित श्रेणी के लाभार्थियों को 50 हजार रुपये अनुदान के रूप में दिया जाता है तथा उनके द्वारा स्वरोजगार हेतु अपनाए गए प्रोजेक्ट/ क्रियाकलाप के लिए बैंकों से न्यूनतम 2 लाख का ऋण प्रदान किया जाता है। स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर होने के लिए यह योजना चलाई गई है।

उक्त साक्षात्कार में अनुसूचित श्रेणी के 07 एवं गैर अनुसूचित श्रेणी के 16 आवेदकों के साक्षात्कार संपादित किए गए। आवेदकों द्वारा भैंस पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, जनरल मर्चेंट, हार्डवेयर की दुकान, आटा चक्की जैसे क्रियाकला हेतु आवेदन किये गए थे।

साक्षात्कार में जिलाधिकारी की अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर आरसेटी के प्रबंधक, उपायुक्त उद्योग, प्राचार्य आईटीआई आदि उपस्थित रहे।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने बिजली के निजीकरण का विरोध कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कम्युनिस्ट नेता

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर समस्याओं का निदान करने की मांग की है। 13 सूत्रीय दिये गये ज्ञापन में बताया कि हमारी पार्टी किसानों-मजदूरों व आम मेहनतकश जनता के हक को ध्यान में रखकर बिजली के निजीकरण का विरोध केन्द्र सरकार द्वारा बिजली संशोधन बिल, 2020 लाने के समय से ही विरोध कर रही है। इस कानून की वापसी 13 महीने के दिल्ली सीमाओं पर ऐतिहासिक किसान आंदोलन का मुख्य मुद्दा भी रहा था।

9 दिसंबर 2021 को सरकार ने भी लिखित वादा किया था कि किसानों से वार्ता किए बिना बिजली संशोधन बिल नहीं लाया जाएगा, लेकिन मोदी नेतृत्व की केन्द्र सरकार अपने वादे से मुकर गई और लोकसभा में बिजली संशोधन बिल 2022 पेश हुआ। अब तमाम राज्य सरकारों की तरह यूपी में भी योगी सरकार बैक दरवाजे से सुधार के नाम पर बिजली के निजीकरण का रास्ता अपना रही है। जब पहले से ही यूपी की गरीब, मेहनतकश जनता महंगी बिजली की मार झेल रही हो, ऐसे में बिजली के निजी क्षेत्र में जाने से आम जनजीवन में अंधेरा छा जाएगा। लाखों बिजली कर्मी बेकार और बेरोजगार हो जायेंगें। आज बिजली रोटी, कपड़ा और मकान की तरह आवश्यक जरूरत बन गई है। बिजली देश के आम आदमी के जीवन में रोशनी भरने का काम कर रही है। किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली की जरूरत हैं, गरीबों के लिए घर में रोशनी के लिए फ्री बिजली चाहिए, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, कृषि आधारित समय निजी हाथों में सौंपने के लिए मौजूदा सरकार और कारपोरेट परस्त अधिकारियों की साजिश चल जारी है। हम मांग करते है एक लाख करोड़ से अधिक के घाटे के लिए सरकार की नीतियां दोषी हैं। कम्युनिस्ट पार्टी इस निजीकरण का विरोध करती है और प्रदेश में निजीकरण का फैसला वापस न लिया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर जिला मंत्री सुनील कटियार, राजकुमार शर्मा आदि कम्युनिस्ट नेता मौजूद रहे।

# रामानंद बालक इंटर कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न


विद्यार्थियों से जानकारी करते परीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज में बुधवार को कृषि रसायन विज्ञान व कृषि भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। लखीमपुर से आये प्रवक्ता राकेश कुमार ने छात्रों की परीक्षा ली। 44 छात्रों ने प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग लिया।

प्रयोगशाला में उपकरणों की जानकारी संबंधित परीक्षक राकेश कुमार ने छात्रों से प्रश्न पूछे। जिसका छात्रों ने जबाव दिया। विद्यालय के कृषि प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ की देखरेख में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। साथ ही कृषि भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में 47 छात्रों में से 45 छात्र उपस्थित रहे, दो छात्र अनुपस्थित रहे। सीतापुर से आये कृषि भौतिक विज्ञान के परीक्षक अखिलेन्द्र कुमार ने प्रयोगात्मक परीक्षा ली। अध्यापक मनोज कुमार शुक्ला ने परीक्षा सम्पन्न करायी। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी की देखरेख में रसायन विज्ञान व भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई।

प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि परीक्षक के कुशल नेतृत्व ने छात्रों ने अपनी बौद्धिक क्षमता दिखाते हुए वायवा दिया। अधिकांश छात्रों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिये। प्रधानाचार्य ने परीक्षक व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## धर्मानुकूल आचरण के द्वारा मनुष्य दुखों से बच सकता है


भजन प्रस्तुत करते आचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि पाप कर्म से बचने के लिए ईश्वर का सर्वत्र व्यापक मानना अत्यावश्यक है। व्यक्ति पाप कर्म इसलिए करता है क्योंकि वो ये मानता है कि हमें कोई देख नहीं रहा। मनुष्य जो भी कर्म करता है उस कर्म का फल परमात्मा अवश्य देता है। परमात्मा की न्याय व्यवस्था से कोई नहीं बच सकता। ईश्वर कण-कण में व्यापक होके सभी के कर्मों का यथायोग्य फल देता है। श्रेष्ठ कर्मों का फल सुख और बुरे कर्मों का फल दुख के रूप में प्रत्येक मनुष्य को भोगना ही पड़ता है। धर्मानुकूल आचरण के द्वारा मनुष्य दुखों से बच सकता है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने भजन के माध्यम से बताया कण कण में बसा प्रभु देख रहा, चाहे पुण्य करो चाहे पाप करो, जहां मनुष्य कर्म करने में स्वतंत्र है। वहीं फल भोगने में परतंत्र है। फल सुख के रूप में प्राप्त हो इसलिए मनुष्य को वेदानुकूल कर्म करने चाहिए। पण्डित दलवीर शास्त्री ने रामकथा के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। पण्डित धर्मवीर शास्त्री, पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य ने वेदोपदेश के द्वारा वेद के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल प्रबंधन समिति ने की बैठक


स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। वालवाटिका आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सचिव राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि स्कूल में वालवाटिका केंद्र संचालित है। जिसमें बच्चों के बैठने के लिए फोम वाली मैट एवं डेस्क आ चुकी है और किट भी आ चुकी है। फरवरी में एनएटी परीक्षा होगी और मार्च में वार्षिक परीक्षा होगी। इसलिए सभी बच्चों को नियमित स्कूल जरुर भेजें। अभिभावकों को द्वितीय सत्र परीक्षा का रिजल्ट बताया गया। उन्होंने बताया कि बिना आधार नवीन नामांकन नहीं होगा। आधार बनने की प्रक्रिया काफी कठिन हो गई है। सभी बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए शपथपत्र के साथ उपजिलाधिकारी को आवेदन करना होगा। जिसमें काफी समय लगेगा। जन्मप्रमाण पत्र के बाद ही आधार बनेगा और आधार बनने के बाद अपार आईडी बनेगी। इस काम में सभी पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर शासन के निर्देश पर स्कूल की त्रिवार्षिक योजना तैयार की गई। जिसे ग्राम पंचायत कार्ययोजना में शामिल कराया जायेगा। बैठक में अनोखेलाल, भगवान देवी, ऊषा, फूलवती, मोहिनी, नीलम, नफीसा, आशा, उमा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते एमआर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। 29 सूत्रीय दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि सरकारी कार्रवाई के अभाव में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को उनके नियोक्ताओं द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न अनुचित श्रम प्रथाओं का शिकार होना पड़ता है। कर्मचारियों को नियोक्ता अवैध तरीके से स्थानांतरित कर रहे हैं, अवैध रूप से उनका काम रोक रहे हैं तथा अवैध रूप से नौकरी से बर्खास्त भी कर रहे हैं, वे फर्जी मुद्दे बनाकर कर्मचारियों को वेतन और यात्रा खर्च का भुगतान करने से इनकार कर देते है। नियोक्ता, बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधिनियम और अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। वे नियमित रूप से कर्मचारियों को धमका रहे हैं और अपमानित कर रहे हैं नियोक्ता, यूनियन नेताओं और श्रमिकों के विरोध करने के लोकतांत्रिक और कानूनी अधिकार को दबाने के लिए उनके खिलाफ झूठी पुलिस शिकायतें दर्ज कर रहे हैं। इस संबंध में सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। कहा है कि अधिनियम 1976 संवर्धन कर्मचारी नियम का पालन सुनिश्चित कराया जाये, साथ ही मांगों को पूरा किया जाये। इस मौके पर अध्यक्ष संगीत त्रिपाठी, कपिल दिवाकर, विमलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर अभाकियू ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


ज्ञापन देते किसान नेता

अखिल भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह यादव व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सक्सेना के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि प्रयागराज कुम्भ मेले में स्नान के दौरान घंटी हृदय विदारक घटना को लेकर अखिल भारतीय किसान यूनियन ने गहरा दुःख जताते हुए योगी सरकार से जांच कराकर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही की मांग की है और घायलों का समुचित इलाज की व्यवस्था की जाये। शमनाबाद सीएचसी पर सरवर इकबाल फोन नहीं उठाते है, इनकी मरीजों के प्रति कार्यशैली अच्छी नहीं है। साथ ही जांच कराकर डा0 सरवर इकबाल को हटाये जाने की मांग की है। कायमगंज में सीएचसी में तैनात डाक्टर मरीजों को दवा बाहर से लिखते है, जिससे उन्हें मोटा कमीशन मिलता है। ऐसे डाक्टर का स्थानांतरण किया जाये। फैजबाग में पशु चिकित्सालयों पर चरी का बीज आता है, चेहतों को बीज दिया जाता है, इसकी जांच की जाये। बिजली विभाग से उपभोगता अधिक परेशान है और उपभोगताओं के बिल सही नहीं किये जा रहे है। जांच कर उपभोक्ताओं के बिल सही किये जाये। इस मौके पर अजयवीर, जावेद, हरवीर, रमेशचन्द्र, मोती लाल, बृजेश कुमार, राजेश कुमार, भगवत दयाल, भुवनेश्वर, बाबूराम, प्रेमचन्द्र, रोहित गंगवार, मिहीलाल, शेरसिंह, राजवीर, अमर सिंह, रामनरेश, नौरंगी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरु मंत्र: नागरिक शास्त्र व समाजिक विज्ञान में रिवीजन करने से अच्छे अंक आते हैं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

**परीक्षा पर चर्चा**

कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के नागरिक शास्त्र प्रवक्ता राकेश प्रसाद ने बताया कि बोर्ड परीक्षा पेपर की तैयारी के लिए नागरिक शास्त्र को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। पहला खण्ड (क) में समकालीन विश्व की राजनीति तथा खण्ड (ख) में स्वतंत्र भारत में राजनीति है। दोनों खंडों में 50-50 अंकों के प्रश्न पूछे जाते है। महत्वपूर्ण तैयारी के लिए सभी पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना आवश्यक होता है। जिसमें कम से कम पांच-छह घंटे अध्ययन करना जरुरी होता है। अगर छात्रों के अच्छे अंक लाने के लिए दो तीन वर्षों का बोर्ड पेपर नागरिक शास्त्र का रिवीजन करने से छात्रों के अच्छे अंक आते है। दूसरी बात यह है कि छात्रों को राईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। ताकि साफ सुथना लिखने से भी अच्छे अंक आते है। तथा छात्रों को क्रमबद्ध तरीके से लिखें। सबसे पहले बहुविकल्पीय प्रश्न हल करें तथा उसके बाद अति लघु उत्तरी प्रश्न हल करें तथा उसके बाद लघु उत्ती प्रश्न तथा, उसके बाद लघु उत्तरी प्रश्न हल करें। बाद में दीर्घ उत्तरी प्रश्न हल करें। जो प्रश्न आता है उसे पहले हल करें, जो नहीं आता है उसे कोशिश करने के बाद में हल करें। सभी छात्रों को रटने के बजाय समझने की कोशिश जरुर करनी चाहिए, ताकि सभी प्रश्नों को हल कर सकें, जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हो सकें।


राकेश प्रसाद, प्रवक्ता


राजेन्द्र सिंह, अध्यापक

रस्तोगी इंटर कालेज समाजिक विज्ञान के अध्यापक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में बहुविकल्पीय प्रश्न 20 नम्बर के ऑब्जेक्टिव होते है। जो ओएमआर शीट पर भरने होते है। 50 अंक का पेपर होता है और 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा होती है। 10 नम्बर का टेस्ट और 15 नम्बर की प्रोजेक्ट फाइल तैयार करायी जाती है। फाइल में मानचित्र आदि होते है जिन्हे भरना होता है। जो प्रश्न समझ में नहीं आये, उसे छात्र लिखकर याद करें। चार प्रश्न चार-चार अंक के होते है और चार प्रश्न छह-छह अंकों के होते है।


छात्र- सुबोध कुमार

### स्कूल द्वारा बनवाये गये नोट्स को बार-बार पढ़ना चाहिए: सुबोध कुमार

हाईस्कूल के मेधावी छात्र सुबोध कुमार ने बताया कि नागरिक शास्त्र विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्रों को स्कूल द्वारा बनवाये गये नोट्स को बार-बार पढ़ना चाहिए। जिससे अच्छी तरह से समझ में आ जाये और कुछ समय अपने लेख को सुधारने के लिए अभ्यास करना चाहिए। जिससे हम नागरिक शास्त्र विषय में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते है। प्रश्नों को क्रमबद्ध तरीके से लिखे।


छात्र-अंशु वर्मा

### समाजिक विज्ञान में विभिन्न प्रश्नों की हेडिंग याद करें: अंशु वर्मा

हाईस्कूल में मेधावी रहे छात्र अंशु वर्मा ने बताया कि समाजिक विज्ञान में खण्ड (अ) में जो प्रश्न आते है उन्हें ध्यान से पढ़े और फिर लिखे। फ्रांस की क्रांति का तात्कालिक कारण, रुस की क्रांति, धुरवा एवं भतरा के आदिवासी, प्रथम विश्वयुद्ध, चाकलेट में प्रयोग होने वाला तेल, भारतीय संविधान, मत्स्य पालन, पूंजीवादी और समाजवादी विचारधारा, लोकसभा आदि प्रश्न याद करें।

# आशा वर्कर ने समस्याओं को लेकर दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सीएमओ कार्यालय में धरना देती आशायें

आशा वर्कर ने समस्याओं को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना दिया और कहा कि जिस कार्य के लिए हमें लगाया गया है, उस कार्य के अलावा अन्य कार्यों के लिए दबाव न बनाया जाये, क्योंकि किसी अन्य कार्यों का पैसा नहीं लेते है। आशा वर्कर आउचर के अलावा अन्य कार्य करने से इनकार किया और धरना दिया।

आशाओं से 70 वर्ष के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा गया तो हम लोगों ने अपने कार्य क्षेत्र में जाकर बुजुर्गों से बात की तो यह ज्यादा दूर जाने में असमर्थ थे, व उनके पास किराये में खर्च करने के लिए पैसे भी नहीं थे। क्षेत्र की इन समस्याओं को देखते हुए हम लोगों ने अपनी यू0पी0एस0सी0 भोलेपुर में एम0ओ0आई0सी0 से अपने कार्य क्षेत्र में कैम्प लगवाने के लिए कहा तो उन्होने से जबाव दिया कि सी0एम0ओ0 से बात कीजिए। हम आशायें हर एक छोटे बड़े कार्य के लिए क्या सी0एम0ओ0 के पास जायेगे। सीएमओ ने 8 जनवरी को पत्र जारी किया, तब पता चला कि आयुष्मान कार्ड के लिए भी कार्य लिया जा रहा है। भोलेपुर की बार्डआया दीपा त्रिपाठी का अवैध वसूली का आरोप लगाया और कहा कि खुलेआम वसूली की जा रही है। वार्ड आया पर कार्यवाही की मांग की गई। आशाओं की समस्याओं का समाधान हो। समाधान न हुआ तो संगठन 10 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेगा।

# हिन्दू सेना व व्यापार मण्डल करेगा आदित्य कृपागिरी महाराज का स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत आदित्य कृपा गिरी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जय भारती महाराज तथा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन जयकांत वत्स 6 फरवरी को समय 12 बजे दोपहर को पधारेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उनका स्वागत करेगा। फतेहगढ़ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, युवा जिला व्यापार मंडल फर्रुखाबाद व नगर युवा फतेहगढ़ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल चूड़ी वाली गली के पास फतेहगढ़ में स्वागत होगा। बड़ी संख्या में व्यापार मण्डल व अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के लोग भाग लेंगे। यह जानकारी शिवम द्विवेदी व जितेन्द्र अग्रवाल ने दी है।

# घुसपैठ पर अंकुश लगाकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें सुरक्षा एजेंसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ पर पूरी तरह अंकुश लगाने का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का बुधवार को निर्देश दिया। श्री शाह ने यहां जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



उन्होंने कल भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर एक महत्तवपूर्ण समीक्षा बैठक की थी जिसमें थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, और केन्द्रीय गृह सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद का इकोसिस्टम काफी कमजोर हो गया है। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जीरो इंफिल्ट्रेशन का लक्ष्य रखकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ और आतंकवाद पर बेहद सख्ती के साथ और कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, आतंकवादियों के अस्तित्व को जड़ से खत्म करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।श्री शाह ने कहा कि नार्को नेटवर्क से घुसपैठ और आतंकियों को अपनी गतिविधियां चलाने में समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नार्कोटिक्स के व्यापार से प्राप्त पैसे से हो रही टेरर फंडिंग के खिलाफ तत्परता से कार्रवाई करने की ज़रूरत है। श्री शाह ने एजेंसियों से नए आपराधिक कानूनों के मद्देनज़र फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी के पदों में नई नियुक्तियां करने का निर्देश दिया । उन्होंने आतंकवाद-मुक्त जम्मू और कश्मीर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति पर बल दिया। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए तालमेल के साथ काम करना जारी रखने का निर्देश दिया। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य के सभी मानकों में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की।

▸ अमित शाह ने जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

## हर साल 500 दिव्यांग युवतियों को 10 लाख की मदद देगा अदाणी परिवार

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के छोटे बेटे जीत अदाणी की शादी से पहले अदाणी परिवार ने 'मंगल सेवा' की घोषणा की है, जिसके तहत नवविवाहित दिव्यांग महिलाओं को सहायता प्रदान की जाएगी। इसके तहत हर साल 500 दिव्यांग महिलाओं को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। अपनी शादी से ठीक दो दिन पहले जीत अदाणी ने अपने घर पर 21 दिव्यांग नव-दंपतियों से मुलाकात की और इस पहल की शुरुआत की। जीत अदाणी 7 फरवरी 2025 को दिवा शाह से गुजरात के अहमदाबाद में शादी करने जा रहे हैं। बेटे की शादी से पूर्व ÷सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है की अपनी समाजसेवी सोच को गौतम अदाणी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी खुशी जाहिर की। उन्होंने अपनी पोस्ट में बताया कि उनके बेटे जीत और बहू दिवा एक पुण्य संकल्प के साथ अपना सफर शुरू करने जा रहे हैं।

# धरती को बचाने की यात्रा है वाटरशेड यात्रा

एजेंसी

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि वाटरशेड यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि धरती को बचाने की यात्रा है और पानी को बचाने के लिए सरकारों के साथ समाज का सहयोग भी आवश्यक है।



श्री चौहान ने आज यहां वाटरशेड यात्रा का उद्घाटन किया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने परियोजना क्षेत्रों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के वाटरशेड विकास घटक के तहत किए गए वाटरशेड विकास गतिविधियों के बारे में लोगों की भागीदारी बढ़ाने और जागरुकता पैदा करने के लिए एक व्यापक अभियान वाटरशेड यात्रा प्रारंभ किया है। इस दौरान श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है, तो वहीं मिट्टी हमारा अस्तित्व है। जल और मिट्टी दोनों ठीक दशा में न रहें, तो जिंदगी की दशा क्या होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी हैं, वो आने वाले 100 साल की सोचते हैं। आने वाले कल में हमारी पीढ़ियाँ कैसे जीवित रहेंगी, इस बारे में सोचना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पानी आज विश्व का सबसे बड़ा मुद्दा है। घाटों का क्षरण हो रहा है, कई जगह जमीन बंजर हो रही है।प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग मिट्टी और जल संरक्षण के लिए पीएम कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वॉटरशेड विकास घटक की योजना को क्रियान्वित कर रहा है। इस वॉटरशेड के अंतर्गत चेक डेम, बोरी बंधान, मेढ़ बंधान, खेत तालाब जैसी कई संरचनाएं बनाई जाएंगी। ये पानी भी बचाएगा और माटी के क्षरण को रोकेगा। भरा हुआ सतही जल आस पास के बड़े इलाके में भूजल स्तर बढ़ा देगा। इस योजना के साथ सभी जुड़ें। ये काम अकेले सरकार नहीं कर सकती, सरकार के साथ समाज का सहयोग जरूरी है। उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि हर गाँव, किसानों को, पंचायतों, जनप्रतिनिधिओं, गैरसरकारी संगठनों और स्वसहायता समूहों को इससे जोड़ना है। इसके लिए हमने वॉटरशेड यात्रा निकालने का संकल्प लिया है। ये महज यात्रा नहीं, धरती को बचाने की यात्रा है। श्री चौहान ने कहा कि इस यात्रा के दौरान पानी और माटी बचाने के लिए जनजागरण अभियान चलेगा और वॉटरशेड के अंतर्गत पूर्ण किये गए कामों का लोकार्पण होगा, नए कामों का भूमिपूजन होगा। वॉटरशेड महोत्सव मनाया जाएगा। ये वॉटरशेड यात्रा देशभर में जलसंचयन और भूमि संरक्षण को बढ़ावा देगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी दो वर्षों के लिए जनभागीदारी प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान में कराची, लाहौर और रावलपिंडी तथा संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में खेले जाने वाले 8 टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए 12 अंपायर एवं तीन मैच रैफरी के नाम की लिस्ट जारी की गई है।

आईसीसी के अनुसार रिचर्ड केटलबोरो, जो 108 पुरुष एकदिवसीय मैचों के अनुभवी हैं और 2017 में खेले गए, चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अंपायर थे, उन छह अंपायरों में शामिल हैं जो एक बार फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वापसी कर रहे हैं। केटलबोरो के अलावा क्रिस गैफनी, कुमार धर्मसेना, रिचर्ड इलिंगवर्थ, पॉल रीफेल और रॉड टकर, ये अन्य हैं जो 2017 में भी शामिल थे। केटलबोरो और इलिंगवर्थ ने अहमदाबाद में खेले गए आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इनके साथ माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, अहसान रजा, शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, एलेक्स व्हार्फ और जोएल विल्सन भी हैं, जिन्होंने भारत में विश्व कप में अंपायरिंग की थी। डेविड बून, रंजन मदुगले और एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट रैफरी की तीन सदस्यीय टीम में शामिल हैं। बून 2017 के फाइनल में रैफरी थे जबकि पाइक्रॉफ्ट ने भी टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाई थी। सीन ईजी (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक-अंपायर्स एंड रैफरीज) ने कहा कि हमें आगामी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच अधिकारियों के अपने पैनल की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।


## अमेरिकी सीनेट ने की अटॉर्नी जनरल के रूप में पाम बॉन्डी ने नाम की पुष्टि

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने न्याय विभाग (डीओजे) की प्रमुख, नयी अटॉर्नी जनरल के रूप में पाम बॉन्डी ने नाम की पुष्टि पार्टी लाइन के ही साथ जाते हुए मतदान किया है। मंगलवार शाम नामांकन को 54-46 के वोट से मंजूरी दी गई, जिसमें सुश्री बॉन्डी का समर्थन करने में रिपब्लिकन के साथ केवल एक डेमोक्रेटिक सीनेटर शामिल हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नवंबर के अंत में 2011 से 2019 तक फ्लोरिडा की पूर्व अटॉर्नी जनरल बॉन्डी को मैट गेट्ज़ की जगह लेने के लिए नामित किया, जिन्होंने समर्थन की कमी के कारण खुद को विचार से अलग कर लिया था। अमेरिका में काम कर रहे एक गैर-लाभकारी नैतिकता निगरानी समूह अमेरिकन ओवरसाइट के अनुसार फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, सुश्री बॉन्डी ने अफोर्डेबल केयर एक्ट को निरस्त करने की वकालत की।

# प. बंगाल में 2030 तक 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी रिलायंस : मुकेश अंबानी

एजेंसी

**कोलकाता/नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियों का सृजन होगा।



मुकेश अंबानी ने यहां 8वें बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि रिलायंस पश्चिम बंगाल में 2030 तक 50 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश करेगी। बंगाल में हमारा निवेश केवल वित्तीय नहीं है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह भावनात्मक निवेश है। बंगाल में निजी क्षेत्र के अग्रणी नियोक्ताओं में से एक के रूप में आज मेरे पास संभावित निवेशकों के लिए एक सिफारिश और एक अपील है, जो आज यहां मौजूद हैं और जो नहीं हैं। मुकेश अंबानी ने कहा कि सबसे पहले मैं बंगाल की अधिष्ठात्री देवी माँ काली की पूजा करता हूं। बंगाल की पवित्र भूमि के सभी महान बेटों और बेटियों को श्रद्धांजलि देना भी मेरा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद से लेकर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर तक बंकिम चंद्र चटर्जी से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस तक, सत्यजीत रे से लेकर हेमंत मुखर्जी तक, बंगाल ने अध्यात्म, साहित्य, कला, संस्कृति और निश्चित रूप से देशभक्ति के क्षेत्र में महान नेताओं को जन्म दिया है। बंगाल हमेशा से ही पुनर्जागरण की भूमि रहा है। अब बंगाल अर्थव्यवस्था और व्यापार में भी पुनर्जागरण का गवाह बन रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा कि आमतौर पर माना जाता है कि पश्चिमी राज्य अर्थव्यवस्था और व्यापार में अग्रणी हैं लेकिन यह स्थिति तेजी से बदल रही है। रिलायंस को राज्य में व्यापार करने का एक शानदार अनुभव रहा है। ममता दीदी भारत की सबसे योग्य प्रशासकों में से एक हैं। दीदी के नेतृत्व में, बंगाल में व्यापार समुदाय को रेड-कार्पेट उपचार मिलता है। भरपूर बंगाल आपका स्वागत करता है। रिलायंस प्रमुख ने कहा कि तो, दोस्तों, बंगाल आइए और बंगाल की विकास कहानी में नए और सुंदर अध्याय लिखिए और मुख्यमंत्री ममता दीदी, एक बार फिर मैं आपको आश्वासन देता हूं कि रिलायंस हमेशा एक विश्वसनीय भागीदार रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### आकाश ने पेश किया इनविक्टस-द अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका पाठ्यक्रम अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में फिजिटल लर्निंग और विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेईई एडवांस की सटीक, एआई-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं। एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है। हमें पूरा विश्वास है कि यह सर्वोत्तम है - यदि आप बेहतर सामग्री तैयार कर सकते हैं, तो हम आपको पुरस्कृत करेंगे और हमारी टीम में आपका स्वागत करेंगे।

### बजाज ने शुरू किया फिन्सर्व मल्टी कैप फंड

**मुंबई/पुणे, समृद्धि न्यूज।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की शुरुआत की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉकों में निवेश किया जाएगा। इन्वेस्टर के लिए यह फंड फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर 20 फरवरी 2025 को बंद होगा। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करेगा जो बाज़ार की लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत अप्रयुक्त और कम मूल्यांकित स्टॉकों को पहचानेगा। यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियों में संतुलित रूप से निवेश करेगा जिससे एक विविध बेहतर पोर्टफ़ोलियो को बनाए रखा जा सके। गणेश मोहन, बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कहते हैं, बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड निवेशकों को उपेक्षित संपत्तियों में छुपे मूल्य को भुनाने का एक अद्वितीय अवसर देता है। यह आकर्षक मूल्यों पर अंतर्निहित मूल्य से नीचे उपलब्ध कंपनियों में निवेश करके एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करता है, जो उनके व्यवसाय चक्र के दौरान सभी अवसरों से पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए बाज़ार के सभी क्षेत्रों में लाभ उठाने का लक्ष्य रखता है। मात्र प्रतिफल पर ध्यान देने के स्थान पर हम एक रणनीतिक सोच और अनुशासन के माध्यम से दीर्घकालिक पूँजी निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरिया गांव निवासी अमर नाथ का 26 वर्षीय पुत्र सोनू पटेल बाइक से अपनी बहन गीता देवी को ससुराल लालगंज थाना क्षेत्र के निनवार गांव पहुंचाने जा रहा था की रास्ते में पेट्रोल पंप पर तेल भराने के बाद जैसे ही लालगंज थाना क्षेत्र के महुअट गांव में पहुंचा सामने से आ रहे कार से आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि पीछे बैठी बहन को भी चोटे आई। पुलिस ने घायल भाई बहन को उपचार के लिए मण्डलीय चिकित्सालय भिजवाया जंहा सोनू की हालत गंभीर देखकर चिकित्सको ने वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान युवक की बुधवार की सुबह मौत हो गई। वंही घायल गीता देवी की हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत युवक दो भईयों में छोटा था और अविवाहित था। बेटे की मौत की खबर पाकर माँ सीता देवी रोते रोते सुध बुध खो बैठी है।

### किसान दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**(मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** किसान दिवस का आयोजन सीडीओ विशाल कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बाबा साहेब के संविधान की रक्षा का संकल्प



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मिर्जापुर में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन पंचायत अभियान की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम 2027 विधानसभा चुनाव तक अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिये संकल्प भी लिया गया।

चुनार विधानसभा के शेरपुर भभुआर, मझवां विधानसभा के दाढ़ीराम द्वितीय, मड़िहान विधानसभा के हिनौता, छानबे विधानसभा के बनवारी, सदर विधानसभा के सेमरा आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक उन्माद फैलाकर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का आरक्षण समाप्त कर रही है और सरकारी नौकरियों में आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दे रही है। विधानसभा अध्यक्ष चुनार राणा प्रताप सिंह ने कहा कि घर-घर जाकर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रभुत्ववादी ताकतें हमेशा बाबा साहेब के विरोध में रहीं और उनका अपमान करती रहीं, जबकि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से शोषण और नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच को रोकने का काम किया।

इस मौके पर जगह-जगह आयोजित पीडीए जनचर्चा जन पंचायत में जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, संतोष गोयल, परवीन बानो, वन्दना पटेल, सपा ब्लाक अध्यक्ष दिनेश यादव, सूर्यकान्त सिंह पटेल, धर्मेन्द्र सिंह पटेल, जैन कुशवाहा, वहीं मझवां विधानसभा में आयोजित पीडीए जन पंचायत में प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव, शैलेष पटेल, मुकुन्द यादव, सुशील सिंह, हरिशंकर यादव, सत्यप्रकाश यादव आदि मौजूद रहें।

## ई रिक्शा के धक्के से किशोरी घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव के पास सडक पर खडी 17 वर्षीय किशोरी को ई रिक्शा ने टक्कर मार दिया। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई है। नदौली गांव निवासी बाबू लाल की 17 वर्षीय पुत्री चंदा क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी अपने नाना हरिशंकर के यंहा रहकर पढ़ाई करती है। मंगलवार की रात्रि बेदउर गांव निवासी बऊ कोरी अपना ई रिक्शा लेकर गांव की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर खड़ी किशोरी को टक्कर मार दिया। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुँचे रिश्तेदार एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने किशोरी का उपचार किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया की ई रिक्शा की टक्कर से किशोरी घायल होकर एम्बुलेंस से आयी थी की किशोरी के सिर व पैर में चोट लगी थी। उपचार किया जा रहा है।

# रेल संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम का समापन

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में रेल महोत्सव 2025 राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। यह त्रिदिवसीय महोत्सव 1, 2 और 4 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध रेल विरासत का प्रचार व प्रसार तथा कला व संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

इस महोत्सव का उद्घाटन अरुणा नायर, सचिव, रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2025 को संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया था तथा बुधवार को मुख्य अतिथि रूपा श्रीनिवासन, सदस्य वित्त, रेलवे बोर्ड, अरुणा नायर, सचिव, रेलवे बोर्ड और दिनेश कुमार गोयल, निदेशक, राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की गरिमामयी उपस्थति में त्रिदिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। समारोह में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।



इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण 1909 मे निर्मित पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे रहा जिसका संचालन किया गया जो राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के पास चालू अवस्था में संरक्षित स्टीम मोनो रेल लोकोमोटिव हैं। महोत्सव में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वेदिका द्वारा शिव स्त्रोतम का गायन, श्रिया महापात्रा द्वारा ओडिसी नृत्य प्रदर्शन, राहुल खन्ना व समूह द्वारा किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के सौजन्य से आयोजित टेल्स फ्रॉम द ट्रैक्स, शोभा द्वारा कथक नृत्य प्रदर्शन किया गया।

# राष्ट्रीय खेल : सुरुचि ने जीता स्वर्ण, 50 मीटर राइफल तीन पोजीशन्स के फाइनलिस्ट तय

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** त्रिशूल शूटिंग रेंज में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के शूटिंग मुकाबलों में देशभर के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुए मुकाबलों में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फ़ाइनल और 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड प्रमुख आकर्षण रहे।

इस स्पर्धा में हरियाणा की सुरुचि ने 245.7 अंकों के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके राज्य की ही पलक ने 243.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि पंजाब की सिमरनप्रीत कौर ब्रार ने 218.8 अंकों के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में 33 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई।

मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 598 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा सर्विसेज के चैन सिंह (594), नीरज कुमार (591), निशान बुढ़ा (589), महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसाले (588), उत्तर प्रदेश के अखिल श्योराण (587), मध्य प्रदेश के गोल्डी गुर्जर (587) और सर्विसेज के गंगा सिंह (587) भी फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा, जहां शीर्ष आठ निशानेबाज पदकों के लिए जोरदार मुकाबला करेंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों में निशानेबाजों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का

## 38वें राष्ट्रीय खेल : योगासन स्पर्धा में पश्चिम बंगाल ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की योगासन स्पर्धा मंगलवार को संपन्न हो गई। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 22 राज्यों से 171 खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न योगासन विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगासन स्पर्धा में पश्चिम बंगाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तराखंड ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान सुनिश्चित किया।

**मुख्य प्रतियोगिता परिणाम** : पारंपरिक योगासन (पुरुष)ः शुभम देबनाथ (गोवा) - स्वर्ण, विशाल द्विवेदी (उत्तराखंड) - रजत, दीपक यादव (उत्तराखंड) व भारत रमा गौड़ा (कर्नाटक) - कांस्य।

रिदमिक योगासन जोड़ी (महिला)ः सर्बश्री मोंडल और सथी मोंडल (पश्चिम बंगाल) - स्वर्ण, सुहानी गिरिपुंजे व रचना अंबुलकर (महाराष्ट्र) - रजत, देवी और भतेरी (हरियाणा) - कांस्य।

**रिदमिक योगासन (पुरुष)** : देव और अभय मिश्रा (चंडीगढ़) - स्वर्ण, धर्मतेजा के.ए. व अबिनेश कुमार बी (तमिलनाडु) - रजत, शशांक शर्मा व प्रियांशु (उत्तराखंड) - कांस्य।

**आर्टिस्टिक योगासन सिंगल (महिला)** : शिल्पा दास (पश्चिम बंगाल) - स्वर्ण, देवी (हरियाणा) व साक्षी कुमारी (बिहार) - संयुक्त रजत, वैष्णवी सरवनकुमार (तमिलनाडु) व अल्का कुमारी (पंजाब) - संयुक्त कांस्य।

**आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप (पुरुष)** : उत्तराखंड - स्वर्ण, हरियाणा - रजत, महाराष्ट्र और राजस्थान - संयुक्त कांस्य।

**आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप (महिला)** : महाराष्ट्र - स्वर्ण, हरियाणा - रजत, उत्तर प्रदेश - कांस्य।

### योगासन को मिलेगा नया आयाम

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, अल्मोड़ा में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता ने साबित कर दिया कि संकल्प से शिखर तक पहुंचा जा सकता है। जल्द ही योगासन को एशियाई खेलों में भी शामिल किया जाएगा, जिससे इस विधा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। उत्तराखंड की सफल मेजबानी से यह स्पष्ट हो गया कि राज्य राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिताओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। खिलाड़ियों आयोजकों के उत्कृष्ट प्रयासों ने भारत को योगासन को अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर स्थापित करने के लिए तैयार कर दिया है।

## कर्नाटक पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार

**देहरादून।** राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में कर्नाटक शीर्ष पर बरकरार है। कर्नाटक ने अब तक कुल 53 पदक जीते हैं, जिनमें 28 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। सर्विसेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 10 रजत और 9 कांस्य पदकों के साथ कुल 40 पदक जीते और दूसरा स्थान बरकरार रखा। महाराष्ट्र ने अब तक 16 स्वर्ण, 33 रजत और 27 कांस्य पदकों के साथ कुल 76 पदक जीते हैं। हालांकि, स्वर्ण पदकों की संख्या कम होने के कारण यह तीसरे स्थान पर है। तमिलनाडु 11 स्वर्ण, 16 रजत और 16 कांस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि मणिपुर ने 11 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य पदकों के साथ पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई है। हरियाणा ने 7 स्वर्ण, 13 रजत और 19 कांस्य के साथ कुल 39 पदक जीते हैं। वहीं, दिल्ली ने 7 स्वर्ण, 10 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ कुल 24 पदक अपने नाम किए। पंजाब ने 6 स्वर्ण, 7 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ 25 पदक जीते हैं। मेजबान राज्य उत्तराखंड अब तक 3 स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदकों के साथ 26 पदक जीत चुका है, लेकिन वह 15वें स्थान पर है। 38वें राष्ट्रीय खेल में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

# बिजली कर्मियों का निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज




**मिर्जापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद में बिजली कर्मचारियों ने जिला संयोजक ई0 दीपक सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर नेतृत्व कर रहे ई0 दीपक सिंह ने कहा कि यदि ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने का टेंडर निरस्त न किया गया तो अगले सप्ताह आन्दोलन को और व्यापक किया जायेगा।

संविदा कर्मियों को निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करने हेतु बड़े पैमाने पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबन्धन की योजना के तहत संविदा का कांट्रेक्ट समाप्त होने पर हर जगह 20 प्रतिशत छंटनी करने का आदेश है। इस तरह एक साल में ही संविदा कर्मियों की संख्या 40 प्रतिशत तक घटा दी जाएगी।संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 15236 नियमित और 27000 संविदा कर्मी हैं। इसी प्रकार दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 8582 नियमित कर्मचारी हैं और 23000 संविदा कर्मी हैं। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 853 अभियन्ता और 1241 जूनियर इंजीनियर, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 666 अभियन्ता और 913 जूनियर इंजीनियर कार्य कर रहे हैं। निजीकरण के बाद अन्य कर्मचारियों के 23818 पद समाप्त हो जाएंगे। जूनियर इंजीनियर संवर्ग के 2154 पद समाप्त हो जाएंगे और अभियन्ता संवर्ग के 1519 पद समाप्त होने जा रहे है। कहा कि निजीकरण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रबंधन ने नियमित कर्मचारियों जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं को बड़े पैमाने पर जबरिया सेवा निवृत्ति देने की योजना बनाई है। उन्होने चेतावनी दी कि कर्मचारियों के बीच भय का वातावरण बनाकर निजीकरण करने की योजना कामयाब नहीं होने दी जाएगी। संघर्ष समिति व्यापक आन्दोलन की तैयारी कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के सरसों सेमरी के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के लिए जुट गई है। जिला सोनभद्र के चोपन थाना अंतर्गत बर्दिया गांव निवासी सुनील पुत्र वंशी 35 वर्ष एवं ओमप्रकाश पुत्र केदार 32 वर्ष दोनों चचेरे भाई हैं। मजदूरी करने के लिए दोनों चुनार में गए थे। कई दिनों वहां रहने के बाद काम न मिलने और पैसा न रहने के कारण दोनों ट्रेन की पटरी पड़कर लूसा की तरफआ रहे थे। इसी बीच सरसों स्टेशन से थोड़ी दूर पर ट्रेन की चपेट में आ गए और दोनों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक अस्पताल राजगढ़ भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने भी उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। घटना बुधवार की भोर की बताई जा रही है। पहले पुलिस इन्हें अज्ञात मान रही थी। लेकिन कुछ देर बाद जब अंधेरा साफहुआ तो सुनील का मोबाइल मिला उसी से पुलिस ने उनका पता मालूम किया और उनके परिजनों को सूचना दी। उपनिरीक्षक रामकिशोर यादव ने बताया कि दो मजदूरों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। उनके परिवार वाले आ गए हैं पुलिस विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है।